CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 22°C

देहरादून, बुधवार 6 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 364 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 11 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिमी-पूर्वी उप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

पेज 2



हर कप्तान चाहता है सिराज जैसा गेंदबाजः गिल

खेल टाइम्स



अपनी स्पष्टवादिता के लिए याद रहेंगे सत्यपाल मलिक

सम्पादकीय



भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहींः ट्रम्प

पेज 12

# उत्तराखंड में धराली समेत तीन जगह बादल फटा ,गांव जमींदोज, चार की मौत

## पहाड़ से पानी और मलबा आया, 34 सेकंड में घर, होटल मलबे में दबे, 50 से ज्यादा लापता

## बाढ़ से हर्षिल हेलीपैड में पानी भरा, सेना के 8 से 10 जवान लापता, सेना के जवान बचाव कार्य में जुटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से खीर गंगा गांव बह गया है। घटना मंगलवार दोपहर 1.45 बजे की है। घटना के कई वीडियो और फोटोज सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि पहाड़ी से बारिश का पानी और मलबा आया और 34 सेकंड में पूरा गांव बहा ले गया। उत्तरकाशी के डीएम प्रशांत आर्या ने बताया कि अब तक चार लोगों की मौत की खबर मिली है। 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई लोगों के दबे होने की खबर है।

धराली गांव देहरादून से 218 किमी और गंगोत्री धाम से 10 किमी दूर है। रेस्क्यू टीम एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के साथ आर्मी भी मौके पर पहुंच गई है। पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकानें ध्वस्त हो चुकी हैं। यहां पिछले 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है। सीएम धामी ने कहा कि हम हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। उत्तरकाशी में पिछले 2 दिनों से बारिश हो रही है, इस दौरान मंगलवार सुबह बादल फटा और धराली गांव की ओर मलबा आया। नदी में मलबे की वजह से ओवरफ्लो हो गया और मलबा और पानी बाहर निकल गया। पूरा धराली गांव मलबे के नीचे दबने से तबाह हो गया है। उत्तरकाशी प्रशासन ने बताया कि धराली के अलावा हर्षिल और सुक्की में बादल फटा है। फिलहाल इस घटना को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। धराली के खीर गंगा में आई बाढ़ से हर्षिल हेलीपैड के क्षेत्र में जलभराव हो गया है। उत्तरकाशी के निचले हिस्सों में बाढ़ का खतरा बन सकता है। एसडीआरएफ कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि एसडीआरएफ टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। बाढ़ के पानी के साथ काफी तादाद में मलबा आ गया है। भारतीय सेना, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और पुलिस की टीमें साथ मिलकर समन्वय -**शेष पृष्ठ दो पर**



### प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने की त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रभावित लोगों के कुशलक्षेम की कामना भी की है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरतमंदों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है। राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। श्री शाह ने कहा है कि उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली है।

### विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर: मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। सांसदों ने 'हर-हर महादेव', 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम ने सांसदों को अपने संबोधन में कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की। इसमें उनकी ही फजीहत हुई। विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराए, हम इस फील्ड में माहिर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में वोटर्स लिस्ट रिविजन के मुद्दे पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। देश की जनता सब देख रही है।

### शाह सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बने

**नई दिल्ली।** अमित शाह मंगलवार को भारत के सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। वे 2,258 दिनों से पद पर हैं। शाह ने 30 मई, 2019 को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री का कार्यभार संभाला था। शाह ने गृह मंत्री का पहला कार्यकाल 9 जून 2024 को पूरा किया था। 10 जून, 2024 को वे फिर से गृह मंत्री बने और तब से इस पद पर हैं। गृह मंत्रालय के अलावा, वे देश के पहले सहकारिता मंत्री भी हैं। इससे पहले शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गुजरात के गृह मंत्री रह चुके हैं।

### लालकिले में डमी बम डिटेक्ट नहीं कर पाए सात पुलिसकर्मी नपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी एक डमी बम का पता नहीं लगा पाए। इसके बाद कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। घटना 2 अगस्त की है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर पुलिस रोजाना अभ्यास करती है। स्पेशल सेल की एक टीम शनिवार को सादे कपड़ों में मॉक ड्रिल के लिए पहुंची थी। वे अपने साथ एक नकली बम लेकर लालकिले में दाखिल हुए। उस समय, लालकिले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बम डिटेक्ट नहीं कर सके। पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर नलंबित कर दिया गया है।

### कुबेरेश्वर धाम में भगदड़, दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले स्थित कुबेरेश्वर धाम मेंरुद्राक्ष वितरण के दौरान भारी भीड़ के कारण कथित तौर पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई और 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि ठहरने और दर्शन की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। यहां आने वाले श्रद्धालु प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं।

### गोवा विधानसभा में एसटी को मिलेगा आरक्षण, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया। आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है। 2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 व एसटी की आबादी 1,49,275 थी। इसके बावजूद, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है। बिल का मकसद इस असमानता को दूर करना है, ताकि एसटी समुदाय को भी संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ मिल सके। यह बिल पिछले साल यानी 6 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन अब जाकर पारित हुआ है। यह संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा द्वारा पारित किया गया पहला बिल है।

## संसद में मिलकर उठाएंगे जनता के मुद्दे: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की संसद भवन परिसर में बैठक हुई जिसमें मिलकर जनता के मुद्दों को उठाने पर चर्चा की गई।

बैठक में एक न्यायाधीश की श्री गांधी पर की गई टिप्पणी पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीमाओं की रक्षा का मामला भी उठा और कहा गया कि सरकार देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में विफल रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि आज संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की मौजूदगी में इंडिया गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुआ। हम मिलकर जनता के हक़ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदन में आवाज़ उठाते रहेंगे। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने बैठक में उठाए गए मुद्दों की जानकारी दी।



## जज तय नहीं करेंगे कौन सच्चा भारतीय: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में कहा कि माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है।

उन्होंने कहा कि सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है। मेरा भाई कभी भी सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है। भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया। दरअसल, प्रियंका का ये जवाब सुप्रीम कोर्ट के राहुल के सच्चे भारतीय होने पर उठाए सवाल पर आया। 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी।



■ **कहा: सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य**

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

### 79 की आयु में बीमारी के चलते आरएमएल में ली अंतिम सांस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और मशहूर किसान नेता सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

सोशल मीडिया एक्स पर दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें गत 11 मई को अस्पताल में संक्रमण की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। किडनी की समस्या के कारण उनकी अस्पताल में डायलिसिस की जाती थी। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि श्री सत्यपाल मलिक जी के निधन से दुखी हूं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओमशांति। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने शोक संदेश में कहा कि लोग उन्हें हमेशा ऐसे इंसान के रूप में याद रखेंगे, तो आखिरी वक्त तक बिना डरे सच बोलते रहे और जनता के हितों की बात करते रहे। र मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि वे बेबाकी और निडरता से सत्ता को सच्चाई का आइना दिखाते रहे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शोक व्यक्त किया।



■ **पीएम मोदी व राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने जताया दुख**

## वायुसेना व नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों का दिया बड़ा ऑर्डर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने अहम भूमिका निभाई थी। अब खबर आई है कि भारतीय वायुसेना और नौसेना ब्रह्मोस मिसाइलों का एक बड़ा ऑर्डर देने जा रही हैं। ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया था।

एक शीर्ष रक्षा विशेषज्ञ ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि रक्षा मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय बैठक जल्द होगी, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्मोस मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दी जाएगी। ये खरीद भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों और भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए की जाएगी। ब्रह्मोस एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है जिसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह से प्रक्षेपित (लॉन्च) किया जा सकता है। ब्रह्मोस को डीआरडीओ, भारत और रूस के एनपीओएम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। नौसेना अपने वीर-क्लास युद्धक जहाजों में ब्रह्मोस मिसाइलों का इस्तेमाल करेगी। वहीं वायुसेना अपने लड़ाकू जहाज एसयू-30 एमकेआई के बेड़े में इन खतरनाक मिसाइलों को तैनात करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल, ड्रोन्स और खासकर ब्रह्मोस मिसाइल ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया। बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के छद्म संगठन टीआरएफ ने ली थी। हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 7 मई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी। भारत की कार्रवाई में प्रमुख तौर पर ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। जिसने बेहद सटीकता से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पाकिस्तान ने कायराना हरकत करते हुए भारत में नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। हालांकि भारत के एयर डिफेंस के सामने उसकी एक न चली।



■ **पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने निभाई थी अहम भूमिका**

## 1971 के अखबार से भारतीय सेना का अमेरिका पर निशाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने मंगलवार को 1971 के एक अखबार की कटिंग शेयर कर अमेरिका पर निशाना साधा है। इसमें दिखाया गया है कि 1971 के युद्ध की तैयारी में अमेरिका पाकिस्तान को हथियार दे रहा था। सेना की ईस्टर्न कमान ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस दिन, उस साल, युद्ध की तैयारी पांच अगस्त 1971, फैक्ट जानें।

1954 से अब तक (1971) पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार भेजे गए। इंडियन आर्मी का ये पोस्ट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी के एक दिन बाद आया है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। पांच अगस्त 1971 का अखबार, जिसे भारतीय सेना ने मंगलवार को शेयर किया है।

■ **कहा-अमेरिका ने युद्ध के लिए पाकिस्तान को हथियार दिए, कल ट्रम्प ने धमकी दी थी**

## संक्षिप्त समाचार

### समर्थ पोर्टल के जरिये होंगे एमबीबीएस बीडीएस के दाखिले

**लखनऊ।** नीट यूजी 2025 के तहत एमबीबीएस और बीडीएस में पहले चरण की च्वाइस फीलिंग के बाद दाखिले के इच्छुक छात्रों के प्रवेश समर्थ पोर्टल के जरिए होंगे। सरकार की मंशा केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। इस बाबत किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. वीरेंद्र आतम की ओर से आदेश जारी किया गया है। समर्थ को लागू करने के पीछे सरकार की मंशा है कि पोर्टल के जरिए होने से पूरा डेटा संग्रहित रहेगा। जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। इसको देखते हुए सरकार ने 2025-26 से समर्थ पोर्टल को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में जैसे बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों के प्रवेश ज्यादातर विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही हो रहे हैं। उसी तरह से अब मेडिकल के दाखिले भी पोर्टल पर होने हैं। इसके लिए नीट काउंसिलिंग के माध्यम से केजीएमयू में मौका पाने वाले अभ्यर्थियों को खुद को समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा।

### विदेशी नागरिक से धोखाधड़ी में दो साल की कैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक जिला अदालत ने एक विदेशी नागरिक से जमीन बेचने को लेकर की गई 34 लाख रुपए की ठगी के 12 साल पुराने मामले में दो भाइयों को दो साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने श्रीनगर के अबी-करपोरा निवासी दो भाइयों मुख्तार अहमद गुरु और नज़ीर अहमद गुरु को आरपीसी की धारा 420 और 109-बी के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का दोषी पाया।

# स्वदेशी अपनाना आज की सबसे बड़ी जरूरत

## वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुईः योगी

**अलीगढ़, वार्ता**



■ हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा, तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा

स्वदेशी को देश की जरुरत बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई है।

योगी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज स्वदेशी अपनाना हम सब लोगों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा, तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। मंगलवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में 958 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन अगर हमारा यह पैसा विदेशी हाथों में जाएगा तो आतंकवाद के रूप में धर्मांतरण के रूप में अव्यवस्था के रूप में विस्फोट के रूप में भारत को अस्थिर करने के लिए भारत के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाएगा। योगी ने आने वाले सभी त्योहारों पर लोगों से अपने स्वजनों को स्वदेशी उत्पादों को गिफ्ट के रूप में देने की अपील की। समारोह में योगी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, टैबलेट, आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट, माखन और खिलौने भेंट किए। योगी ने अलीगढ़ को 957 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उपहार देते हुए कहा कि रक्षाबंधन के ठीक पहले अलीगढ़ को यह विकास का तोहफा समर्पित है। इन परियोजनाओं में पेयजल पुनर्गठन योजना, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अतरौली से रेलवे स्टेशन मार्ग का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण, अतरौली में डिग्री कॉलेज और 900 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का लोकार्पण शामिल है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जो अलीगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं अलीगढ़ को एक नई पहचान देंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगी। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया।

# केन्द्र पर संविधान-लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप

**श्रीनगर, वार्ता**

■ अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-पीडीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को कश्मीर के प्रमुख राजनीतिक दलों ने केंद्र पर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने इसका जश्न मनाते हुए तिरंगा रैली निकाली।

पांच अगस्त-2019 को भाजपा नीत केंद्र सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस ने श्रीनगर में अलग-अलग प्रदर्शन किए तथा आज के दिन को 'संवैधानिक विश्वासघात' और जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाने का प्रतीक बताया। दोनों ही पार्टियों के विरोध प्रदर्शन हालांकि अपने-अपने पार्टी मुख्यालयों तक ही सीमित रहे। पुलिस ने दोनों पार्टी के नेताओं को लाल चौक की ओर मार्च करने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर जाने से रोकने के लिए कार्यालयों के आसपास पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भारी तैनाती की गयी थी। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने संवाददाताओं से कहा कि लगभग 100-150 पार्टी कार्यकर्ता और नेता यहां विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे और कार्यालय के प्रवेशद्वार के बाहर हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात थे। यह अपने आप में जम्मू-कश्मीर की कहानी बयां करता है। बाद में सुश्री मुफ्ती ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पांच अगस्त न केवल जम्मू कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक काला दिन है। इस दिन संविधान को विदेशी हाथों से नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के केंद्र में क्रूर बहुमत के जरिए नष्ट किया गया था। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे का असंवैधानिक हनन अंत नहीं था, बल्कि संवैधानिक मूल्यों पर एक व्यापक हमले की शुरुआत थी।

# अंबेडकरवादी सिद्धांत पर चलने वाला दल है बसपा

**लखनऊ, वार्ता**



■ कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने में लगेः मायावती

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने साफ किया है कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी अथवा कांग्रेस जैसे दलों से अलग अंबेडकरवादी सिद्धांत और नीति पर चलने वाली है।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए उन्हें कहना है कि बसपा ना तो बीजेपी के एनडीए गठबंधन के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है तथा ना ही अन्य किसी और भी फ्रन्ट के साथ है। बल्कि इन दोनों व अन्य और किसी भी जातिवादी गठबंधनों से अलग अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद खासकर दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी तथा इन वर्गों के प्रति जातिवादी मानसिकता रखने वाले कुछ मीडिया बसपा की इमेज को बीच-बीच में धूमिल करने व राजनीतिक नुक़सान पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं, जिसको लेकर पार्टी को लगातार अपने लोगों को इनसे सतर्क करते रहने की ज़रूरत पड़ती रहती है।

## यूपी के अधिकांश जिले बाढ़ और बारिश की चपेट में

# पश्चिमी-पूर्वी उप्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अगले 24-36 घंटों तक बिना किसी खास बदलाव के बारिश जारी रहने की उम्मीद

■ वाराणसी में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गंगा खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिले इस समय बाढ़ और बारिश की चपेट में हैं। बाढ़ की वजह से पूर्वांचल के कई गांव जलमग्न हो चुके हैं। प्रशासन लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटा है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भारी बारिश हो रही है और अगले 24-36 घंटों तक बिना किसी खास बदलाव के जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट और पूर्वी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दोनों के लिए अगले 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग के एक अधिकारी मुताबिक मानसून की रेखा अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई है और लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, शामली आदि से होकर गुज़र रही है। बिहार से सटे राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर बना एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र भारी बारिश में योगदान दे रहा है। गौरतलब है कि मौसम के कहर का असर खास तौर पर कानपुर, लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में दिखाई दिया, जहां सड़कें नालों में बदल गईं और एहतियात बरतना ज़रूरी हो गया। बारिश ने गाजीपुर में रात भर जमकर कहर बरपाया, जिससे सड़कें नालों में बदल गईं। तस्वीरों में वाहन आधे डूबे हुए और निवासी छाती तक गहरे पानी में तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### अब तक 16 लोगों की मौत, सवा लाख से अधिक प्रभावित

**लखनऊ।** गंगा, यमुना, घाघरा, राप्ती, शारदा और रामगंगा सहित प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक प्रदेश में कुल 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें डूबने, करंट लगने, सर्पदंश और दीवार गिरने की घटनाएं प्रमुख हैं। सरकारी रिपोर्टों और विभिन्न समाचार माध्यमों के अनुसार, राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर लगभग 1 लाख 72 हजार हो चुकी है। इनमें से लगभग 47 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। राज्य सरकार ने कुल 905 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जिनमें भोजन, चिकित्सा और अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, औरैया, कानपुर, लखनऊ, आगरा, एटा, हमीरपुर, कानपुर देहात, गाज़ियाबाद और जालौन जैसे जिले सर्वाधिक प्रभावित बताए जा रहे हैं। इन जिलों में कई स्थानों पर घरों में पानी भर गया है, सड़कें जलमग्न हैं और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण घाटों को बंद कर दिया गया है।



संसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 99759
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 111508
प्रति किलो



# घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही

**मुंबई, वार्ता**



भारत पर आयात शुल्क और बढ़ाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 308.47 अंक यानी 0.38 प्रतिशत टूटकर 80,710.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.20 अंक (0.30 प्रतिशत) फिसलकर 24,649.55 अंक पर बंद हुआ। ट्रम्प ने सोमवार को धमकी दी थी कि भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात नहीं रोका तो अमेरिका आयात शुल्क और बढ़ा देगा। अमेरिका ने 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया है। इसके बाद आज तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के शेयर सबसे ज्यादा दबाव में रहे। एफएमसीजी, सूचना प्रौद्योगिकी और फार्मा क्षेत्र की कंपनियां भी दबाव में रहीं। रियलिटी और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के सूचकांक भी लुढ़क गए। बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स करीब 72 अंक टूटकर 80,946.43 अंक पर खुला। यह ऊपर 81,010.49 अंक और नीचे 80,554.40 अंक को छूने के बाद अंत में 80,710.25 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी.50 भी 2.50 अंक की मामूली गिरावट में 24,720.25 अंक पर खुला। इसका दिन का उच्चतम स्तर 24,733.10 अंक और निचला स्तर 24,590.30 अंक रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में तिमाही परिणामों की घोषणा के बाद अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.38 फीसदी लुढ़क गया। एकल आधार पर पहली तिमाही में कंपनी के मुनाफे में 35 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.40 फीसदी, इंफोसिस में 1.39 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.19 नीचे बंद हुए। इटरनल, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और पावरग्रिड में भी गिरावट रही। सेंसेक्स में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मारुति सुजुकी में 1.30 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.22 प्रतिशत और भारती एयरटेल में 0.77 प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.29 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप-50 में 0.58 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में और बढ़ी

**मुंबई।** विदेशों से नए ऑर्डर आने से देश के सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में बढ़ती हुयी 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मासिक आधार पर सेवा क्षेत्र की गतिविधि को आंकने वाला एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबार गतिविधि सूचकांक जून के 60.4 से बढ़कर जुलाई में 60.5 पर पहुंच गया। यह पिछले साल अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। गौरतलब है कि सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और उससे नीचे रहना गिरावट दिखाता है, जबकि 50 का स्तर बताता है कि कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# चार करोड़ डुप्लिकेट रसोई गैस कनेक्शन डिएक्टिवः पुरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



सरकार ने 10 साल में चार करोड़ से ज्यादा डुप्लिकेट, फर्जी या लंबे समय से रिफिल न कराने वाले रसोई गैस (एलपीजी) कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट कर दिया है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि जनवरी 2015 में शुरू की गई 'पहल' योजना से ऐसे कनेक्शनों की पहचान करने में मदद मिली है। अब सभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर ग्राहकों को बिना सब्सिडी के बाजार मूल्य पर दिए जाते हैं और सब्सिडी की रकम सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। यदि किसी कारणवश सब्सिडी की राशि खाते में भेजने में दिक्कत आती है, तो एसएमएस के जरिए उसकी भी सूचना दी जाती है। सरकार लगातार एलपीजी वितरण और सब्सिडी हस्तांतरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय कर रही है। 'पहल' की शुरुआत के बाद से 1 जुलाई 2025 तक 4.08 करोड़ डुप्लिकेट, फेक और निष्क्रिय कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट किया गया है। आधार आधारित सत्यापन, बायोमीट्रिक प्रमाणन और अवैध तथा डुप्लिकेट कनेक्शनों को रोकने से लक्षित सब्सिडी वितरण की प्रणाली मजबूत हुई है। मंत्री ने कहा कि अनुपालना सुनिश्चित करने और अनुचित कामों को रोकने के लिए तेल विपणन कंपनियों के फील्ड अधिकारी एलपीजी वितरकों के यहां नियमित और औचक निरीक्षण करते रहते हैं। इसके अलावा, रीजनल, जोनल तथा डिविजनल कार्यालयों के अधिकारी और मिलावट रोकने वाली इकाई, गुणवत्ता निगरानी करने वाली इकाई और विजिलेंस विभाग के अधिकारी भी वितरकों के गोडाउन, शोरूम, वितरण स्थलों और रास्ते में औचक निरीक्षण करते हैं, ताकि एलपीजी के अवैध इस्तेमाल को रोका जा सके। पुरी ने बताया कि 01 जुलाई 2025 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 67 प्रतिशत लाभार्थियों बायोमीट्रिक आधार प्रमाणन पूरा हो चुका है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

के साथ काम कर रही हैं। कमांडेंट ने यह भी बताया कि धराली काफी भूगर्भीय चुनौती वाली जगह है। वहां राहत बचाव का काम करना बहुत मुश्किल टास्क है। मौसम अभी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, लगातार बारिश हो रही है। रात में बहुत ठंड हो जाती है। इसकी वजह से रेस्क्यू चुनौतीपूर्ण है। धराली उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में एक छोटा सा गांव है, जो गंगोत्री के पास हर्षिल एरिया से सिर्फ 2 किमी आगे ही है। यहां से गंगोत्री धाम 8-10 किलोमीटर दूर है। चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने की वजह से धराली में बहुत सारे होटल, रेस्टोरेंट और होमस्टे हैं। इसकी वजह से बाढ़ में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। धराली गंगा नदी के तट पर बसा हुआ है। यह समुद्र तल से लगभग 2,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और हिमालय की गोद में बसा होने के कारण यह पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आकर्षक स्थल है। भारतीय सेना ने बताया कि मंगलवार दोपहर लगभग 1:45 बजे, हर्षिल स्थित भारतीय सेना शिविर से लगभग 4 किलोमीटर दूर, धराली गांव के पास बादल फटने से लैंडस्लाइड हुआ। निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से 8-10 भारतीय सेना के जवान लापता बताए जा रहे हैं। सेना ने 150 कर्मियों को तैनात किया जो 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए और तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। अब तक 15-20 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है और घायलों को हर्षिल स्थित भारतीय सेना के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। सर्च और रेस्क्यू का काम चल रहा है। फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और भारतीय सेना प्रभावित नागरिकों को हर संभव मदद कर रही है। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट और एसपी दोनों घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। जान-माल के नुकसान की आशंका है। हमने एसडीआरएफ के साथ-साथ एनडीआरएफ को भी भेजा है। हम पहले आकलन कर रहे हैं और जैसे ही हमें नुकसान का स्तर पता चलेगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया कि काफी संपत्ति का नुकसान हुआ है। हताहतों के बारे में अभी कुछ कहना संभव नहीं है। हमारी सेना की टीम, जो हर्षिल में है, मौके पर पहुंच गई है। साथ ही जिलाधिकारी, एसएसपी भी वहां पहुंच रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी वहां भेजा गया है। पहली प्राथमिकता लोगों को बचाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रिय कर दी गई है। एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने कहा कि जैसे ही हमें घटना की जानकारी मिली, हमारी टीम मौके पर पहुंच गई। दो अन्य टीमें भी जल्द ही पहुंचने वाली हैं। राहत और बचाव कार्य समन्वय के साथ किया जा रहा है। आसपास की एनडीआरएफ और सेना की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। हमारे एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय से विशेष उपकरण भेजे जा रहे हैं, जो इस आपदा में उपयोगी हो सकते हैं।

# एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों पर विकास शुल्क बढ़ेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों के लिए विकास शुल्क बढ़ाने की योजना बना रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसको लेकर मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी, जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने और अनंतनगर आवास योजना, आईटी सिटी सहित आगामी आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटित करने के प्रस्ताव पर प्राधिकरण ने बैठक बुलाई थी जिसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि शहीद पथ, किसान पथ और ग्रीन कॉरिडोर के 500 मीटर के दायरे में स्थित संपत्तियों के लिए विशेष सुविधा शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई है। एकत्रित राशि का उपयोग इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधारों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा जेपीएनआईसी के प्रबंधन और एलडीए को नियंत्रण हस्तांतरित करने के लिए एक एजेंसी को मंजूरी देने का मामला भी बैठक में उठा। इसके अलावा, अनंतनगर, आईटी सिटी और कामधेनु नगर सहित आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटन की समीक्षा की गई। बोर्ड में कबीर नगर देवपुर पारा आवास योजना में निर्माणाधीन फ्लैटों को 1बीएचके और 2बीएचके इकाइयों में परिवर्तित करने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। ऐशबाग, बसंत कुंज, गोमती नगर (विराज खंड) और गोमती नगर एक्सटेंशन के सेक्टर-4 में नई समूह आवास योजनाओं पर मंथन किया गया। मूल रूप से टेलीफोन एक्सचेंज, डाकघरों और सबस्टेशनों के लिए निर्धारित भूखंडों के भूमि उपयोग में परिवर्तन का प्रस्ताव किया गया।

### अटल शताब्दी आवासीय योजना को लेकर योगी का जताया आभार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मेरठ शहर में शुरू होने जा रही टाउनशिप योजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल शताब्दी आवासीय योजना करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि लंबे समय से यह एक सपना था जो अब पूरा हुआ है। वाजपेयी ने कहा कि मैने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि आप मेरठ में आवासीय योजना की शुरुआत करने आ रहे हैं। मेरा आग्रह है कि आप इसका नामकरण पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से करें।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तमाम कोशिशें नाकाम, लोगों को आगाह करने के लिए बजाई सीटियां

## जलप्रलय के शोर में दब गई अवाज, जिंदा दफन हुए लोग, चारों तरफ दिखा भयावह मंजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के धराली में आए सैलाब में गांववालों ने लोगों को आगाह करने के लिए लगातार सीटियां बजाई, फिर भी तमाम लोग भरसक कोशिश करने के बाद भी मौत के आगोश में खो गए। कई लोग जिंदगी बचाने के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करते रहे। वीडियो में कई लोग मलबे में दबते दिखे। बचे लोग पहाड़ी पर बैठकर अपने ईष्ट देवी-देवताओं से अपनों की सुरक्षा की प्रार्थना करते रहे।

धराली की खीर गंगा में सैलाब आते ही इसकी सबसे पहले जानकारी सामने स्थित मुखबा गांव के ग्रामीणों को मिली, क्योंकि मुखबा से धराली गांव के ऊपर क्षेत्र की पहाड़ियां दिखती हैं। जैसे ही पहाड़ी से खीर गंगा में पानी के साथ मलबे का गुबार नीचे की तरफ आया। वहां के ग्रामीणों ने धराली के लोगों को आगाह करने के सीटियां बजानी शुरू कीं। उसके बाद कुछ लोग, तो घरों और होटलों से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थानों की तरफ भाग गए थे, लेकिन कुछ लोग खतरे को भांप नहीं पाए और मलबे में दब गए। कई लोग सैलाब से बचने की कोशिश अंतिम दम तक संघर्ष करते रहे। उसके बाद पूरा मलबा बाजार में घुसने के कारण कई लोग होटलों और बगीचों में फंस गए थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हर्षिल पुलिस और सेना ने कई लोगों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं धराली में देर शाम तक खीर गंगा के दूसरी ओर भी लगातार मलबा आने के कारण आवासीय बस्ती के लिए खतरा हो गया है। खीर गंगा में कई बार जलस्तर बढ़ने के कारण वहां पर बाजार और आसपास के क्षेत्रों में नुकसान हुआ था। वहां पर नदी का जलग्रहण क्षेत्र कम होने और तेज ढाल की वजह से पानी तेजी से नीचे की ओर आता है। इसीलिए मंगलवार को बादल फटने के बाद मलबा और पानी तेजी से धराली बाजार तक पहुंचा, जिससे किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। धराली में खीर गंगा में यह पहली बार नहीं हुआ कि उसका जलस्तर बढ़ने के कारण आसपास के क्षेत्र को नुकसान हुआ है। इसके बाद भी स्थानीय लोग नहीं चेते और न ही शासन-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम किए गए। हालांकि वर्ष 2023 में खीर गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण वहां पर कई दिनों तक गंगोत्री हाईवे भी बंद रहा था। साथ ही दुकानों और होटलों को भी नुकसान हुआ था। उसके बाद वहां पर सुरक्षात्मक कार्य तो हुए लेकिन नदी का स्पैन कम होने के कारण वह विनाशकारी आपदा को नहीं रोक पाया। इससे पूर्व वर्ष 2017-18 में भी खीरगंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण होटलों, दुकानों और कई घरों में मलबा घुसा था। उस समय भी आपदा से उभरने में लोगों को करीब एक वर्ष का समय लग गया था। हालांकि उस समय किसी प्रकार की जिंदगी को नुकसान नहीं हुआ था।









### बचाव एवं राहत कार्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सांसद

**उत्तरकाशी।** टिहरी लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने उत्तरकाशी जनपद के धराली में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में हताहत हुई व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों की शीघ्र कुशलता हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कहा कि हम सम्बंधित अधिकारियों, जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। एस डी आर एफ और एन डी आर एफ के अधिकारियों से भी संपर्क किया। उन्हें भी त्वरित कार्यवाही के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को भी मोबाइल टीमों के साथ और अस्पताल में उचित व्यवस्था बनाए रखने के साथ तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमितशाह ने भी फोन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस दुखद घटना पर राहत एवं बचाव कार्य में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### डीएम ने राहत कार्य में दिए तेजी लाने के निर्देश

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने से खीर गंगा में आई बाढ़ से धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। इस प्राकृतिक आपदा में जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। वहीं हर्षिल हैलीपैड के आसपास के क्षेत्र में भी भारी तबाही हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी प्रशांत आर्य तत्काल आपदा कंट्रोल रूम पहुंचे और आईआरएस सिस्टम को सक्रिय किया। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, एम्बुलेंस 108, चिकित्सा दल एवं जिला प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखते हुए तत्काल राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने राहत एवं बचाव कार्य को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश देते हुए राहत शिविर में भोजन आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही एम्बुलेंस,108 व डॉक्टर की टीम यथा समय मौके पर तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही हर्षिल एवं झाला स्वास्थ्य केंद्र में बैड, ऑक्सीजन, दवाई आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही जिला अस्पताल में डॉक्टर को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री धामी ने राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर संचालित करने के दिए निर्देश



**देहरादून।** उत्तरकाशी जनपद के हर्षिल क्षेत्र के धराली गांव में बादल फटने की घटना से हुए जन-धन के नुकसान की सूचना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दु:ख व्यक्त करते हुए प्रभावितों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। सेना, SDRF, NDRF जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित टीमें मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं तथा स्थिति की नियमित जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करते हुए प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री धामी अपना दौरा स्थगित कर तत्काल देहरादून के लिए रवाना हो गए हैं।

### गृहमंत्री ने बादल फटने की घटना पर जताया गहरा शोक

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने इस आपदा में जन-धन की हानि पर संवेदना व्यक्त की है और प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताई है। अमित शाह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा राज्य सरकार को हर संभव केंद्रीय सहायता का आश्वासन दिया। गृह मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ एवं अन्य राहत एजेंसियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं और केंद्र सरकार की ओर से प्रभावित क्षेत्र में तत्काल एवं आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा रही है।



### उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने की घटना पर डॉ. रावत ने जताया दु:ख

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से घटना की जानकारी लेकर आपदाग्रस्त क्षेत्र में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. रावत ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। उन्होंने उत्तरकाशी, टिहरी एवं देहरादून के जिला अस्पतालों के साथ ही दून मेडिकल कालेज व एम्स ऋषिकेश को अलर्ट पर रहने को कहा। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपदा में घायल लोगों के उपचार के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है।

### डॉ. नरेश बंसल ने उत्तरकाशी की घटना पर जताया दुख

**देहरादून।** राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ है। प्रधानसेवक नरेंद्र भाई मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे राहत एवं बचाव कार्यों के लिए शासन, प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरफ जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं और स्थिति की गहन निगरानी की जा रही है। जिनका भी नुकसान हुआ है उनके लिए गहरी संवेदनाए व्यक्त करते हुए ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूँ।

### बारिश में मलबा आने से बागेश्वर में कई सड़कें बंद

**बागेश्वर।** जिले में लगातार तीन दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है। मौसम की चेतावनी को देखते हुए मंगलवार को भी कक्षा एक से 12 तक के स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे।

जिले में बारिश का असर सबसे ज्यादा सड़कों पर दिख रहा है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बंद सड़कों में हरसीला-सीमा, भानी-हरसिंग्याबगड़, कपकोट-कर्मी, बिजोरीझाल- ओखल्सों, कपकोट-पिंडारी, चीराबगड़-पाथिंग, खड़लेख- भनार, चेटाबगड़, सूपी-झूनी मोटर मार्ग मलबा आने से बंद रहे। जिन्हें खोलने का काम चल रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि बारिश से काफलीगैर तहसील के कभड़ा निवासी तेज सिंह तथा कपकोट तहसील के नान पल्याली निवासी पनी राम का आंगन ध्वस्त हो गया है। इससे मकान को खतरा हो गया है। 11 बंद मार्ग में से छह खोल दिए हैं अब पांच में खोलने का काम चल रहा है।

इधर विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। विधायक गड़िया ने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त व अवरुद्ध पोथिंग-चीराबगड़ मोटर मार्ग का विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। विभाग को जल्द मार्ग खोलने के निर्देश दिए। यात्रियों व स्थानीय लोगों के आवागमन और दैनिक उपयोग की सामग्रियों की आपूर्ति हेतु तत्काल वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करने को कहा। अधिकारियों से आपदा के दौरान हुए नुकसान व मरम्मत कार्यों को जनहित के लिए तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए एवं मरम्मत कार्यों के आगणन गठित करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, उप जिलाधिकारी अनिल रावत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित पटेल, पीएमजीएवाई अम्बरीश रावत, थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भुवन गड़िया, हरीश चंद्र जोशी, केदार जोशी आदि मौजूद रहे।

### पीएम मोदी ने हर्सिल की घटना पर गहरा दुख प्रकट किया

- मुख्यमंत्री धामी से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर की बात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के हर्षिल क्षेत्र के धराली गांव में बादल फटने की दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दु:ख प्रकट किया है। प्रधानमंत्री ने इस प्राकृतिक आपदा में हुए जन-धन की हानि पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत की तथा घटना की जानकारी ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकार को हर संभव केंद्रीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिकों को शीघ्र राहत पहुँचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बादल फटने से आई त्रासदी पर जताया दुख

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में बादल फटने से आई त्रासदी पर दुख और संवेदना प्रकट की है। उन्होंने इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने के लिए ईश्वर से कामना की है। उन्होंने सभी सुरक्षित स्थानीय कार्यकर्ताओं से राहत बचाव कार्यों में सहयोग का आग्रह किया है। विशेषकर प्रभावितों को भोजन, पानी, स्वास्थ्य और आश्रय स्थल उपलब्ध कराने में।

अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि धराली क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का समाचार अत्यंत दु:खद एवं व्यथित करने वाला है। प्रदेश सरकार वहां राहत एवं बचाव कार्यों युद्ध स्तर पर चला रही है। सेना , एसडीआरएफ और एनडीआरएफ,


जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित टीमें वहां प्रभावितों को बचाने में लगी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी आधुनिक मशीनरी को वहां पहुंचाया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राहत कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और लगातार जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि, पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं से जानकारी लेकर, उन्होंने राहत बचाव अभियान में शासन प्रशासन के सहयोग का आग्रह किया है। आपदा में फंसे स्थानीय लोगों और बाहर आए पर्यटकों को भोजन, पानी और आश्रय स्थलों की सुविधा दिलाने में कार्यकर्ताओं द्वारा पहले से मदद की जा रही है।

उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा, किसी की जिंदगी का कोई विकल्प नहीं है, लेकिन पीड़ित परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी।

### बुधवार को जिले स्कूल रहेंगे बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** मौसम पूर्वानुमान के बाद बुधवार को जिले के जनपद में संचालित सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक) एवं आंगनबाडी केन्द्रों में दिनांक 06 अगस्त, (बुधवार) को अवकाश घोषित किया है। बता दें कि जनपद में कहीं-कहीं भारी वर्षा, गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने / वर्षा के तीव्र से अत्यंत तीव्र दौर होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। जनपद अन्तर्गत वर्तमान में अधिकांश क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा के कारण नदी-नालों का जल




स्तर बढ़ने एवं पैदल रास्तों व सड़क मार्गों के प्रभावित होने के साथ कतिपय क्षेत्रों में बादल फटने, भूस्खलन एवं सम्भावित आपदाओं के न्यूनीकरण व प्रबन्धन के दृष्टिकोण से स्कूली छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय किया जाना आवश्यक है।

### खीरगंगा नदी में बादल फटने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण: महाराज

- युद्ध स्तर पर जारी हैं राहत एवं बचाव कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव की खीरगंगा नदी में बादल फटने की दु:खद एवं हृदय विदारक घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जिलाधिकारी से दूरभाष पर बात कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल



महाराज ने कहा कि उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव की खीरगंगा नदी में बादल फटने की दु:खद एवं हृदय विदारक घटना घटित हुई है। घटना के तुरंत बाद सेवा के जवान, एनडीआरफ एवं एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम में वहां पहुंच गई है और सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर बचाव एवं राहत कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 80 वर्ष पूर्व भी इस प्रकार की घटना वहां पर घटित हुई थी घटना की यह पुनरावृत्ति हुई है। इस समय पूरी सरकार सजग है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरा रेस्क्यू कार्य चल रहा है। सिंचाई और लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और पूरी घटना पर अपनी पैनी निगाह रखे हुए हैं।

### उत्तरकाशी धराली आपदा : स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, त्वरित राहत कार्य जारी

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम रवाना, अस्पतालों में बेड आरक्षित, चिकित्सकीय अवकाश पर रोक
- 108 एंबुलेंस सेवा हाई अलर्ट पर, जिला स्तरीय आपात नियंत्रण कक्ष स्थापित,
- लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई- डॉ.आर. राजेश कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव में सोमवार को बादल फटने से उत्पन्न भीषण आपदा के बाद राज्य सरकार पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित चिकित्सकीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री स्वयं राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं, ताकि समय पर पीड़ितों तक सहायता पहुंच सके।

#### विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम रवाना

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आपदा की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम तत्काल धराली क्षेत्र के लिए रवाना करने के निर्देश दिए हैं। इस टीम में सर्जन, निश्चेतक, फिजीशियन और आर्थोपेडिक सर्जन शामिल हैं। टीम का संचालन गढ़वाल मंडल के निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को सौंपा गया है, जिन्हें इस आपदा में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### अस्पतालों में बेड आरक्षित, चिकित्सकीय अवकाश पर रोक

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आपदा प्रबंधन के तहत राज्य के सभी प्रमुख चिकित्सालयों को निर्देश दिए गए हैं कि गंभीर रूप से घायल मरीजों के इलाज के लिए बेड आरक्षित रखें। साथ ही, सभी चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है, जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती। यह सुनिश्चित किया गया है कि अस्पतालों में दवाओं, सर्जिकल सामग्री और चिकित्सा उपकरणों की कोई कमी न रहे।

#### 108 एंबुलेंस सेवा हाई अलर्ट पर

धराली और आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में 108 एंबुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इन सेवाओं के माध्यम से घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देना, उन्हें निकटतम अस्पतालों तक पहुंचाना और संवेदी वर्गों की प्राथमिक चिकित्सा सुनिश्चित करना प्रमुख उद्देश्य है। आसपास के जनपदों से भी एंबुलेंस सेवाओं का समन्वय कर आपदा क्षेत्र में भेजा गया है।

#### जिला स्तरीय आपात नियंत्रण कक्ष स्थापित

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि उत्तरकाशी जिले में 24*7 सक्रिय एक आपात नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष राहत और चिकित्सा कार्यों की निरंतर निगरानी करेगा और आवश्यक समन्वय स्थापित करेगा, ताकि किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर किया जा सके।

#### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि यह एक अत्यंत संवेदनशील और मानवीय आपदा है, जिसमें हर अधिकारी और कर्मचारी से संवेदनशीलता और तत्परता अपेक्षित है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### हर्षिल वैली में तीन स्थानों पर फटा बादल, आर्मी कैंप आपदा की चपेट मे



**उत्तरकाशी:** गंगोत्री के मुख्य पड़ाव धराली, हर्षिल घाटी में कुदरत का कहर देखने को मिला है। दोपहर धराली में खीर गंगा में जल सैलाब ने सब कुछ तबाह कर दिया है तो वहीं हर्षिल में भी बादल फटने का भयानक वीडियो सामने आया है। सैलाब पेड़ पौधों के साथ ही सबको अपने साथ बहाकर ले जाता दिख रहा है। हर्षिल आर्मी बेस कैंप से कई सेना के जवान की लापता होने की खबर है। बता गया है कि पूरा आर्मी कैंप आपदा की चपेट में आ गया वहीं हर्षिल के पास भागी रथी का जल स्तर रूकने से झील बन गई।


**एस्पायर हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड**

espire HOSPITALITY GROUP

पंजीकृत कार्यालय: दुकान नं.1, कंट्री इन, मेहरागांव, भीमताल, उत्तराखण्ड-263132
कॉर्पोरेट ऑफिस: ए-41, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110044
T: +91 11 7154 6500 | E: info@espirehospitality.com | W: www.espirehospitality.com
PAN: AACU0234B | CIN: L45202UR1991PLC000604

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(बताई गई राशि को छोड़कर राशि लाखों में)

| विवरण | तिमाही समापन | | | वर्ष समापन |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2025 अन-ऑडिटिड | 31.03.2025 ऑडिटिड | 30.06.2024 अन-ऑडिटिड | 31.03.2025 ऑडिटिड |
| संचालन से कुल आय (शुद्ध) | 3,174.13 | 4,085.63 | 1,742.07 | 12,016.18 |
| कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), असाधारण मदों और/या असाधारण मदों | 190.79 | 588.02 | 4.07 | 1,081.30 |
| कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (असाधारण मदों और/या असाधारण मदों के बाद) | 190.79 | 588.02 | 4.07 | 1,081.30 |
| कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (असाधारण मदों और/या असाधारण मदों के बाद) | 142.77 | 449.27 | 3.05 | 827.36 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/हानि) अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय शामिल है | 140.71 | 441.05 | 2.60 | 819.14 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 1492.26 | 1492.26 | 1350.04 | 1492.26 |
| प्रति शेयर आय (रु. 10/- प्रत्येक) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए) - | | | | |
| बेसिक (रुपये में) | 1.04 | 3.26 | 0.02 | 6.05 |
| डायल्यूटेड (रुपये में) | 1.04 | 3.26 | 0.02 | 6.05 |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.espirehospitality.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
एस्पायर हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड
एसडी/-
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ: अखिल अरोरा
डीआईएन: 09312308

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 05.08.2025

# तहसील दिवस में सुनी गई जनसमस्याएं, डीएम ने दिए निर्देश

■ नरेंद्रनगर में तहसील दिवस कार्यक्रम आयोजित, स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन, सड़क व आवास से जुड़ी समस्याएं आई सामने जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल का अधिकारियों को सख्त निर्देश ख्र जनहित की शिकायतों में न बरतें लापरवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने मंगलवार को तहसील नरेंद्रनगर में आयोजित तहसील दिवस कार्यक्रम के दौरान जनसुनवाई करते हुए विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

विकासखंड नरेंद्रनगर के अंतर्गत विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने सड़क, पेयजल, सीवर लाइन, विद्युत और आवास से जुड़ी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रार्थना पत्रों का समाधान गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। तहसील दिवस के दौरान राजेंद्र गुसाईं ने पीटीसी रोड पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों और अधूरी पड़ी सीवर लाइन निर्माण के चलते खुदे गड्ढों से उत्पन्न हो रहे खतरे की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्वरित और उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुम्हाखेड़ा निवासी ज्ञान दास ने अपने क्षतिग्रस्त मकान के मद्देनजर आर्थिक सहायता की मांग की। जिलाधिकारी ने इस पर एसडीएम और खंड विकास अधिकारी नरेंद्रनगर को मौके का निरीक्षण कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

वहीं ग्राम बखरियाणा के निवासी सूरत सिंह आर्य ने वार्ड संख्या-6 (आर्मी एरिया) में सड़क बंद होने की समस्या उठाई और वहां 24 घंटे आवागमन की सुविधा बहाल करने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने इस संबंध में एसडीएम नरेंद्रनगर और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को संयुक्त रूप से जांच कर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य यही है कि आम जनता की समस्याओं को मौके पर ही सुना जाए और त्वरित समाधान प्रदान किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने और जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की।कार्यक्रम में एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिड़ियाल, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, तहसीलदार नरेंद्रनगर अयोध्या उनियाल, डीडीओ मोहम्मद असलम सहित सभी तहसील एवं जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में दर्ज कराई 74 शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को नारायणबगड़ विकासखण्ड सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम/तहसील दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से 74 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में ग्रामीणों की ओर से पेयजल, विद्युत, संचार, शिक्षा और संड़क से संबंधित शिकायतें दर्ज की गई। अपर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।




विकासखंड नारायणबगड़ के सभागार में आयोजित तहसील दिवस में ग्राम पालछूना के राजेंद्र सिंह नेगी ने जल जीवन मिशन और सड़क निर्माण में हो रहीं देरी को लेकर शिकायत दर्ज करायी जिसका निस्तारण करते हुए एडीएम महोदय द्वारा इस पर संबंधित विभाग को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नाखोली द्वारा सड़क निर्माण में हो रहीं देरी को लेकर शिकायत दर्ज करायी गयी इस पर अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा इसके यथाशीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।एडीएम द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आम जन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए गए।इस दौरान पीएमजीएसवाई विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी के न उपस्थित होने पर अपर जिलाधिकारी ने नारा. जगी व्यक्त की।तहसील दिवस में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तीन स्टॉल भी लगाए गए।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी केके पंत, एसडीएम थराली पंकज भट्ट ,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीएसए गुप्ता सहित अन्य सभी जिलास्तरीय और तहसील के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# एसएसबी का एक उपनिरीक्षक देश सेवा के लिए समर्पित

■ मंगलवार को एसएसबी का 9वां उपनिरीक्षक कार्स का दीक्षांत समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल, श्रीनगर में मंगलवार को 9 वां उप-निरीक्षक (विभागीय भर्ती) कोर्स का दीक्षांत परेड आयोजित की गई। इस मौके पर एसएसबी के उप महानिरीक्षक सुभाष चन्द नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि नव प्रशिक्षु की सलामी ली। उपमहानिरीक्षक सुभाष चन्द नेगी ने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि के दौरान नव-प्रशिक्षु को श्रेष्ठतम प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रयास किया गया है। प्रशिक्षु को पाठ्यक्रम के हिसाब से 42 विषयों की विधिवत तरीके से जानकारी दी गयी। जिसमें योग, तैराकी, घुड़सवारी, मोटर ड्राइविंग, आत्मरक्षा तकनीक, ड्रिल, हथियारों का प्रशिक्षण, विभिन्न हथियारों एवं विस्फोटक से फायरिंग का प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, सीमा प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, कई प्रकार के कानून, प्राथमिक उपचार आदि विषय शामिल हैं। एसएसबी के उपमहानिरीक्षक नेगी ने विश्वास जताया कि नव-प्रशिक्षु बल के मूल मन्त्र राष्ट्र सुरक्षाय: कृत संकल्पोस्ति को ग्रहण कर राष्ट्र सेवा व जन सेवा में समर्पित रहेगा एवं देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में योगदान देगा। वाहिनी में जाकर अपने दायित्वों को पूर्ण ईमानदारी व लगन के साथ निभाएगा और बल एवं राष्ट्र का नाम ऊंचा करेगा। इस मौके पर केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी, प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# ऑपरेशन कालनेमि के तहत टिहरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में ढोंगी बाबाओं पर टिहरी पुलिस की सख्ती, घाटों और जंगलों में घूमते मिले संदिग्ध, शिवपुरी और जानकीपुल में पुलिस का सत्यापन अभियान, 60 संदिग्धों की पहचान, 33 के खिलाफ कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी पुलिस ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में फर्जी बाबा. ओं और संदिग्ध व्यक्तियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 33 लोगों का चालान किया है। यह कार्रवाई जानकी पुल और शिवपुरी क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस टीम ने घाटों और जंगलों के समीप घूमते हुए ढोंगी बाबाओं की पहचान की।

पुलिस का कहना है कि ये सभी व्यक्ति छद्म वेश में धार्मिक श्रद्धा का लाभ उठाकर आमजन को भ्रमित कर रहे थे और भविष्य में किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका के दृष्टिगत इन पर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में पुलिस ने क्षेत्र में घूम रहे कुल 60 संदिग्धों का सत्यापन किया, जिनमें से 33 के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की गई।

एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने बताया कि सरकार के निर्देश पर जिलेभर में ऑपरेशन कालनेमि के तहत फर्जी साधुओं और संदिग्ध लोगों पर लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को मुनिकीरेती थाना पुलिस द्वारा की गई इस विशेष कार्रवाई में विभिन्न स्थानों से आए कई फर्जी बाबाओं की पहचान की गई और उन्हें मौके से हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद चालान किया गया।

चालान किए गए व्यक्तियों में मोहित पुत्र रूपन सिंह, कैलाश पुत्र रघुवीर नंदन, लाल देवी पत्नी लाल भल्ला, राकेश शुक्ला पुत्र गणपति शुक्ला, माया देवी पत्नी कन्हैया, अजीत पुत्र जम्मू लाल, सुरेंद्र पुत्र देशराम, सुमन देवी पत्नी राम गोस्वामी, धर्मवीर पुत्र राजेंद्र प्रसाद, सुधीर पुत्र राज. कुमार, किशनपाल पुत्र सोमपाल, बंटी पुत्र सूरजपाल, बाबूराम पुत्र ओमप्रकाश, विनोद पुत्र रामभरोसे (सभी निवासी शीशमझाड़ी), सतीश मित्तल पुत्र प्रेमचंद्र मित्तल, निशांत लाल पुत्र कंचन मेहता (ऋषिकेश), मानस विश्वास पुत्र संतोष कुमार (पश्चिम बंगाल), मोहम्मद शमशान पुत्र मोहम्मद आयु (सुल्तानपुर), करन जोत सिंह, रविंद्र सिंह, विक्रम (नावा पटियाला), योगेन्द्र (महेंदरगढ़, हरियाणा), मंजीत कुमार, कृष्ण गरेवाल (भिवानी, हरियाणा), शैलेंद्र, सुनील (चरखी दादरी, बड़ौदा), अवि चौधरी (जलालाबाद, यूपी), सर्वेश कुमार (पीलीभीत, यूपी), सत्यनारायण (हैदराबाद), नरेंद्र कुमार (हरदोई), भविष्य (लक्ष्मणझूला, पौड़ी) और श्रवण (बरेली) शामिल हैं।

एसएसपी ने कहा कि ऐसे लोगों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और धार्मिक स्थलों की गरिमा को सुरक्षित रखने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। टिहरी पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो सके।

## एक नजर .......

### कोटद्वार में चंडीगढ़ ब्रांड की अवैध शराब पकड़ी, एक युवक हिरासत में

**कोटद्वार ।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग को सोमवार देर सायं बड़ी सफलता मिली। कोटद्वार क्षेत्र के घमंडपुर इलाके में दबिश के दौरान टीम ने चंडीगढ़ ब्रांड की 6 पेटी और 6 बोतल रॉयल जर्नल अवैध विदेशी मदिरा बरामद की। आबकारी निरीक्षक खजान सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि चंडीगढ़ में बिक्री हेतु अवैध शराब कोटद्वार के घमंडपुर क्षेत्र में लायी गयी है। सूचना को गंभीरता से लेते हुये आबकारी टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां शुभम नेगी नामक युवक को हिरासत में लिया गया। उसके पास से 6 पेटी व 6 बोतल विदेशी मदिरा जब्त की गयी। उन्होंने बताया कि जब्त की गयी शराब चंडीगढ़ से बिक्री के लिये कोटद्वार पहुंची है। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा साफ किया गया है कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल के छात्रों का रहा दबदबा

**कोटद्वार ।** मेरठ स्थित सव्यकाम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन तीरंदाजी प्रतियोगिता में ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल गाड़ीघाट के छात्रों ने पदक जीता है। विद्यालय परिवार ने छात्रों को इसके लिए बधाई दी है। मंगलवार को विद्यालय प्रधानाचार्य रेखा नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंडर 14 वर्ग में विद्यालय के छात्र सानिध्य कंडारी दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर चौंपियन रहे। वहीं टीम वर्ग में भी सानिध्य कंडारी, आराध्य भारद्वाज व अंश नेगी ने संयुक्त रूप से स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर 14 मिश्रित टीम स्पर्द्धा में भी सानिध्य कंडारी और मनस्वी ने रजत पदक प्राप्त किया। बताया कि सभी खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई नेशनल चौंपियनशिप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन ने छात्रों की प्रशंशा की है ।

### नवाचार और उद्यमिता आउटरीच कार्यशाला का किया अयोजन

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित आईएचएमएस कॉलेज में मंगलवार को नवाचार और उद्यमिता आउटरीच कार्यशाला का अयोजन किया गया। आईआईसी के तहत आयोजित इस कार्यशाला में एमकेवीएन स्कूल के छात्र-छात्राओं को कुशल उद्यमी बनने के गुर सिखाए गए। विद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह का आरंभकरते हुए आईएचएमएस के आईआईसी संयोजक असिस्टेंट प्रो. वेद प्रकाश राठौर ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और छात्रों को सफल उद्यमी बनाने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। छात्रों को नवाचार और स्टार्टअप के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एक आइडिया युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं को उनके नवाचार को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए अविष्कारों को मेक इन इंडिया अभियान के तहत बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नए अविष्कारों से बड़ी कंपनी खड़ा करने वाले कई नामी युवा उद्योगपतियों के उदाहरण दिए।

### पौध वितरित करने के साथ ही दी औषधीय गुणों के बारे में जानकारी

कोटद्वार । भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस को जड़ी बूटी दिवस के तौर पर मनाया गया। इस अवसर पर मंगलवार देर शाम को मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में आम जन को अश्वगंधा, गिलोय, आंवला, एलोवेरा, तुलसी, गुड़मार, भृंगराज, कड़ी पत्ता, अकरकरा तथा आम, अमरूद एवं लीची की पौध निशुल्क वितरित की गई। न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने बताया कि आम जन को पौध वितरित करने के साथ ही उनके औषधीय गुणों के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा कि न्यास की ओर से हर साल ही आचार्य बालकृष्ण के ज्नम दिवस पर औषधीय पौधों का वितरण किया जाता रहा है।

# शिक्षण संस्थानों के निजीकरण पर एसएफआई ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) छात्र संगठन के ओर से सरकारी विद्यालयों की बंदी, क्लस्टर स्कूल योजना तथा राज्य में शिक्षण संस्थानों के निजीकरण के विरूद्ध मंगलवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में श्रीनगर एसएफआई श्रीनगर इकाई की सचिव अंजलि, साथी सोनाली, साक्षी, आयुष, सौरभ ने कहा कि बीते चार से पाँच वर्षों में प्रदेश के भीतर, 1671 सरकारी विद्यालय बंद किए जा चुके हैं। जिनमें केवल पौड़ी जनपद में ही 315 विद्यालय, अल्मोड़ा में 197, पिथौरागढ़ में 224, टिहरी में 268 और अन्य जिलों में बड़ी संख्या में विद्यालय बंद किए गए। लगभग 3573 विद्यालयों को 'क्लस्टर योजना' के अंतर्गत विलय करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है, जिससे हजारों-हजार बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है।

उन्होने राज्य में बंद किए गए सभी सरकारी विद्यालयों को राज्य की आम जनता के हित में तत्काल प्रभाव से पुन: खोले जाने, क्लस्टर योजना को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाने और विद्यालयों के एकीकरण से पूर्व स्थानीय जनसंख्या, भौगोलिक परिस्थितियों तथा छात्र हितों का गहन परीक्षण किया जाने, प्रत्येक गांव एवं बस्ती में छात्र संख्या के आधार पर न्यूनतम एक प्राथमिक एवं एक माध्यमिक विद्यालय की गारंटी की जाने।

सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित और स्थायी नियुक्ति शीघ्र किए जाने, शिक्षा के बजट में कटौती रोककर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 10 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय किए जाने, फीस वृद्धि पर पूर्णत: रोक लगाई जाने मांग की है।

# अनियमित निर्माण पर प्रशासन सख्त

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर क्षेत्रांतर्गत अंतर्गत दुगड्डा-कोटी मोटर मार्ग पर जारी सड़क चौड़ीकरण कार्य में अनियमित. ताओं और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी पर प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी नीलू चावला के निर्देश पर राजस्व और पीएमजेएसवाई विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। राजस्व विभाग के कानूनगो राय सिंह गुसाईं ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति डंपिंग जोन बनाए जाना पाया गया है, जो भविष्य में आपदा का कारण बन सकती है।

# विवि की समृद्ध परंपरा के लिए कुलगीत का होना जरूर:कुलपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कुलगीत के सृजन कि प्रथम बैठक आहूत की गई। जिसमें कुलपति द्वारा जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कुलगीत का होना बहुत जरूरी है। जिससे छात्र-छात्राओं शिक्षकों कर्मचारियों और समाज के प्रत्येक वर्ग में नई चेतना जागृत हो सके। कमेटी में कुलगीत संयोजक प्रो. मोहन पंवार एवं हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. गुड्डी बिष्ट ने कहा कि वरिष्ठ लेखकों एवं शिक्षकों को समिति में रखा गया है जो की पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कुलगीत के लेखन का कार्य कर रहे हैं। बताया कि प्रथम बैठक में सभी ने अपना लेखन साझा किए है। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि श्रीनगर क्षेत्र की भव्यता का वर्णन कुलगीत में होना जरूरी है।

# मोटरमार्ग को मिली स्वीकृति

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर क्षेत्रांर्गत ग्राम पैण्डुला से अमरोली-कण्डोली मैखण्डी मोटरमार्ग को मैखण्डी में जोड़ने के लिए लिंक मोटरमार्ग के नवनिर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। 2.75 किलोमीटर तक बनने वाले मोटरमार्ग के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ चार लाख छह हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि ग्राम पैण्डुला बैण्ड से अमरोली-कण्डोली मोटर मार्ग को मैखण्डी तक लिंक करने वाले मोटर मार्ग तक जोड़नी की ग्रामीणों कि वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई।

# जिपं व क्षेत्र पंचायत पदों के निर्वाचन के लिए नियुक्त हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी

■ डीएम नितिका खंडेलवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु की अधिकारियों की तैनाती विकासखंडवार नामित हुए सहायक व आरक्षित निर्वाचन अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख एवं कनिष्ठ उप प्रमुख के निर्वाचन के सफल संचालन हेतु जिला मजिस्ट्रेट को निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। इसी क्रम में टिहरी गढ़वाल की जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) नितिका खंडेलवाल द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद हेतु अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह को सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा पीडी डीआरडीए पुष्पेन्द्र सिंह चौहान को आरक्षित सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। दोनों अधिकारियों को जिला स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख एवं कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के निर्वाचन के लिए विकासखंडवार सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

विकासखंड भिलंगना के लिए अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, घनसाली आशीष बहुगुणा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।कीर्तिनगर के लिए अधिशासी अभियंता, जल संस्थान, देवप्रयाग नरेशपाल सिंह को नामित किया गया है।देवप्रयाग में अधिशासी अभियंता, जल निगम, दौलत राम बेलवाल को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

प्रतापनगर के लिए जिला पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा को यह दायित्व सौंपा गया है। जाखणीधार के लिए अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, नई टिहरी दीपक पाल आर्य को नियुक्त किया गया है। नरेन्द्रनगर क्षेत्र के लिए मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी को यह जिम्मेदारी दी गई है।थौलधार विकासखंड में अधिशासी अभियंता, जल संस्थान, प्रशांत भारद्वाज को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

चंबा के लिए अधिशासी अभियंता, पीएमजीएसवाई, जातेश सैनी को निर्वाचन दायित्व सौंपा गया है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड के लिए एक-एक रिजर्व अधिकारी भी नामित किए गए हैं, जो आवश्यकतानुसार निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।निर्वाचन प्रक्रिया के सफल, पारदर्शी और समयबद्ध संच. ालन हेतु प्रशासन द्वारा यह समुचित प्रबंध किया गया है।

# आपदा राहत कार्यों के लिए विभागों को उपलब्ध कराए गए उपकरण

■ जनपद में आपदा राहत के लिए 49.50 लाख की धनराशि प्रभावितों को की गई वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली**।जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर जनपद में आपदा राहत कार्यों को सुगमता और त्वरित करने के लिए अग्निशमन विभाग, डीडीआरएफ और वन विभाग को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से मानसून के दौरान राहत कार्यों की तैयारियों के तहत जनपद चमोली में आवश्यक उपकरण एवं राहत सामग्री विभागों को उलपब्ध कराई गई है। प्रशासन की ओर से अग्निशमन विभाग को 6, डीडीआरएफ को 8 और वन विभाग को 4 वुड कटर मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही अन्य आवश्यक वस्तुएं भी प्रदान की गई हैं।



जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्द किशोर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर बद्रीनाथ वन प्रभाग को 2, केदारनाथ वन प्रभाग को 1, नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क को 1 और अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग को 1 वुड कटर प्रदान किए गए हैं। कहा कि उपकरण आपदा के दौरान मार्ग को सुचारु करने और राहत कार्यों में सहायक होंगे। साथ ही जनपद के आपदा प्रभावित परिवारों के लिए त्वरित राहत के लिए सभी तहसीलों को 300 तिरपाल उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलों को आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त तिरपाल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही आपदा प्रभावित परिवारों को राशन किट भी वितरित की जा रही है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि अब तक जनपद में आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को अहेतुक सहायता, अनुग्रह सहायता, गृह अनुदान तथा कृषि भूमि व फसल की क्षतिपूर्ति के रूप में कुल 49.50 लाख की धनराशि वितरित की जा चुकी है। जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों के सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्य कर क्षति के प्रभाव को कम किया जा सके।

# एसएससी परीक्षाओं की अनियमितताओं पर आइसा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (एसएससी) की परीक्षाओं में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ मंगलवार को आइसा छात्रसंगठन ने गढ़वाल विवि के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर आइसा छात्र संगठन से जुडे कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर छात्रा प्रति. निधि प्रियंका खत्री ने कहा कि एसएससी की परीक्षाओं में अनियमितताओं समाने आई है। कहा कि अभ्यार्थियों की हक की लड़ाई में विश्वविद्यालय की छात्र-छात्राएं उन सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों



का समर्थन करते हैं जो इस अन्याय के खिलाफ देश भर में लड़ रहे हैं। कहा कि अभ्यर्थियों की मेहनत के साथ सरकार एवं एससीसी लगातार खिलवाड़ कर रहा है। सरकार कभी झूठे वादे करके भर्तियों का इंतजार करवाती है और अगर परीक्षा दे भी दी, तो पेपर लीक की लगातार खबरें आती रहती हैं। छात्रसंघ के कार्यकारणी सदस्य शिवांक नौटियाल ने कहा कि सरकर और हर उस मेहनत करने वाले बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो रात दिन तैयारी करता है और सरकारी नौकरी के सपने देखता है। प्रदर्शन में प्रियंका खत्री, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह, कार्यकारणी सदस्य शिवांक नौटियाल, समरवीर, दीपिका, शिवानी, प्रवेश बुटोला, अनमोल काला, अद्वैत, अभिनव सहित आदि मौजूद थे।

# उच्च शिक्षा का चिंतन शिविर शीघ्रः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश की उच्च शिक्षा को गुणवत्तापरक, रोजगारपरक, शोध आधारित और नवाचार युक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य में शीघ्र ही दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' का आयोजन किया जायेगा। राज्य स्तरीय इस चिंतन शिविर में एनईपी-2020 के अनुरूप विभिन्न पहलुओं पर मंथन कर भविष्य के लिये ठोस रोड़मैप तैयार किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के उन्नयन को अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में एनईपी-2020 के अनुरूप रणनी. तिक सुधारों की पहचान कर भविष्य के लिये ठोस रोड़मैप तैयार करना है ताकि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापरक, रोजगारपरक, शोध आधारित और नवाचार युक्त उच्च शिक्षा युवाओं को मिल सके और वह भविष्योन्मुखी विषयों में दक्षता हासिल कर सके।

**■ रोजगार, शोध व नवाचार युक्त शिक्षा पर रहेगा फोकस, कहा, उच्च शिक्षा उन्न्यन को बनेगा भविष्य का ठोस रोड़मैप,विभगीय अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के दिये निर्देश**



डॉ. रावत ने बताया कि चिंतन शि. विर में शिक्षा सुधारों के लिये विभिन्न परियोजनाओं के संचालन के लिये प्रतिष्ठित शैक्षणिक व व्यापारिक प्रतिष्ठित संस्थानों से साझेदारियों को भी अमलीजामा पहनाया जायेगा, साथ ही शिक्षा, शोध व उद्योग से जुड़े लोगों से भी प्रभावी समन्वय स्थापित किया जायेगा।

इसके अलावा चिंतन शिविर में उच्च शिक्षा में सुधार को एनईपी-2020 का प्रभावी क्रियान्वयन, शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता, संबद्धता प्रणाली, शैक्षणिक संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं नीतिगत सुधारों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। इसके साथ ही उच्च शिक्षा को डिजिटलाइजेशन, समावेशिता, बहु-विषयक दृष्टिकोण, शोध, नवाचार, रोजगार एवं प्लेसमेंट से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जायेगी।

डॉ. रावत ने बताया कि चिंतन शि. विर में प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, शोधकर्ता, शिक्षा उद्यमी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। चिंतन शिविर के सफल आयोजन के लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दे दिये हैं।

# डीएम ने की जरूरतमंद बेटियों की स्कूल फीस के लिए लाखो की धनराशि वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गरीब, अनाथ एवं असहाय बालिकाओं को स्नातक स्तर तक शिक्षित करने एवं कौशल शिक्षा प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी सविन के महत्वाकांशी प्राजेक्ट ''नंदा-सुनदा'' अन्तर्गत आज 18 बालिकाओं की को 6.17 लाख धनराशि के चौक वितरित किए गए। प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदा अन्तर्गत अब तक 19.24 लाख धनराशि से 56 बालिकाओं की शिक्षा पुनर्जीवित की गई है।



जिलाधिकारी सविन बंसल ने प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदा अन्तर्गत पात्र बालिकाओं का चयन करने हेतु चयन समिति के सदस्यों, ग्राउण्ड स्टॉफ और उनकी टीम की प्रशंसा की उनके द्वारा उत्साहपूर्वक इस कार्य में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट निंरतर चलता रहे तथा इसी प्रकार पात्र बालिकाओं की शिक्षा को पनुर्जीवित करता रहे। एक बच्चे की मदद करना पूरे परिवार की मदद करना है इससे बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। असहाय सकंटाग्रस्त परिवार की बेटिया पढना चाह रही हैं आगे बढना चाह रही हैं यह अच्छी बात है। बालिक. ाओं को प्रशासन किस प्रकार सहायता कर सकता है इसके लिए प्रशासन सदैव प्रयासरत है।

उन्होंने बच्चों का हौसला बढाते हुए कहा कि बच्चे अपनी शिक्षा की ज्वाला को सदैव जिंदा रखे। उन्होंने कहा कि बच्चे अपनी शिक्षा से कभी समझौता न करना तथा महापुरूषों की बायोग्राफी पढे जो उनकी बायोग्राफी से शिक्षा मिलती है वह किसी से नही मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदा भले ही जिला प्रशासन की पहल है किन्तु यह मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार की प्रेरणा और समर्थन से आगे बढ रहा है जिन्होंने नवाचार एवं जन कल्याणकारी प्रोजेक्ट में सदैव समर्थन दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने टीम का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों का हौसला बढाया आगे बढते रहे प्रशासन हरसंभव सहायता करेगा।

# पंचायतों के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं: महाराज

**■ रुद्रप्रयाग जिले के नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने की पंचायतीराज मंत्री से भेंट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी हुए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल व भाजपा जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट के नेतृत्व में प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज से भेंटकर कर एक मत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति विश्वास जताते हुए अपने क्षेत्र की समस्याओं और प्राथमिकताओं से उन्हें अवगत कराया।

उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं और प्राथमिकताओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान पंचायतीराज मंत्री महाराज ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का विकास करना है।

महाराज ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने उत्तराखंड में पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए हाल ही में 193.84 करोड़ की धनराशि दी है। पंचायत राज मंत्री महाराज से मुलाकात करने वालों में भाजपा जिला प्रभारी बलबीर घुनियाल, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, अगस्त्य मुनि ब्लॉक प्रमुख चुनाव प्रभारी महावीर सिंह पंवार, जखोली ब्लॉक प्रमुख चुनाव प्रभारी रमेश मैखुरी, जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन कांडपाल, सुबोध बगवाड़ी, अमित मैंखुंडी, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, मंडल अध्यक्ष अर्जुन नेगी बृजमोहन नेगी सहित बड़ी संख्या में अगस्त्यमुनि एवं जखोली के नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

# गंगा घाटों नदी नालों के किनारे रहने वाले लोगों को किया सचेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विगत देर रात्री से देहराद. ून और पहाड़ी जनपदों में लगातार हो रही भारी बारिश एवं मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए लगातार भारी बारिश के अलर्ट के दृष्टिगत गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पुलिस द्वारा ऋषिकेश क्षेत्र में गंगा घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को नदी के बीच में ना जाने के लिए लगातार अलर्ट किया गया है।

इसके अतिरिक्त सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमो द्वारा नदी नालों के किनारे लगातार भ्रमणशील रहते हुए नदी किनारे रहने वाले लोगों को

**■ भारी बरसात के चलते दून पुलिस हाई अलर्ट पर**

सुरक्षित स्थानों पर जाने तथा बरसात के दौरान नदी नालों में न जाने की चेतावनी दी जा रही है तथा संवे. दनशील स्थानों पर नदी नालों के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से वहां से हटाया जा रहा है।

अमरीश पुरी अधीक्षक अजय सिंह ने जनपद के सभी कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्ष समेत चौकी पर भारी को अपने-अपने क्षेत्र में ग्रस्त करने के आदेश दिए इतना ही नहीं उन्होंने नदी नालों के समीप रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की भी जिम्मेदारी स अजय सिंह ने पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस अधीक्षक देहात प्रथम और द्वितीय के अलावा सभी क्षेत्र अधिकारियों को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश जारी किए

उन्होंने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि वह किसी भी सूरत में मलिन बस्तियों उन्नादी नालों पर रहने वाले लोगों को लोगों और बच्चों को लाउडस्पीकर के माध्यम से पानी के तेज भाव को देखते हुए वहां पर नहीं जान की बात कही।

# छह अगस्त को जनपद के समस्त विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र रहेंगे बंद

**पिथौरागढ़।** मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 06 अगस्त 2025 को जनपद पिथौरागढ़ सहित राज्य के अनेक क्षेत्रों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। जानकारी देते हुए बताया कि संभावित आपदा जोखिमों जैसे भूस्खलन, सड़क अवरोध, जलभराव एवं नदी-नालों में तेज बहाव को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु यह निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में जनपद में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी विद्यालय (कक्षा 1 से 12 तक) एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में दिनांक 06 अगस्त (बुधवार) को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है।

# समय पर निस्तारित होंगे अस्पतालों के दावेः ह्यांकी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादूनः** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड के अध्यक्ष श्री अरविंद सिंह ह्यांकी ने आयुष्मान भारत योजना तथा राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना (गोल्डन कार्ड) के अन्तर्गत चिकित्सालयों तथा कार्मिकों/पेंशन. रों के दावों के भुगतान की प्रगति की समीक्षा करते हुए दावों के परीक्षण में अपेक्षित सावधानी सुनिश्चित करने, ऑन लाईन पोर्टल की तकनीकी समस्याओं का समय से समाधान करने तथा दावाकर्ता चिकित्सालयों तथा कार्मिकों एवं पेंशनरों को उनके दावों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति पोर्टल अथवा एस.एम.एस. के माध्यम से सूचित करने की प्रभावी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

बता दें कि कुछ समय पूर्व आयुष्मान पोर्टल में हो रही तकनीकी समस्या के साथ-साथ राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना (गोल्डन कार्ड) के अन्तर्गत धनाभाव के कारण दावों का भुगतान लम्बित होने की स्थिति बनी हुई थी जिस पर मा. स्वास्थ्य मंत्री जी ने शासन एवं प्राधिकरण स्तर के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समय-समय पर समीक्षा करते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। तदक्रम में शासन द्वारा राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के लम्बित दावों के भुगतान के लिए प्राधिकरण को हाल ही में ऋण के रूप में रू. 75.00 करोड़ भी उपलब्ध कराया गया। अध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण स्तर पर दैनिक समीक्षा एवं



अनुश्रवण के फलस्वरूप आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत चिकित्सालयों के पूर्व लम्बित दावों का भुगतान करा दिया गया है। वर्तमान में दावा प्राप्ति की तिथि के 15 दिन के अन्दर भुगतान कर दिए जाने की स्थिति बन गयी है। राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना (गोल्डन कार्ड) के अन्तर्गत भी राज्य सरकार से प्राप्त बजट का उपयोग करते हुए चिकित्सालयों के पूर्व लम्बित दावों का भुगतान कर दिया गया है। कार्मिकों/पेंशनरों के प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान हेतु आवश्यक औपचारिकताएं भी लगभग पूर्ण कर ली गई हैं जिसके अनुसार धन उपलब्धता के आलोक में दिनांक 06.06.2025 तक प्राप्त प्रतिपूर्ति दावों का भुगतान प्रारम्भ कर दिया गया है। और उसके बाद प्राप्त दावों का भी शीघ्र भुगतान करने का प्रयास किया जाएगा।

### कहा - चिकित्सालयों को रिव्यू आवेदन प्रस्तुत करने का अधिकार

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा पूर्व में निरस्त किए गए दावों के सापेक्ष भारत सरकार की गाईडलाइंस के अनुसार चिकित्सालयों को रिव्यू आवेदन प्रस्तुत करने का अधिकार है, लेकिन भारत सरकार के टीएमएस पोर्टल में ऑनलाइन रिव्यू दाखिल करने की व्यवस्था अभी तक चालू नहीं हो पाई है।

फलस्वरूप रिजेक्ट मामलों में रिब्यू नहीं हो पा रहा था। अस्पतालों की इस परेशानी के समाधान के लिए प्राधिकरण द्वारा एक अल्पकालिक वैकल्पिक समाधान के रूप में चिकित्सालयों को प्राधिकरण के अपने पोर्टल में रिव्यू दाखिल करने की सुविधा दी गयी है। नई व्यवस्था पर चिकित्सालयों के रिव्यू आवेदन प्राप्त होने प्रारम्भ हो गये हैं। रिव्यू मामलों के निस्तारण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर दी गयी है तथा कार्य प्रगति की दैनिक समीक्षा भी की जा रही है।

# धराली हादसे पर आर्य ने जताया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि धराली (उत्तरक. ाशी) क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हो रहा है । उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि सभी प्रभावित परिवारों को सबल और सुरक्षा मिले। साथ ही स्थानीय प्रशासन और आपदा राहत टीमें जल्द से जल्द राहत और बचाव का कार्य संपन्न करें।

आर्य ने कहा कि उत्तराखंड का प्राकृतिक घटनाओं जैसे बाढ़, भूस्खलन, भूमि अपरदन, वनाग्नि, बादल फटने, भूकम्प आदि से पुराना सम्बन्ध है लेकिन धीरे-धीरे समय और विकास के साथ ये



घटनाएं अब मानवजनित आपदाओं का रूप ले रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड के अनेक पर्वतीय गांव प्रतिवर्ष आपदाओं का शिकार हो रहे है किन्तु पुनर्वास योजनाएं, सुरक्षित स्थानांतरण की प्रक्रियाएं तथा आपदा-पूर्व चेतावनी प्रणाली को विकसित करने में सरकार निरंतर फेल हो रही है । प्रशासनिक तंत्र, अनेक अवसरों पर संसाधनों की कमी, योजना की अनुपस्थिति और तात्कालिक निर्णयों की उपेक्षा के कारण आपदा प्रतिक्रिया में विफल नजर आ रहा है।

आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं केवल पर्यावरणीय घटनाएं नहीं हैं, अपितु वे हमारे विकास मॉडल, नीति-निर्धारण एवं प्रकृति के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण पर गहरे प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार बढ़ती आपदाओं से निपटने को सरकार के आपदा-उत्तर राहत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि इसके लिए दीर्घकालिक, वैज्ञानिक तथा ठोस रणनीतियों की आवश्यकता है।

# पीएम पोषण योजना के अंतर्गत एसएमएस ना भेजने पर वेतन रोकने के दिए आदेश

**■ शिक्षकों के प्रदर्शन पर आदेश चेतावनी में बदला वेतन जारी के दिए आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम पोषणा योजना के अंतर्गत एसएमएस न करने पर उप शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिए। जिस पर शिक्षक संगठनों में आक्रोश रहा। इस दौरान शिक्षक उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना था कि



इस दौरान शिक्षक मतदान प्रशिक्षण, मतदान कराने व मतगणना की व्यवस्था में रहे। जिसकी वजह से पीएम पोषण योजना के अंतर्गत एसएमएस नहीं कर पाए।

बाद में हुए समझौते के तहत वेतन रोकने के आदेश को अंतिम चेतावनी एवं भविष्य में इसकी पुन. रावृत्ति न करने के अनुरोध पर उप शिक्षा अधिकारी कुशवाहा ने वेतन बहाली के आदेश जारी कर दिए।

उप शिक्षा अधिकारी कुशवाहा ने बताया कि सरकार के नियमों का अनुपालन आवश्यक है।

# हितधरकों के लिए राष्ट्रीय आउटरीच कार्यशाला का आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आईसीएफआरई-वन अनुसंधान संस्थान ने अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं (एआईसीआरपी) और राष्ट्रीय वन आनुवंशिक संसाधनों (एन-एफजीआर) पर राष्ट्रीय आउटरीच कार्यशाला का आयोजन किया। आईसीएफआरई-एफआरआई की निदेशक डॉ. रेणु सिंह ने समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. समीर सिन्हा पीसीसीएफ और एचओएफएफ, उत्तराखंड और आईसीएफआरई के प्रतिनिधि डॉ. राजेश शर्मा, डीडीजी (अनुसंधान) का स्वागत किया।

डॉ. रेणु सिंह ने अपने स्वागत भाषण में राष्ट्रीय एआईसीआरपी और



एनएफजीआर की प्रगति पर प्रकाश डाला, जिसमें पाँच परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन और 15 राज्यों में अग्नि क्षेत्रों, लकड़ी प्रभावित क्षेत्रों, मृदा पोषक तत्वों की रूपरेखा, और एफजीआर कार्यों को कवर करने वाले आधारभूत डेटा निर्माण का हवाला दिया। उन्होंने वन अग्नि जागरूकता के लिए एक मीडिया फिल्म और पॉडकास्ट के साथ-साथ सात क्षेत्रीय भाषाओं में विस्तार सामग्री विकसित करने के लिए आईआईटी रुड़की और डीआरडीओ के सहयोग पर भी धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. राजेश शर्मा ने कार्यशाला के दायरे को रेखांकित किया और 2020 में शुरू की गई कैंपा -वित्त पोषित परियोजना का हवाला दिया, जिसमें सभी आईसीएफआरई और कई गैर-आईसीएफआरई संस्थान शामिल थे। उन्होंने वन बीजों, आनुवंशिक संसाधनों और अग्नि प्रबंधन पर केंद्रित 13 प्रजाति-विशिष्ट और 18 विषय-आधारित अध्ययनों के प्रमुख निष्कर्ष साझा किए, और भविष्य के अनुसंधान को दिशा देने के लिए हितधारकों के साथ अंतर्दृष्टि साझा करने के महत्व पर बल दिया। डॉ. समीर सिन्हा ने उद्घाटन भाषण में एकीकृत नीति और क्षेत्र रणनीतियों पर जोर दिया और वानिकी अनुसंधान को एक सहयोगात्मक प्रयास बताया। सत्र के समापन पर, डॉ. मनीषा थपलियाल ने सभी को धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

कार्यशाला में 100 से अधिक विभिन्न शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, प्रौद्योगिकीविदों, किसानों, वन विभाग के अधिकारियों, समुदाय के सदस्यों और उद्योग प्रतिनिधियों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से बैठक में प्रतिभाग लिया।

# डीएम प्रतीक जैन ने सुनी ग्रामीणो की समस्याए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड ऊखीमठ के राइका मक्कूमठ में जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों की ओर से दर्ज 75 शिकायतो में 27 मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पशुपालन, डेयरी, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मत्स्य विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का आयुष्मान आरोग्य शिविर, समाज कल्याण, कृषि, जिला उद्योग केंद्र, उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों से प्रदर्शित सामग्री एवं योजनाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनाकर गया तथा संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उथिंड निवासी मत्स्य पालक सुनील सिंह रावत ने मत्स्य तालाब को वृहद स्तर पर विकसित करने की मांग की जिससे अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ सकें।

सिलगोट की सुनीता देवी ने नवनिर्मित मार्ग डुंगर सेमला में एक किमी अतिरिक्त मोटर मार्ग गांव तक बनाने, पेलिंग गांव की रामदेई देवी ने राजस्व अभिलेखों में नाम गलत दर्ज होने, पाव जगपुड़ा के वन

**■ राइका मक्कूमठ सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन,75 शिकायतो मे से 27 का मौके पर ही निराकरण,कार्यक्रम छाए रहे सडक, पानी और रोजगार के मुददे**

पंचायत की ओर से वन क्षेत्र में अतिक्रमण किए जाने की शिकायत दर्ज की। उपस्थित अन्य ग्रामीणों ने सड़क मार्गों पर गड्ढे होना, प्राकृतिक आपदा के तहत स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना, पेयजल आपूर्ति तथा हर घर जल योजना के अंतर्गत कुछ परिवारों को लाभ न मिलना, मानव वन्य जीव संघर्ष में घायल होने पर मुआवजा, अतिवृष्टि के कारण पशुहानि होना, मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण करवाने, किसान सम्मन निधि पेंशन, गौशाला निर्माण, स्वरोजगार के लिए होमस्टे, शिक्षा, स्वास्थ, आवास सहित कुल 75 शिकायते दर्ज की जिनमें से 27 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों की जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में दर्ज शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होने जनता को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन जनपद के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर है। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों तथा अधिकारियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से नशा मुक्त समाज के निर्माण को लेकर एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए घातक है, अतः हमें स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए जागरूक करना चाहिए। शपथ ग्रहण के दौरान सभी ने नशा न करने एवं नशे के विरोध में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मक्कू ग्राम में स्थापित होमस्टे एवं पॉलीहाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय महिलाओं की ओर से तैयार किए गए पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ विनोद भास्कर, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ अनुष्का, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# लगातार बारिश से हालात हुये अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पहाड़ों में लगातार मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। बारिश के कारण हालात अस्त-व्यस्त हो गये हैं। नदी-नाले उफान पर हैं और यात्रा पर भी बारिश का असर पड़ रहा है। सम्पूर्ण रुद्रप्रयाग जनपद में मंगलवार को दोपहर बाद तेज बारिश होती रही, जिस कारण आम जनता के साथ चार धाम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।


पहाड़ों में बारिश का कहर जारी है। लगातार हो रही बारिश के कारण हालात बेकाबू हो गये हैं। नदी-नाले उफान पर हैं। बद्रीनाथ व केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। जिस कारण चारधाम यात्रियों को भी भारी परेशानियां हो रही हैं। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुये सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। अलक. नंदा एवं मंदाकिनी नदी के अलावा अन्य सहायक नदियां व गाढ़ गधेरे भी उफान पर बह रहे हैं। रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी विकराल रूप धारण करके बह रही है। नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हालात बेकाबू हो रहे हैं। केदारघाटी में लगातार बारिश जारी रहने से मंदाकिनी नदी भी उफान पर बह रही है। केदारघाटी में लगातार हो रही बारिश के कारण आम जनता की परेशानियां बढ़ गई हैं।

# तहसील दिवस पर 40 समस्याओं के सापेक्ष मे 17 समस्याओं का मौके पर निस्तारण

### विवेक विहार में अवैध बने गति अवरोधकों की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में हरिद्वार तहसील सभागर में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमें फरियादियों द्वारा करीब 40 समस्याएं एवं मांग दर्ज कराई गई। जिसमें 17 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा अन्य समस्याओं को निस्तारित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के प्रभावी निस्तारण एवं सुनवाई हेतु मोबाइल पर आने वाली सभी फोन कॉल्स को रिसीव किया जाये और यदि किसी कारणवश कॉल रिसीव करने में असमर्थ हों तो बाद में अवश्य कॉल की जाये। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय जनता की लेखपालों के पास जल भराव की समस्या एवं जानकारी से सम्बन्धित चुनिन्दा फोन कॉल्स न आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी लेखपालों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में बने रहने तथा पल-पल की खबर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, ग्राम समाज की कहाँ-कहाँ कितनी है भूमि है और कितनी भूमि पर अतिक्रमण है तथा कितनी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया, सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश लेखपालों को दिये। उन्होंने सभी लेखपालों को निष्पक्षता के सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ग्राम विकास अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में बने रहने के निर्देश दिये।




तहसील दिवस में पत्रकार डॉ हिमांशु द्विवेदी ने टीबडी में सरकारी स्कूल के समक्ष बिना फूड लाइसेंस के मांसाहार बिकने की शिकायत की। वहीं विवेक विहार में मानकों के विपरीत बने गति अवरोधकों से वरिष्ठ नागरिक चोटिल होने की शिकायत पर जिलाधिकारी में नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई। और गति अवरोधक हटाने के आदेश जारी किए। मंगल सिंह ने मौजा डालुवाल केला के रास्ते को बन्द करने के सम्बन्ध, सुबोध कुमार ग्राम घिस्सुपुरा ने कि चौकी इंचार्ज फेरूपुर में मनमानी के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज की, सुबोध कुमार निवसी घिस्सुपुरा पो0 धनपुरा ने ग्राम घिस्सुपुरा के मौजा कहड़ा मीट के कराबार के संचालन बन्द किये जाने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज की, अरविन्द कपिल बहादराबाद ने भूमि की पैमाईश के सम्बन्ध में, संजय कुमार निवासी फेरूपुर ने जोहड़ की भूमि पर किये गये अतिक्रमण के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करायी। कृष्ण मुरारी निवासी न्यु धीरवाली ने गृहकर खाता रू0 150 चाकलान कॉलोनी के नमांत्रण पर आपत्ति दर्ज करायी। सुधा देवी निवासी जटवाडा पुल ज्वालापुर ने वेतन के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करायी। प्रधान पीतपुर राकेश कुमार ने ग्राम पीतपुर के मुख्य सड़क को चौडीकरण कराने की मांग की, सुधा देवी निवासी पुल जटवाड़ा घास मण्डी ज्वालापुर हरिद्वार ने तहसील परिसर में पिछले पच्चीस वर्षों से पीआरडी के माध्य से सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य कर ही हूँ उपस्थिति पंजिका में उनकी उपस्थिति नही करायी जाती एवं न ही पीआरडी की तर्ज पर मासिक वेतन दिया जाता है। उनका पुत्र भी पिछले दस वर्षों से कार्यरत है उसे भी कोई भी वेतन या मेहनताना नही दिया जा रहा है की शिकायत दर्ज करायी। प्रियंका निवासी बद्रीवाला की धर्मशाला सब्जी मण्डी मौहल्ला रामघाट ने परिवार की निम्न आय स्तर तथा जन्म से दिव्यांग पुत्र की परवरिश हेतु अन्तोदय श्रेणी का राशन कार्ड बनाये जाने की मांग की। राकेश चौहान निवारी कीरपुर भगवानपुर ने वर्ष 2012 से समाज कल्याण विभाग से अवैध रूप से वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करायी जा रही है। देशराज निवासी छागा कचरी भगवानपुर ने सिंचाई विभाग हरिद्वार से भुगतान कराने की मांग की है।

तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, उप जिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# गंगा उफान पर बहने से पुलिस ने ग्रामीणों को गंगा किनारे न जाने की दी चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** भारी बारिश के चलते गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है पुलिस ने अनाउंसमेंट के द्वारा ग्रामीणों को गंगा किनारे न जाने की अपील की है दूसरी ओर रौ नदी उफान पर बह रही है। सुकरासा रपटे पर नदी का पानी आने से लगभग 30 गांव के लोगो की आवाजाही ठप हो गई। मजबूरन ग्रामीणों को पुराने जर्जर पुल से जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है। जबकि इस पुल के गिरने का खतरा मंडरा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने पुल से न गुजरने का चेतावनी बोर्ड भी लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि पथरी क्षेत्र के सुकरासा गांव के पास से बहने वाली रौ नदी पर बना पुल बारह सालों से जर्जर हालत में है। इस पुल को बनाने के लिए सरकार द्वारा बजट पास है।




बरसात की वजह से इस पुल का निर्माण कार्य रुका हुआ है। यह पुल पथरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों को बहादराबाद, सिडकुल, ज्वालापुर और हरिद्वार से जोड़ता है। इसके अलावा आसपास के धनपुरा, अम्बुवाला, पदार्था, पथरी झाबरी, इक्कड़, अलीपुर, दिनारपुर, सहदेवपुर, सुभाषगढ़ और ऐथल, समेत करीब 30 गांवों के लोग इसी पुल से आवाजाही करते हैं। बिशनपुर गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है पथरी पुलिस में अलॉटमेंट के द्वारा गंगा के किनारे बसे ग्रामीणों को गंगा से दूर जाने के लिए कहा और अपने पशुओं को भी गंगा से दूर रखने के लिए कहा गया है। एसओ पथरी मनोज नौटियाल ने बताया कि गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है अलॉटमेंट के द्वारा गंगा किनारे बसे ग्रामीणों को गंगा के नजदीक न जाने की अपील की गई है।

# मतलुपुर जैनपुर गांव में फायरिंग का आरोपी का आरोपी दबोचा

### तमंचा, 1 जिंदा कारतूस व 1 खोखा कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मतलुपुर जैनपुर गांव में हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मतलुपुर गांव में बच्चों के झगड़े में दो परिवार आपस में भिड़ गए थे। जिसमें एक पक्ष द्वारा फायरिंग करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। घटना के बाद सोमवार को अजरम पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम जैनपुर खुर्द लक्सर ने गांव के ही गुलशेर सहित कई लोगों को नामजद करते हुए घर में घुसकर उसे व उसके पुत्र तथा परिजनो के साथ गाली गलोच, मारपीट कर जान से मारने की नीयत से फायर करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिए थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी गुलशेर पुत्र परवश ग्राम जैनपुर खुर्द लक्सर को घटना में प्रयुक्त तमंचे व एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। बाकी आरोपियों की भी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस टीम में एसआई नवीन चौहान, एसआई हरीश गैरोला, एसआई कर्मवीर सिंह, हेडकांस्टेबल रियाज अली, पंचम प्रकाश, शूरवीर तोमर, कांस्टेबल संदीप रावत, रविन्द्र चौहान, अक्षय तोमर शामिल रहे।

# आपदा कर्मचारी की पत्नी की तहरीर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बिशनपुर के नजदीक आपदा कर्मचारी को अज्ञात बदमाश गोली मारकर फरार हो गए थे राहगीरों की मदद से कर्मचारी को जगजीतपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने उसकी हालत गम्भीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला शनिवार की देर रात आपदा चौकी पर जाते हुए एक कर्मचारी शिवम को बिशनपुर के नजदीक अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी थी। गोली मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गये राहगीरों की मदद से घायल कर्मचारी को जगजीतपुर के नजदीक एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पथरी पुलिस ने घटना का जायजा लिया पीड़ित शिवम की पत्नी लक्ष्मी निवासी सजनपुर पीली श्यामपुर ने पुलिस को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया आपदा कर्मचारी शिवम आपदा चौकी बिशनपुर ड्यूटी पर जा रहा था रास्ते में कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला कर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। मामले मे पीड़ित की पत्नी लक्ष्मी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# गंगा पहुंची खतरे के निशान के करीब

### डीएम ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को सतर्कता बरतने के दिये निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही भारी बरसात के चलते हरिद्वार में गंगा का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। भीमगोडा बैराज पर सवेरे चेतावनी जल स्तर 293.10 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि खतरे का निशान 294 मीटर है। इसके बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये है। ताकि समय रहते खतरे से बचा जा सकें। डीएम लगातार हो रही बरसात को देखते हुए नदियों के जल स्तर, बरसात और जल भराव पर पैनी नजर बनाये हुए है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को फील्ड



में बने रहने और बाढ चौकियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये है। वहीं आम नागरिकों से भी नदी तटीय इलाकों से दूर रहने व निर्धारित स्थानों पर ही स्नान करने की अपील की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बरसात इसी तरह जारी रही तो गंगा का जलस्तर और बढ़ सकता है। यूपी सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी गंगा के जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर हरिद्वार समेत अन्य शहरों में भारी बरसात की सम्भावना जताते हुए येलो अलर्ट घोषित करने पर डीएम के आदेश पर मंगलवार को जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय, अर्द्धशासकीय, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालय बन्द रहे। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि विभाग के सभी अधिकारी अलर्ट पर हैं। यूपी और उत्तराखंड दोनो राज्यों के सिंचाई विभाग के अधिकारी मॉनीटर कर रहे हैं। टिहरी डैम और अलकनंदा डैम के अधिकारियों के साथ भी समन्वय बनाकर जल छोड़े जाने और रोकने की जानकारी ली जा रही है। यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ भारत भूषण ने बताया कि पर्वतीय और मैदानों क्षेत्रों में दो दिनों लगातार हो रही बारिश से जलस्तर बढ़ना स्वाभाविक है। वर्ततान में गंगा चेतावनी स्तर से ऊपर और खतरे के निशान से नीचे है। 1 लाख 51 हजार क्यूसेक जल डिस्चार्ज हो रहा है। जिला प्रशासन और डीडीएमओ से निरंतर संपर्क बनाया गया है। प्रति घंटे वाटर लेवल और डिस्चार्ज की सूचना दी जा रही है। सभी बैराज को भी वाटर लेवल की जानकारी दी जा रही है। तटबंधों की निगरानी की जा रही है। सभी तटबंध सुरक्षित हैं। डयूटी प्वाइंट पर भी वाटर लेवल की निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम चौबीस घंटे लगातार सक्रिय है।

# हमेशा फलदायी होती है भगवान शिव की आराधना : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित विशेष शिव आराधना के दौरान कहा कि भगवान शिव की आराधना कभी भी की जाए हमेशा फलदायी होती है। सवेरे की जाने किए जाने वाले शिव पूजन से मन को शांति मिलती है। दोपहर की पूजा से इच्छाओं की पूर्ति होती है। शाम की पूजा से भक्त को शक्ति मिलती है। सावन में शिव आराधना से विवाह, कारोबार आदि में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि महादेव शिव की पूजा करते हुए समय मानसिक व शारीरिक शुद्धि का ध्यान रखें। निस्वार्थ भाव, सच्ची श्रद्धा और समर्पण भाव से शिव पूजन करें तो सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूरी होती हैं।

# मेयर किरण जैसल ने निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश और सुझाव भी दिए। निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि कार्यालय भवन का निर्माण पूरा होने पर नगर निगम के सभी कार्यालय एक ही छत के होंगे। जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आम जनता को भी सुविधा होगी।

गौरतलब है कि नगर निगम के सभी कार्यालय पूरी तरह जर्जर हालात में पहुंच चुके हैं। बरसात में कार्यालयों की छतों से पानी टपकने और प्लास्टर गिरने की वजह से अधिकारियों और



कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए बोर्ड बैठक मे नए कार्यालय भवन निर्माण का प्रस्ताव पास होने और शासन की स्वीकृति के बाद नगर परिसर में नए भवन का निर्माण चल रहा है। इस दौरान उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, जेई आकाश, जेई, प्रशांत, पार्षद दीपक शर्मा, अनुज सिंह, मनोज रावत, ललित रावत आदि भी मौजूद रहे और कार्यालय भवन निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# सनातन धर्म का अपमान नहीं किया जाएगा कतई सहन : रविन्द्रपुरी

### कथावाचकों के अशास्त्रीय कथन करने से सनातन धर्म संस्कृति को पहुंच रही हानि : स्वामी हरिचेतनानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचकों के अशास्त्रीय कथन करने से सनातन धर्म सस्कृति को जो हानि पहुंच रही है। वह गहन चिंता का विषय है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से चर्चा करते हुए स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि समाज का मार्गदर्शन सही राह दिखाना संतों का प्रमुख कार्य है। लेकिन आजकल देखने में आ रहा है कि कुछ संत व्यासपीठ पर बैठकर अनर्गल चर्चा कर रहे हैं। व्यासपीठ से महिलाओं के विषय में भी अनावश्यक टिप्पणी की जा रही हैं। हाल ही में कुछ कथा प्रवक्ताओं और एक प्रमुख संत की महिलाओं



के विषय में टिप्पणी सामने आयी है। जिससे समाज में अच्छा संदेश नहीं दे जा रहा है। सनातन धर्म को भी इससे हानि हो रही है। उन्होंने कहा कि व्यासपीठ पर बैठकर धर्म चर्चा करें। शास्त्र के अनुसार समाज का मार्गदर्शन करें। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यासपीठ पर बैठकर अनर्गल टिप्पणी करने वाले कथावाचकों व संतों के खिलाफ अखाड़ा परिषद कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

# विधायक ज्वालापुर ने लिया बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर ग्रंट में जल भराव से बिगड़े हालात, लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते हरिद्वार जिले के कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवि बहादुर ने मंगलवार को ग्राम अहमदपुर ग्रंट का दौरा कर बाढ़ से प्रभावित इलाकों की स्थिति का मौके पर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जलभराव से उत्पन्न हो रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग हरिद्वार एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलाया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



विधायक ने गांव की सड़कों पर हुए नुकसान और जल भराव की स्थिति का निरीक्षण करते हुए कहा कि भारी वर्षा के कारण गांव की मुख्य सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित सड़कों की मरम्मत कार्यों को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए और जिन स्थानों पर जल निकासी की समस्या है, वहां जल निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर गांव के प्रधान गुरुमीत सिंह, पूर्व प्रधान सुरजीत सिंह लाडी, मोनू प्रजापति, सुंदरलाल, अमित यादव, सचिव तनुज चौहान, बीडीसी सदस्य वीरेंद्र सैनी, मोनू पाल, बलविंदर, राजकुमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने गांव की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा और तत्काल समाधान की मांग की। विधायक रवि बहादुर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह से जनता के साथ है और किसी को भी परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासन को पूरी तरह अलर्ट मोड में रहना होगा। यदि कहीं लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पेयजल, चिकित्सा और आवागमन जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए भी विधायक ने अधिकारियों को ठोस योजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अगले 24 से 48 घंटे में सभी प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

# आज बंद रहेंगे मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों एवं समस्त आंगनबाडी केन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान केन्द, देहरादून द्वारा दिनांक 5 अगस्त को अपरान्ह 1:30 बजे मौसम पूर्वानुमान का रेड अलर्ट जारी करते हुए अगले 24 घण्टे में जनपद हरिद्वार में भारी वर्षा, बिजली के साथ अत्यधिक भारी वर्षा/ तूफान होने की सम्भावना व्यक्त की गयी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून से जारी मौसम पूर्वानुमान / चेतावनी तथा पर्वतीय जनपदों में हो रही लगातार वर्षा से जनपद अन्तर्गत नदी-नालों का जलस्तर अधिक बढ़ने की सम्भावना के दृष्टिगत आपदा प्रबन्धन अधिनियम-2005 की धारा-30 (2) में प्रदत्त शक्तियों के आधार पर छात्रहित एवं बाल्यहित को देखते हुए जनपद हरिद्वार अन्तर्गत समस्त राजकीय / परिषदीय/ सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों एवं समस्त आंगनबाडी केन्द्रो का संचालन 6 अगस्त को बन्द रहेगा।

अतएव निर्देशित किया जाता है कि समस्त तहसील एवं संबंधित विभाग उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

# गुरुकुल धरने पर पहुंचे भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरूकुल कांगडी समविश्वविद्यालय की भूमि को बेचने व खुर्द बुर्द नही होने दिया जायेगा। जिन लोगों ने गुरुकुल की जमीन को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन किया है वह स्वयं को इससे अलग कर लें, नहीं तो उन्हें किसी कीमत पर माफ नहीं किया जाएगा। यह उद्गार भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में आन्दोलनरत कर्मचारियों के समर्थन में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में अपने समर्थकों सहित पहुंचे चौधरी राकेश टिकैत ने कर्मचारियों के धरने का समर्थन करते हुए कहा कि आन्दोलनरत कर्मचारी मध्यम व गरीब वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार को सुरक्षित रखने




के लिए समविश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा जारी यू0जी0सी0 अधिनियम 2023 लागू करने के लिए आन्दोलनरत हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा जारी उपरोक्त अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शत प्रतिशत अनुदान मिलने के चलते समविश्वविद्यालय में कुलाधिपति व कुलपति भारत सरकार नियुक्त किए जाने का समर्थन करते हुए कहा कि इससे समविश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक बेहतर कार्य करते हुए बच्चों के लिए पढ़ाई के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के इस आन्दोलन में वह पूर्ण रूप से कर्मचारियों के साथ है। समविश्वविद्यालय के इस विषय को लेकर वह दिल्ली में बैठे आला अधिकारियों को भी पत्र लिखकर जल्द ही गुरुकुल में यूजीसी अधिनियम 2023 लागू कराने के लिए लिखेंगे। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज व महामंत्री नरेन्द्र मलिक ने किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत को समविश्वविद्यालय में चल रहे धरने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अवगत कराया। बैठक को किसान नेता सूबे सिंह ढिल्लो, चौधरी संजय सिंह, जाट महासभा के डी0पी0 सिंह, सुभाष मलिक, शत्रुघ्न झा, छात्र नेता आशु मलिक सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. धर्मेन्द्र बालियान ने किया। इस अवसर पर किसान यूनियन व जाट महासभा के विभिन्न पदाधिकारी व सदस्य तथा समस्त शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा के अन्त में यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत के कर्मचारियों के समर्थन में आने से कर्मचारी आन्दोलन को नई गति व ऊर्जा मिली है।

# ऑपरेशन कालनेमी : दो बेहरुपी बाबाओं को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमन्त्री उत्तराखण्ड द्वारा जारी "ऑपरेशन कालनेमी" अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर, हरिद्वार एवं पुलिस उपाधीक्षक ज्वालापुर हरिद्वार की पर्यवेक्षण' में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के कुशल नेतृव में पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान 2 बहरुपी बाबा जो बाबाओं के भेष मे तन्त्र-मन्त्र, जादू -टोना आदि की कलाओं को दिखाकर स्थानीय व्यक्ति एवं यात्रियो को अपनी ओर आकर्षित कर कर रहे थे। जिस कारण उक्त स्थान पर काफी भीड़-भाड़ होने के कारण इन बेहरुपी बाबाओं के उक्त कृत्य से स्थानीय लोगो एवं यात्रियो के भडकने/उग्र होने की होने की सम्भावना के दृष्टिगत कोतवाली ज्वालापुर की पुलिस टीम ने नहर पटरी, सराफा बाजार से कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र से 2 बेहरुपी बाबाओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार बाबाओ के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस को पुछताछ में बेहरुपी बाबाओं ने संजय गिरी पत्नी ओमप्रकाश गिरी निवासी बन्शी बाला दूधाधारी चौक पुल के नीचे, हरिद्वार व राम सिंह पुत्र बाबूराम निवासी काठमांडू नेपाल हाल निवासी पीर बाबा का मजार ऊंचा पुल ज्वालापुर हरिद्वार बताया। पुलिस टीम में कां. गणेश तोमर, कां. आलोक नेगी, कां. कपिल गोला शामिल रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

## प्रवेश एवं प्रवेश शुल्क पोर्टल खोलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने छात्र संघ अध्यक्ष के प्रत्याशी हिमांशु भट्ट के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष को एक मांग पत्र सौपा।

जिसमें उन्होंने बीए, बीएससी, बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर के प्रवेश एवं प्रवेश शुल्क पोर्टल खोलने की मांग के साथ ही रिक्त सीटों में भी प्रवेश कराने की मांग की।

साथ ही उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि छात्रों के हित में पांच दिन के अंदर तिथि नहीं बढ़ाई गई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मांग पत्र सौंपने वालों में हैदर, पवन कुमार, दानिश, अरशद, सुमित, विपिन, अभय, आशुतोष, शहबाज, विनय तथा यश समेत तमामा छात्र शामिल थे।

# एसएसबी को नेपाल बॉर्डर पर मिली बड़ी कामयाबी

## 11 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा के साथ नेपाली नागरिक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/ बनबसा।** भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल की बड़ी कार्रवाई से हडकम्प मचा हुआ है। सीमा पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों की मुस्तैदी से आए दिन अवैध रूप से संचालित गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को 11 लख रुपए की भारतीय मुद्रा के साथ नेपाली नागरिक को सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने चेकिंग के दौरान बॉर्डर पर धर दबोचा।

जानकारी के मुताबिक 57 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के दिशा निर्देश पर सीमा बल, सितारगंज के नेतृत्व में सीमा पर तस्करी के



विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसबी के सतर्क जवानों ने एक नेपाली नागरिक के पास से बड़ी मात्रा में भारतीय मुद्रा बरामद की है। बताया जा रहा है कि आरोपी भारतीय करेंसी अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहा था। भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र बल चौकी बनबसा का एक जाँच दल अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान हरी बहादुर, पिता ख्र डाल बहादुर (उम्र 49 वर्ष), निवासी ख्र ग्राम बजांग, जिला कलाली धन्गरी, नेपाल, भारत से नेपाल जाने हेतु सीमा पर पहुँचा। एसएसबी की सतर्कता और संदेह के आधार पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से कुल 11,00,000/- (ग्यारह लाख रुपये) की भारतीय मुद्रा बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह दिल्ली के कप्सेरा बॉर्डर क्षेत्र में चिकन की दुकान चलाता है। जब उससे इतनी बड़ी राशि से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, तो वह कोई भी संतोषजनक दस्तावेज नहीं दिखा सका। इस पर एसएसबी द्वारा भारतीय मुद्रा जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति को सीजर मेमो के साथ बनबसा कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि सशस्त्र सीमा बल की मुस्तैदी और तत्परता से सीमा क्षेत्र में हो रही तस्करी पर सख्त लगाम लगाई जा रही है। यह अभियान एसएसबी की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों को तस्करी, भय और अपराध मुक्त बनाना है। इस अभियान में निरीक्षक लाल चंद के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक जयपाल, आरक्षी प्रियंका कुमारी, मुकेश कुमार, नेहा सहित अन्य जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एक नजर...

## रंगारंग कार्यक्रम के जरिए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** वाराही धाम में चल रहे बग्वाल मेले के उद्घाटन अवसर पर यहां विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं एवं बाल कलाकारों ने एक ओर जहां दर्शकों की खूब तालियां बटोरी वहीं आयोजन को भव्य और आकर्षक भी बना दिया।

इस आयोजन में राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की दिलकश प्रस्तुति के माध्यम से यहां पहुंचे अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उधर प्राथमिक विद्यालय के बाल कलाकारों ने ष्मां नंदा सुनंदा राजरात यात्राष्का ऐसा अद्भुत नजारा प्रस्तुत किया लोग देखते ही रह गए। आदर्श राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने ष्कैशली भूमि आली गरुड़ष बोल में झोड़ा नृत्य का गायन किया और प्रियंका व अंजलि का एकल नृत्य ने भी खूब तालियां बटोरी।

# वाराही धाम में बारह दिवसीय बग्वाल मेले का हुआ शुभारंभ

- पूर्वजों की विरासत व परंपरा को पीढ़ीदर-पीढ़ी सौंपते आ रहे हैं यहां के लोग
- तीर्थ यात्रियों का किया जाए मेहमान की तरह स्वागत: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध वाराही धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले पाषाण युद्ध के लिए विख्यात बारह दिवसीय ष्बग्वालष मेले का आज विधिवत वैदिक मंत्रोपचार के साथ शुभारम्भ हो गया है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सर्व प्रथम मां वज्र वाराही के गर्व ग्रह में पूजा अर्चना की और बाद में संस्कृत महा विद्यालय के बच्चों द्वारा वेद वाणी के साथ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर मेले का आगाज किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि



कुमाऊं के हृदय में वसा देवीधुरा एक ऐसा दिव्य स्थल है जहां वाराही मां की अलौकिक मान्यताएं रही हैं। पुराणों के अनुसार वाराही धाम में ऐसी तमाम शिला लेख मंदिर परिसर में विद्यमान हैं जिनकी अपनी अलौकिक मान्यताएं एवं परंपराएं रही हैं। यहां के मेले का मुख्य आकर्षण ष्बग्वालष की परंपरा सदियों से चली आ रही है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने पूर्वजों की शताब्दी पूर्व की परंपरा को पीढ़ीदर-पीढ़ी एक दूसरे को सौंपते हुए इसके साक्षी बनते रहें। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा वाराही धाम को केंद्र बिंदु बनाकर यहां पर्यटन एवं धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब इस ओर देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रुख करेंगे। उन्होंने मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों का मान सम्मान अतिथियों की तरह किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि मेला अवधि में सभी विभाग आपसी सहयोग व समन्वय के साथ कार्य करें।

## देवीधुरा के बग्वाल मेले के पीछे छुपी है आध्यात्मिक एवं पौराणिक गौरव गाथाएं: जोशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** देवीधुरा के बग्वाल मेले के पीछे यहां के शौर्य, पराक्रम, आध्यात्मिक एवं पौराणिक गौरव गाथाएं छुपी हुई हैं। वाराही धाम में मां वाराही के विभिन्न रूपों में पूजा अर्चना होती है।

यह बात श्रीवाराही मंदिर ट्रस्ट के पहले अध्यक्ष एवं रेलवे डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर के पूर्व महानिदेशक हीरा बल्लभ जोशी ने कही। अपरिहार्य कार्य के चलते मेला उद्घाटन समारोह में शामिल न हो पाए श्री जोशी ने अपने संदेश में आयोजन के मुख्य अतिथि समेत सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रकृति ने वाराही धाम को एक अलौकिक रूप एवं स्वरूप दिया हुआ। यह एक पीठ नहीं धाम है। यहां उनकी कृपा के बिना पत्ता तक नहीं हिलता है। उन्होंने कहा यहां पर जो कुछ भी अनुष्ठान होते हैं, उसकी प्रेरणा उन्हें मां वाराही से ही मिलती है।

इससे पूर्व जिलाधिकारी का आयोजन समिति द्वारा ढोल नगाड़ों, छलिया नृत्य व बच्चों की कलश यात्रा के साथ देवीधुरा मुख्य बाजार से मंडल तक लाया गया। अपनी विशिष्ट कार्य शैली एवं संस्कृति से विशेष पहचान बना चुके जिलाधिकारी ने मेले में अपने इष्ट मित्रों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। आयोजन कीर्ति शास्त्री, विक्रम कथायत के संच. ालन में हुए इस समारोह में चार खाम, सात थोक की ओर से जिलाधिकारी का भाव स्वागत किया गया। इस अवसर उपजिलाधिकारी नीतीश डांगर, सीओ एस एस राणा, जिलापंचायत के एएमए कमलेश बिष्ट एवं लड़वाल फाउंडेशन के सीईओ नरेंद्र सिंह लढ़वाल, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, रौशन सिंह लमगड़िया, हयात सिंह बिष्ट, खीम सिंह लमगड़िया, खाम प्रमुख त्रिलोक सिंह बिष्ट, वीरेंद्र लमगड़िया, विशन सिंह चम्याल दीपक चम्याल, चंदन सिंह, ईश्वर सिंह बीडीसी सदस्य, राजू बिष्ट आदि ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि के स्वागत में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।

## वरिष्ठ भाजपा ने भू कटान का लिया जाएजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने पुरानी गल्ला मंडी स्थित गौला नदी द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे भू कटान से एसडीएम को दूरभाष पर अवगत कराते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं बचाव कार्य के तैयार रहने की अपील की।

पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण पुरानी गल्ला मंडी स्थित गौला नदी में तेजी से बढ़ रहे जल स्तर को देखते हुए बाढ़ संभावित इलाकों तथा नदी कटाव क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुरक्षा और बचाव के लिए प्रशासन से कड़ी नजर रखते हुए बचाव कार्य के लिए मुस्तैद की अपील करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने पुरानी गल्ला मंडी स्थित गौला नदी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन से अपील करते हुए गौला नदी क्षेत्र के निचले इलाकों में प्रशासन से राहत व बचाव दल को अलर्ट करते हुए प्रभावितों के लिए जरूरी संसाधन की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए पहले से ही सभी आवश्यक कदम उठा लिए जाएं ताकि जान-माल के नुकसान से बचा किया जा सके। इस दौरान संजीव कुमार सिंह के साथ ब्रह्मानंद पुरोहित, भाजयुमो नेता विशाल चौहान, धनंजय सिंह, नवीन सिंह, कमलेश दुबे, करन गंगवार, मनोज गुप्ता, नवीन सिंह आदि थे।

## करोड़ों की लागत के नाले बने 'तालाब' का कारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** लगातार हो रही बारिश ने नगर के जेल कैंप रोड और आसपास के इलाकों को तालाब में बदल दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि पहले जो पुराने नाले बने हुए थे, उनमें पानी कभी नहीं भरता था, लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए नए नालों के बाद हालात और बदतर हो गए हैं।

लोग अब खुले तौर पर कह रहे हैं कि "हमें पुराने नाले लौटा दिए जाएं", क्योंकि नए नालों ने जलनिकासी की समस्या को और बढ़ा दिया है। कल पीडब्ल्यूडी जेई सतपाल सिंह के स्थान पर ईश्वर सिंह जोशी, नगर पालि. का ईओ प्रतिभा कोहली ने स्थल निरीक्षण किया। नगर पालिका के कर्मचारी लगातार नाले साफ करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए नालों से पानी की निकासी का कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। वार्ड के सभासद रवि रस्तोगी ने पीडब्ल्यूडी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि "पीडब्ल्यूडी सबसे भ्रष्ट विभाग है। जिलाधिकारी, एसडीएम, जेई ख्र सभी को मैं लगातार फोन कर रहा हूं, वीडियो भेज रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। सबने आंखों पर पट्टी बांध रखी है।" रस्तोगी ने सवाल उठाया कि पीडब्ल्यूडी अपनी DPR (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) में यह बताए कि पानी की निकासी की व्यवस्था कहां की है।

उनका कहना है कि जेई सतपाल सिंह जनप्रतिनिधियों की राय को नजर. अंदाज करते हुए मनमर्जी से काम कर रहे हैं, जो शहर को डुबाने का काम है। सभासद के अनुसार, लाइब्रेरी के पास खोदे गए नाले को पीडब्ल्यूडी ने नहर में जोड़ा, लेकिन हालात यह हो गए कि नहर ओवरफ्लो होकर पानी उल्टा सड़कों पर वापस आ गया। जेल कैंप रोड के नाले को खटीमा रोड के बड़े नाले से जोड़ा जाना चाहिए था ताकि पानी सही से निकल सके, लेकिन किसी भी नए नाले को पुराने मुख्य नालों से कनेक्ट नहीं किया गया है।

रस्तोगी ने आरोप लगाया कि नाला निर्माण का कार्य जिस ठेकेदार को दिया गया है, वह मानकों के विपरीत काम कर रहा है। करीब 20-25 दिन से कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, और जब काम शुरू होता है तो मात्र 3-4 मजदूरों के सहारे।

जिस काम को दो माह में पूरा होना था, उसे एक साल होने को है, फिर भी अधूरा है सभासद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे और वार्डवासी इसी गंदे पानी में बैठकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे और पानी की निकासी होने तक नहीं हटेंगे। आज वार्ड के लोगों के साथ सभासद रवि रस्तोगी गंदे पानी में खड़े होकर पीडब्ल्यूडी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

उनका कहना है कि यह सिर्फ बारिश का पानी नहीं है, बल्कि यह भ्रष्टाचार और लापरवाही का पानी है जो जनता के जीवन को नारकीय बना रहा है। इस मौके पर अनिल रस्तोगी, जितेंद्र सैनी, सतवीर सिंह नीनू, मनोज, कमल चंद्र, तस्लीम अंसारी, मंजू कुमार आदि मौजूद थे।

# दो दिवसीय संकुल स्तरीय खो खो प्रतियोगिता आज से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आज बुधवार से दो दिवसीय क्षेत्रीय संकुल स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है।

प्राचार्य कमल किशोर तिवारी ने बताया कि 6 और 7 अगस्त को हो रही इस प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए टीमों का आना भी शुरू हो गया है।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ संभाग के 21, जवाहर नवोदय विद्यालयों से चयनित 7 संकुल आगरा, लखनऊ, वाराणसी व हरिद्वार सहित 252 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे



जिसमें 24 मार्ग दर्शक शिक्षक सहित 10 निर्णायक मंडल के सदस्य शामिल होगे। संकुल स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता तीन श्रेणी, अंडर-14, अंदर-17 अंडर-19 में संपन्न होगी। इस कार्यकम के मुख्य अतिथि चंदन सिंह बिष्ट, जिला कीडाधिकारी चंपावत होगें। उन्होंने बताया कि मेजबान विद्यालय द्वारा अतिथि खिलाड़ियों एवं शिक्षकों के स्वागत की विशेष तैयारी की जा रही है। आज यहां आजमगढ़ की 36 सदस्यीय टीम पहुंच चुकी है। यहां की सुरम्य वादियों को देखकर बच्चों की खुशियों का कोई ठिकाना नहीं हैं।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के चतुर्थ दल का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों के चतुर्थ दल के आगमन पर लायंस क्लब परिवार टनकपुर द्वारा पर्यटक आवास गृह में जोरदार स्वागत किया गया । साथ ही कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के प्रस्थान पर श्रद्धालुओं को रूद्राक्ष की माला एवं शाल पहनाकर श्रद्धालुओं का अभिनन्दन किया गया।




लायन्स क्लब परिवार की तरफ से कैलास मानसरोवर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को सफल एवं सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी गई । इस दल में देश के 15 राज्यों से आए 48 श्रद्धालु जिसमें 34 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल है। कैलाश मानसरोवर यात्रा के शुभ अवसर का साक्षी बनने जा रहे हैं। क्लब अध्यक्ष लायन अनुराग अग्रवाल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की इस यात्रा के लिए चुने गए यात्री इस दिव्य अभियान में भाग लेने के लिए वास्तव में धन्य है। यह भगवान शिव का आहवान है। और दिव्य आशीर्वाद का यह सौभाग्य इन्हें प्राप्त हुआ है। लायंस क्लब परिवार आपकी सुरक्षित यात्रा और एक अच्छे आध्यात्मिक अनुभव की कामना करता है। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप के अथक प्रयासों से देश के मानचित्र पर टनकपुर का नाम अंकित हुआ है। साथ ही टनकपुर वासियों को कैलाश मानसरोवर श्रद्धालुओं के स्वागत एवं अभिनन्दन का सौभाग्य प्राप्त हुआ । इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, कार्यक्रम सयोजक लायन रचित महरोत्रा ,कार्यक्रम संयोजक लॉयन वैभव अग्रवाल ,सचिव लॉयन गौरव अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष लॉयन दीपक जैन ,लॉयन दीपक शारदा ,लॉयन विनय अग्रवाल ,लॉयन दीपक छतवाल ,लायन राजीव आर्य ,लायन पुनीत शारदा उपस्थित रहे।

## डायनेस्टी गुरुकुल को वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मिला कांस्य पदक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सीबीएसई द्वारा आयोजित क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्रों ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

31जुलाई से 4 अगस्त तक जेएमएस पब्लिक स्कूल हापुड में आयोजित अंडर-19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसप्रतियोगिता में लगभग 196 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया गया था। डायनेस्टी गुरुकुल के छात्रों ने अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं

आयोजक मंडल द्वारा विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने समस्त प्रतिभागी विद्यार्थियों व खेल प्रशिक्षक भरत बिष्ट को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अद्भुत प्रदर्शन कर आप सभी ने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों व प्रशिक्षकों की मेहनत, टीम वर्क और खेल भावना के कारण ही यह गौरव का पल प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के भीतर छिपी अन्य अनेक प्रतिभाओं को भी निखारने हेतु प्रयासरत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करने के लिए कहा।

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आइवन, हरीश भट्ट, दिगंबर भट्ट, सुरेश ओली, अशोक जोशी, सुरेंद्र रावत, मनीष ठाकुर, विजय रावत, गोविंद खाती, परविंदर खाती, मनीष कुंवर, कमल इकराल, कल्पना चंद, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, दीपा भट्ट, दीपा डसीला, सचिन तिवारी, रमेश जोशी, गिरीश जोशी, ललित मोहन कापड़ी, माया जोशी, मंजू चंद, नरसिंह कुंवर, चामू दानू, बालकृष्ण थापा व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रपटा पुल धंस कर नदी में गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

किच्छा। पहाड़ों पर लगातार हो रही बरसात के कारण नगर के पूर्व में बह रहीं गौला नदी का जलस्तर बढ़ने तथा लगातार भू कटान के कारण कई जगह से रपटा पुल धंस कर नदी में गिर गया तथा यही स्थिति रही तो देर रात में गौला नदी के कटान से रपटा पुल गिरकर नदी में समा जायेगा।

पहाड़ों पर लगातार हो रही प्रथा के कारण पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण करोड़ों रुपए की लागत से बने रपटा पुल को खोखला कर दिया तथा की मीटर रपटा पुल धसक कर नदी में समा गया है तथा देर यहीं स्थित रही तो रपटा पुल पूरी तरह नदी में समा जायेगा तथा आवागमन बंद हो जएगा। गौला नदी द्वारा तेजी से किए जा रहे भू कटान से क्षेत्रीय लोगों में भारी भय का माहौल बना हुआ है।

वहीं गोला नदी के पास स्थित बस्ती के लोगों ने रोष व्यक्त करते

## पंतनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा को सांसद ने पुलिस महानिदेशक को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रपुर। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने पंतनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा हेतु पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है।



श्री भट्ट ने पत्र में लिखा है कि मेरे संज्ञान में आया है कि पंतनगर एयरपोर्ट, का नवंबर 2026 तक RCS (Regional Connectivity Scheme) उड़ान योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार का एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया के साथ अनुबंध हुआ है। वर्तमान में यहा पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर एयरपोर्ट बनना प्रारम्भ हुआ है। अभी उसके बाउण्ड्री वॉल तथा इत्यादि कार्य प्रारम्भ हो गया है। हमारी सरकार ने लगभग 800 एकड़ भूमि दे दी है, जिसका पजेशन (कब्जा) भी एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया को हो चुका है, परन्तु यहां पर जो सुरक्षा के अन्तर्गत सिपाही/अधिकारी होने चाहिए थे, वह अपेक्षाकृत बहुत कम है। वर्तमान में स्वीकृत 75 पद के सापेक्ष मात्र 21 पद ही भरे है।

श्री भट्ट ने पत्र में लिखा है कि यह भी संज्ञान में आया है कि पैरीमीटर वॉच टॉवर एवं एयरपोर्ट सुरक्षा दीवार पर सुरक्षा देने वाला कोई भी सुरक्षा कर्मी उपलब्ध नहीं है, जबकि वहां पर 24 घण्टे सुरक्षा होना अति आवश्यक है। पंतनगर एयरपोर्ट, RCS (Regional Connectivity Scheme) के तहत होने के कारण ब्ैथ् अभी नवंबर 2026 तक नहीं आ सकती है, क्योंकि उत्तराखण्ड सरकार का एग्रीमेन्ट (इकरारनामा) नवंबर, 2026 तक है, इसलिए यहां पर स्वीकृत 75 पदों में से शेष रिक्त पदों का बढ़ाया जाना सुरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। श्री भट्ट ने कहा है कि हवाई यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में स्वीकृत पदों के अनुसार सुरक्षा कर्मी लगाया जाना बेहद आवश्यक है।

# डा. दुष्यंत 'नेशनल को-कन्वीनर वाइल्डलाइफ एंड जू वेटरिनेरियन के रूप में सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. दुष्यंत शर्मा को इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन द्वारा 'नेशनल को-कन्वीनर वाइल्डलाइफ एंड जू वेटरिनेरियन के रूप में सम्मानित किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. दुष्यत शर्मा को इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन नेशनल कन्वीनरजू एंड वाइल्डलाइफ वेटरिनेरियन नामित कर सम्मानित किया गया है।कार्बेट



में डॉक्टर दुष्यंत शर्मा का अनुभव और समर्पण अनुकरणीय रहा है।अब तक उन्होंने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व एवं आस-पास के क्षेत्रों में 200 से अधिक बाघों और गुलदारी का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। इन सभी मामलों में उन्होंने न केवल जानवरों की जान बचाई बल्कि स्थानीय समुदायों और वन विभाग की टीमों के साथ मिलकर कार्य करते हुए संघर्ष की स्थितियों को भी नियंत्रित किया गया।उत्तराखंड में राजाजी टाइगर रिजर्व में बाघों की आबादी को सुदृढ करने के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से 5 बाघों के सफल ट्रांसलोकेशन की महत्वपूर्ण परियोजना में डॉक्टर दुष्यंत शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला,उप उपनिदेशक राहुल मिश्रा,पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटि, रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला,रेंजर उमेश आर्या सहित रिजर्व के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।डॉ० दुष्यंत शर्मा की यह उपलब्ध आने वाले समय में कार्बेट ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के वन्यजीव चिकित्सको के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगी।

## शुरू हुआ मां बज्र वाराही की पूजा अर्चना का क्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** वाराही धाम में आज श्रावणी एकादशी के दिन चार खाम, साथ थोको की उपस्तिथि में मां बज्र वाराही के सिंघन डोले की पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

पंडित गिरिजा शंकर जोशी द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराई गई जिसमें चमियाल खाम के प्रमुख गंगा सिंह चमियाल, कल्याण चमियाल बालिक खाम की ओर से बद्री सिंह बिष्ट, दीवान सिंह, लमगड़िया खाम की ओर से वीरेंद्र सिंह लमगड़िया एवं गहढ़वाल खाम की ओर से त्रिलोक सिंह बिष्ट, राम सिंह, मनोज सिंह, कोटना गांव के भोपाल सिंह गुरना के पुजारी महेश चंद्र, कटना के पुजारी जगदीश चंद्र शामिल हुए। लगभग चार घंटे तक चली इस पूजा अर्चना में मां वाराही के विभिन्न रूपों की पूजा की गई।

# गड्ढे में दफनाया शव, सिर और हाथ गायब

## हल्द्वानी के गौलापार में दस साल के मासूम की निर्मम हत्या से हड़कंप

### हिरासत में हत्यारोपी, खून से सनी थी आरोपी की शर्ट, सिर और हाथ की तलाश में पुलिस का सर्च अभियान



अमित मौर्या का फाइल फोटो









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर से सटे गौलापार क्षेत्र में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक दस साल के मासूम बालक का शव बरामद हुआ। मामला सीधे तौर पर हत्या का है, क्योंकि बालक के शरीर पर से सिर और दाहिने हाथ की हथेली गायब है। बालक सोमवार के दिन लापता हुआ था। हत्या की निर्मम वारदात के बाद आरोपी ने बच्चे की लाश को घर के पीछे ही दफना दिया और आराम से घर में सो गया। यह वारदात या तो दुष्कर्म के बाद अंजाम दी गई या फिर बलि के लिए, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से बरेली जनपद निवासी खूबकरन मौर्या पिछले करीब 18 साल से गौलापार के पश्चिम खेड़ा इलाके में पत्नी, दो पुत्र-पुत्री के साथ रहते हैं। बच्चों में 10 साल का बेटा अमित मौर्या भी था। स्थानीय लोगों के मुताबिक अमित सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर से अचानक लापता हो गया। उसके लौटने में देर हुई तो तलाश शुरू की और तलाशते-तलाशते शाम ढली तो परिवार और रिश्तेदार काठगोदाम थाने पहुंचे।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और तलाश में जुट गई। इससे पहले परिवार के लोग जब बच्चे को तलाश रहे थे तो उन्हें वारदात से जुड़ी कुछ अहम बातें सुनने को मिलीं। जिसके बाद पुलिस मृतक के घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित आरोपी के घर पहुंची। नशे के लती आरोपी ने पुलिस को गुमराह कर दिया और कह दिया कि उसे अमित के बारे में कुछ भी नहीं पता।

इसी दरमियान आरोपी के घर के पास लगे एक सीसीटीवी का फुटेज पुलिस ने खंगाला तो अमित नजर आया और नजर आया कि अमित के आगे वही आरोपी चल रहा था, जिसने पुलिस को गुमराह किया। पुलिस उसके पास फिर पहुंची, लेकिन उसने मुंह नहीं खोला। डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। खोजबीन करती पुलिस रात 11 बजे के करीब आरोपी के घर के पहुंची तो हत्या के निशान मिलने शुरू हो गए। यहां अमित की चप्पल मिली, लेकिन काफी तलाश के बावजूद अमित नहीं मिला।

अगली सुबह यानि मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के घर के पीछे सर्च अभियान चलाया। यहां आम के पेड़ के नीचे जमीन का एक हिस्सा नजर आया, जो कुछ घंटे पहले ही खोदा गया जैसा लग रहा था। डॉग स्क्वाड भी सूंघता हुआ गड्ढे तक पहुंचा तो पुलिस ने खोदाई शुरू कराई। कुछ फीट नीचे ही पुलिस को खून से सना एक कट्टा नजर आया। बाहर निकालकर उसे खोला गया तो अमित की लाश मिली, लेकिन सिर और दाहिने हाथ की हथेली के बगैर। जिसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

आरोपी के घर में सर्च के दौरान पुलिस को खून से सने कपड़े मिले हैं। आरोपी का एक बड़ा भाई भी है और पिता वन विभाग से सेवानिवृत्त बाबू हैं। बताया जाता है कि घटना के रोज घर में बड़ा भाई और पिता नहीं थे। जबकि मां घास काटने गई थी। पुलिस को आरोपी के मां की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। फिलहाल, पुलिस आरोपी के पूरे परिवार से पूछताछ कर रही है। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### बलि, दुष्कर्म या फिर हत्या की वजह कुछ और ?

दस साल के बालक का गड्ढे में दफन शव और वो भी बिना सिर और दाहिनी हाथ की हथेली का। मामला बड़ा पेचीदा प्रतीत हो रहा है। पुलिस खुलासा करेगी तभी इस रहस्य से पर्दा उठेगा कि आखिर बालक की हत्या करने का मकसद क्या रहा होगा। बहरहाल इसके कयास लगाए जा सकते हैं कि हत्या के पीछे एक वजह दुष्कर्म या फिर बलि हो सकती है। सीसीटीवी में जिस शख्स के पीछे-पीछे मृतक बालक अमित को चलते देखा गया है, वो नशे का आदी है। उसी के घर से खून से लथपथ कपड़े और अमित की चप्पल मिली है और घर के पीछे ही एक गड्ढे में अमित के शव को दफनाया गया। पुलिस को अमित का सिर और हथेली अभी तक नहीं मिली है और न ही आलाकत्ल बरामद हुआ है। जिसको तलाशने के लिए पुलिस सर्च अभियान चला रही है। बहरहाल पुलिस इस मामले का खुलासा कर किस रहस्य से पर्दा उठाएगी यह अभी भविष्य के गर्भ में छिपा है।

### फुटेज में दिख रहे हिरासत में लिए गए युवक ने नहीं खोला मुंह

**हल्द्वानी।** आरोपी के घर के पास लगे एक सीसीटीवी का फुटेज मंगलवार को खंगाला तो अमित और अमित के साथ चलता आरोपी नजर आया। हालांकि शक के आधार पर पुलिस सोमवार रात ही आरोपी तक उसके घर पहुंच गई थी, लेकिन उसने मुंह नहीं खोला। अगली सुबह सीसीटीवी फुटेज में आरोपी के नजर आने के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई। शव बरामद होने के बाद आरोपी के गर का चप्पा-चप्पा खंगाल डाला गया। आरोपी के खिलाफ तमाम सुबूत मिले, लेकिन उसने जुबान पर ताला जड़ लिया था। वह न रात बोला और न ही दिन में मुंह खोला।

### बिना हाथ और सिर का बेटा देख मां ने खोया आपा, आरोपी के घर में सिर पटककर मांगा इंसाफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** औलाद को हमेशा के लिए खो देने का दर्द मां-बाप को तोड़कर रख देता है। जिस मां ने अमित को 10 साल तक लाड-प्यार देकर पाला, उसे बिना सिर और हाथ के देख पुष्पा का कलेजा फटकर रह गया। कब्र में एक कट्टे के साथ दफन अमित की लाश बाहर निकली तो पुष्पा होश खो बैठी। कभी वो पुलिस को कोसती तो कभी भगवान को और जब कहीं से उसे दिलासा नहीं मिला तो हत्यारोपी के आंगन में सिर पटक-पटक कर कोसती और खुद को खत्म करने का प्रयास करने लगी। बेटे की मौत का गम उस पर इस कदर हावी था कि देखने वालों की आंखें नम हो गयीं।

पश्चिमी खेड़ा गौलापार में रहने वाले खूबकरन मौर्या बंटाईदार हैं। पत्नी संग खेतों में मेहनत कर परिवार पालते हैं। सोमवार रात भर परिवार और रिश्तेदारों ने अमित को तलाश किया। परिजनों को रात ही पता लग गया था कि अमित के लापता होने के पीछे उनके घर से सौ मीटर की दूरी पर रहने वाला एक नशेड़ी युवक है। परिवार के लोगों ने पुलिस को यह बताया भी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जबकि मंगलवार को आम के पेड़ के नीचे से जहां अमित की लाश बरामद की गई, वहीं पास में सोमवार रात डॉग स्क्वाड को उसकी चप्पल मिली थी। परिजनों को इस का अफसोस और नाराजगी है कि अगर पुलिस ने रात ही उनकी बात पर गौर किया होता तो शायद बच्चे को पहले ही बरामद कर लिया गया होता। खूबकरन ने बताया कि उनका बेटा 5वीं कक्षा का छात्र था और उन्हें इंसाफ चाहिए। सीओ सिटी नितिन लो. हनी ने बताया कि बच्चे का शव बरामद किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## थराली की आपदा विचलित करने वाली: गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरकाशी में आई भीषण त्रासदी ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना पर अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। उन्होंने बताया कि इस आपदा के कारण सैकड़ों लोगों के घर उजड़ गए हैं और कई परिवार लापता बताए जा रहे हैं। अतुल गुप्ता ने राज्य सरकार से अपील की है कि त्रासदी का वास्तविक आकलन शीघ्र किया जाए और जिन लोगों के परिजन या घर-परिवार लापता हैं, उनकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जाए। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों को युद्ध स्तर पर कराने की मांग करते हुए कहा कि एनडीआरएफ की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, अतिरिक्त टीमें भेजी जाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही अतुल गुप्ता ने आग्रह किया कि घायलों के समुचित इलाज के लिए डॉक्टरों की विशेष टीमें तैनात की जाएं ताकि जिनकी जान बचाई जा सकती है, उन्हें तत्काल उपचार मिले। उन्होंने कहा इस समय पूरा व्यापारी उत्तरकाशी के पीड़ितों के साथ खड़े हैं। इस मौके पर जीवन सिंह कार्की और भूपेश बिष्ट सहित कई लोग थे।

### चाकू व शराब के साथ दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे एक युवक को बनभूलपुरा पुलिस ने स्लॉटर हाउस के पास चेकिंग के दौरान चाकू के साथ गिरफ्तार किया तो वहीं दूसरी ओर एक शराब तस्कर को भी दबोचा। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि बनभूलपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त व चैकिंग अभियान कर रही थी तभी पुलिस ने पंकज बेलवाल पुत्र स्व. त्रिलोचन बेलवाल निवासी लक्ष्मणपुर चौराहा थाना चोरगलिया को स्लॉटर हाउस के पास एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर बनभूलपुरा पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी 96 पाउच के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम हेम चंद भट्ट पुत्र गोपाल दत्त निवासी देवलातल्ला पजाया कुंवरपुर काठगोदाम बताया। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## थानों में सुनीं शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी पीएन मीणा के निर्देशन में मंगलवार को थाना हल्द्वानी, मुखानी, काठगोदाम, चोरगलिया, कालाढूंगी, बनभूलपुरा, लालकुआं, रामनगर और भवाली में थाना दिवस का आयोजन हुआ। थाना दिवस के अवसर पर एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद्र ने कोतवाली हल्द्वानी, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने थाना मुखानी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल ने कोतवाली लालकुआं और सीओ भवाली प्रमोद कुमार साह ने भवाली में उपस्थित रहकर थाना प्रभारियों के साथ मिलकर प्रतिभाग किया। वहीं अन्य थाना प्रभारियों ने भी अपने-अपने थानों में जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया एवं महत्वपूर्ण सुझावों को जाना। जिले के उपरोक्त थानों में आयोजित थाना दिवस के दौरान जनता से कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 21 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों पर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने कानून एवं यातायात व्यवस्था को सशक्त बनाए जाने के लिए अपने सुझाव भी दिए। पुलिस प्रशासन ने कहा कि जनता से प्राप्त बेहतर सुझावों को क्रियान्वित कर सकारात्मक परिणाम हासिल करने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे।

## थराली आपदा पर सांसद अजय भट्ट ने दुख जताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरकाशी जनपद के हर्षिल क्षेत्र के थराली गांव में बादल फटने की दुखद घटना पर नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने इस प्राकृतिक आपदा में हुई जन-धन की क्षति पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री भट्ट ने बताया कि राज्य सरकार एवं सभी रेस्क्यू एजेंसियां पूरी तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद घटना पर राज्य सरकार को हरसंभव केंद्रीय सहायता प्रदान करने का भरोसा दिया है। सांसद भट्ट ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित नागरिकों को शीघ्र राहत पहुँचाने के निर्देश दिए। आर्मी के दो बड़े हेलीकॉप्टर सरसावा और चिनूक चंडीगढ़ में स्टैंड बाय पर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रभावितों को त्वरित राहत पहुंचाना है। श्री भट्ट ने इस आपदा की घड़ी में सभी नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

### भाजपा नेता राजेन्द्र रावत का निधन

**हल्द्वानी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं फतेहपुर निवासी राजेंद्र रावत का सोमवार रात निधन हो गया। स्व. राजेंद्र रावत के निधन की खबर मिलते ही विधायक बंशीधर भगत उनके निवास स्थान पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। बता दे कि स्व. राजेंद्र रावत जनसंघ के समय से ही पार्टी से जुड़े हुए थे और भाजपा परिवार के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। उनका राजनी. तिक एवं सामाजिक जीवन सेवा भावना से प्रेरित रहा। वे पिछले पांच वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, प्रताप बोरा, प्रकाश पटवाल, जोत सिंह अरोड़ा, नरेंद्र बिष्ट, तरुण बंसल, विकास भगत, ग्राम प्रधान रितु जोशी, गौरी पोखरिया आदि शामिल रहे।

## धोखाधड़ी का मुकदमा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नेहा कुशवाहा की अदालत ने जमीन विक्रय करने के नाम पर धोखाधड़ी करने की आरा. पी ल्वेशाल डोब, भवाली निवासी हेमा देवी व अन्य के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करने के निर्देश भवाली के कोतवाल को दिये हैं। मामले के अनुसार सविन्दर जीत सिंह कलेर (एसएस कलेर) द्वारा दायर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 175(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पाया कि प्रार्थी के साथ हेमा देवी ने भूमि विक्रय के नाम पर रुपये 65 लाख की ठगी की गई है। बताया गया कि हेमा देवी हरीश लाल द्वारा पहले भूमि विक्रय हेतु इकरारनामा किया गया। बयाने के रूप में रुपये 25 लाख तथा अन्य मदों में शेष रुपये 40 लाख प्राप्त किए गए। लेकिन हम देवी व अन्य द्वारा वादे के बावजूद भूमि रजिस्ट्री नहीं की गई और अब उसी भूमि का कुछ भाग किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है। कलेर द्वारा पुलिस अधिकारियों को 8 अप्रैल 2025 को शिकायत पत्र भेजा गया, किंतु कोई कार्रवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने पाया कि मामला प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध की प्रकृति का है और सही तथ्यों की विवेचना हेतु प्राथमिकी दर्ज कराना आवश्यक है। कोर्ट ने थानाध्यक्ष भवाली को निर्देश दिया है कि आरोपियों के खिलाफ धारा 175(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत प्रार्थी की शिकायत पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार विवेचना की जाए। आदेश की प्रति भवाली के कोतवाल को भेज दी गई है। इस मामले में कलेर ने हेमा देवी के पति हरीश लाल, असीम उर्फ गुड्डू, वसी फुटवियर मल्लीताल नैनीताल, लीलाधर पुत्र नरी राम रेहड़ भवाली को भी आरोपी बनाया है। बताया गया है कि विवादित 8 नाली भूमि ग्राफिक एरा के पास है। जिसे 97 लाख रुपये में विक्रय किये जाने का इकरारनामा 26 सितम्बर 2023 को हुआ था। एस एस कलेर इस स्थान पर गैस एजेंसी खोलना चाह रहे थे।

### कॉलेजों में भी अवकाश की मांग

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता एवं जीएसटी प्रभारी डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने जिलाधिकारी और कुमाऊं कमिश्नर से कॉलेजों और बड़े विद्यालयों में भी अवकाश घोषित करने की मांग की है। डा. अग्रवाल ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से हो रही मूसलधार वर्षा ने पहाड़ी क्षेत्रों की स्थिति को अत्यंत खतरनाक बना दिया है। कई स्थानों पर भूस्खलन हो रहा है और सड़कें मलबे से अवरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जैसे छोटे बच्चों के विद्यालयों में जिलाधिकारी द्वारा अवकाश घोषित किया गया है, उसी प्रकार बड़े विद्यालयों व महाविद्यालयों में भी छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ दिनों का अवकाश आवश्यक है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं, विशेषकर छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को वोटर आईडी से संबंधित फार्म - 6, 7 और 8 के उपयोग की विस्तृत जानक. ारी दी गई। इन फार्म्स के माध्यम से नाम जोड़ने, नाम हटाने, आपत्ति दर्ज कराने जैसी प्रक्रियाएं पूरी की जा सकती हैं। साथ ही, राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल और टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 की कार्यप्रणाली से भी छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. बीना जोशी ने वोट को एक शक्ति, एक कर्तव्य और एक भविष्य के रूप में परिभाषित करते हुए छात्राओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. तेज बहादुर सिंह, डा. पूनम आर्य, डा. नेहा सिंह, व छात्राएं रश्मि भट्ट और जानकी सहित कई छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम श्याम सिंह व कुछ दस्तावेजों में श्याम सिंह सैनी है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम हैं जिसका आधार कार्ड नं0 9987 8229 4499 है भविष्य में मुझे श्याम सिंह सैनी के नाम से जाना पहचाना जाय।

**श्री श्याम सिंह सैनी पुत्र स्व० बी०एस०सैनी० निवासी 53/11 राजपुर रोड देहरादून।**

## शिक्षा को बढ़ावा देने पर ज़ोर

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ु चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन और वाणिज्य विद्याशाखा ने प्रबंध एवं वाणिज्य पाठ्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित इकाइयों में विशेष प्रचार गतिविधियां प्रारंभ की हैं। इस पहल का उद्देश्य उद्योगों से जुड़े कर्मचारियों, अधिका. रियों एवं अन्य व्यक्तियों को विश्व. विद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान करना एवं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, विनिर्माण इकाइयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से संपर्क स्थापित कर विश्वविद्यालय के प्रबंध एवं वाणिज्य पाठ्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह प्रचारात्मक गतिविधियां अगस्त माह के तीसरे सप्ताह तक संचालित की जाएंगी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत राज्य के विभिन्न औद्योगिक इकाइयों तथा शैक्षणिक संस्थानों से संपर्क स्थापित किया जाएगा ताकि विश्वविद्यालय के प्रबंध एवं वाणिज्य पाठ्यक्रमों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा सके तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग से उत्पन्न होने वाले अन्य अवसरों का भी पता लगाया जा सकेगा। मंगलवार को प्रिया महाजन, ज्योति मनराल और डा. गीतांजलि ने सिडकुल, रुद्रपुर में सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार अभियान संचालित किया तथा संबंधित व्यक्तियों को विश्वविद्यालय के प्रबंध एवं वाणिज्य पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। प्रचार-प्रसार गतिविधियों के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों जैसे डाबर, जेबीएम, संसेरा इंजीनियरिंग, अशोक लेलैंड आदि से संपर्क स्थापित किया गया।

### रामणी की समस्याओं से अवगत कराया

**हल्द्वानी।** रामड़ी आनसिंह (पनियाली) से निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य डा. छवि कांडपाल बोरा ने मंगलवार को क्षेत्र की समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग दफ्तर पहुंची। उन्होंने लोनिवि के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष सिंह को ज्ञापन सौंपकर जीर्णशीर्ण हो चुके 1.7 किलोमीटर लंबे कठघरिया- पनियाली मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग की।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक. 540 **निविदा सूचना** दिनांक 05.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-आर0 एण्ड आर0), लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून), इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है-
निविदा सं0-05/EE (Civil-R&R)/LMP/2025-26 &06/EE (Civil-R&R)/LMP/2025-26
कार्य का नाम 1-"लखवाड़ परियोजना हेतु एक नग एम्बुलेंस (मारूति ईको/महेन्द्रा बोलेरो/फोर्स ट्रेक्स/टाटा विंगर/ समकक्ष अथवा उच्च मॉडल) चालक सहित, एक वर्ष की अवधि के लिए किराये पर लगाने का कार्य"
2-"कार्यालय पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिकारी, (देहरादून), लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना हेतु 02 नग डाटा एन्ट्री आपरेटर उपलब्ध कराये जाने का कार्य।"
अनुमानित लागत- Rs 5,84,000/-(Excluding GST) & Rs. 6,48,000/-(Excluding GST)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि - 06.08.2025 को 11.00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - 26.08.2025 को 16.00 बजे तक
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-आर0 एण्ड आर0)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष 0135-2763808, फैक्स सं0 0135-2763508
सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्रांक सं. 542 **निविदा सूचना** दिनांक 05.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) व्यासी परियोजना, हथियारी, में इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा सं0 i. 08/EE(M)/VP/2025-26 ii. 09/EE(M)/VP/2025-26
कार्य का नाम : i. व्यासी परियोजना, हथियारी में 225 टन क्षमता के ई0ओ0टी0 क्रेन रखरखाव/अनुरक्षण व केबल ट्रे के स्थापन का कार्य।
ii. व्यासी विद्युत गृह के केन्द्रीय भण्डार में साफ सफाई एवं भारी सामान को व्यवस्थित करने का कार्य।
अनुमानित लागत : i. रू0 16,72,000.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
ii. रू0 2,49,000.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 06.08.2025, प्रात: 11:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 28.08.2025, सायं 13:30 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



# हर कप्तान चाहता है मोहम्मद सिराज जैसा गेंदबाजः शुभमन गिल

**● ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद हो रही थी, सिराज को तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता मिली**

**लंदन, वार्ता।** ओवल टेस्ट में भारत की इंग्लैंड के ऊपर छह रनों की रोमांचक जीत के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि जब मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज गेंदबा. जी कर रहे होते हैं तो बतौर कप्तान उन्हें अधिक सोचने की जरूरत नहीं पड़ती।

गिल ने कहा कि हमारे पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज हैं, जब यह दोनों गेंदबाजी करते हैं तो कप्तानी आसान प्रतीत होने लग जाती है। दोनों गेंद को भरपूर हरकत कराते हैं। जिस तरह से आज सुबह दोनों ने गेंदबाजी की वह काबिले-तारीफ है। विशेषकर जिस तरह से सिराज ने हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की, हर कप्तान अपनी टीम में उनके जैसा गेंदबाज चाहता है। अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को जीत के लिए चार विकेट चाहिए थे। ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद प्राप्त हो रही थी और सिराज के तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को जीत से छह रन दूर रख दिया। गिल ने कहा कि दिन का खेल शुरू होने से पहले उन्हें और उनकी टीम को इस बात का एहसास था कि इंग्लैंड का खेमा दबाव में होगा। गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। क्योंकि दबाव टीमों को वो चीजें करने पर मजबूर करता है जो वे नहीं करना चाहतीं। इस प्रदर्शन से मैं काफी खुश हूं। बतौर कप्तान के साथ ही बतौर बल्लेबाज ही यह सीरीज गिल के लिए खुशी के अवसर लेकर आई। गिल ने इस सीरीज में चार शतकों की बदौलत 75-40 की औसत से सर्वाधिक 754 रन बनाए, जिसमें एजबेस्टन में लगाया दोहरा शतक भी शामिल था। गिल को उनके इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। हालांकि इंग्लैंड दौरा शुरू होने से पहले गिल के सामने बतौर बल्लेबाज भी कई चुनौतियां थीं। इस दौरे से पहले विदेशी सरजमीं पर गिल का बल्लेबाजी औसत 35 से अधिक था। हालांकि गिल ने बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों को जवाब दिया। गिल ने कहा कि इस सीरीज से पहले उन्होंने काफी मेहनत की थी। गिल ने कहा कि इस सीरीज से पहले मैंने काफी मेहनत की थी। बतौर बल्लेबाज कई ऐसे पहलू थे जिन पर मुझे काम करना था और मैं इस सीरीज में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनकर उभरना चाहता था।



# टिम डेविड पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन में लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेविड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। इसके अलावा, डेविड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ ने डेविड को लेग साइड में एक गेंद फेंकी जिसे वाइड नहीं कहा गया। डेविड ने अपनी बाहें फैलाकर और गेंद को वाइड करार देने का इशारा करके असहमति जताई और फिर अपनी बाहें फैलाए ही अंपायर की ओर चल पड़े।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीदरलैंड तीन टी-20 मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीमें तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला 30 अगस्त से शुरू होगी और तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। नीदरलैंड की टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी और श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन दिन प्रशिक्षण लेगी।

पहला टी-20 मैच 30 अगस्त को, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 1 और 3 सितम्बर को होगा - ये सभी मैच सिलहट के एसआईसीएस स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला 9 सितम्बर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का काम करेगी।

### 2026 टेटे टीम विश्व चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में प्रत्येक में 64 टीमें होंगी

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ ने आज घोषणा की कि लंदन में होने वाले 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल में पुरुष और महिला वर्ग में 64-64 टीमें भाग लेंगी। यह विस्तारित प्रारूप 1926 में लंदन में आयोजित पहली टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप और उसी वर्ष आईटीटीएफ की स्थापना, दोनों की शताब्दी का प्रतीक है। यह टूर्नामेंट हाल के संस्करणों में इस्तेमाल किए गए 40-टीम प्रारूप से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अनुसार, कॉपर बॉक्स एरिना में 28 अप्रैल से 1 मई, 2026 तक शुरुआती दौर के मुकाबले खेले जाएंगे।

# युवा मुक्केबाजी प्रतिभाएं चौथी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी

**● इस आयोजन में 700 से ज्यादा मुक्केबाज भाग लेंगे जिनमें 400 लड़के और 300 लड़कियां होंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ 7 से 13 अगस्त, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में चौथी सब-जूनियर (अंडर-15) बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन करेगा।

इस आयोजन में 700 से ज्यादा युवा मुक्केबाज भाग लेंगे, जिनमें 13 से 14 वर्ष की आयु के 400 लड़के और 300 लड़कियां शामिल हैं, जो 15 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। बीएफआई के व्यापक दृष्टिकोण के तहत, जो जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के लिए एक मजबूत मार्ग तैयार करना चाहता है, सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। यह आयोजन इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद हो रहा है, जिनसे पहले ही अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता और भविष्य के सितारे निकल चुके हैं। हरियाणा व चंडीगढ़ इस संस्करण में तीसरे सब- जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के गत विजेता के रूप में प्रवेश कर रहे हैं। बीएफआई के कार्यकारी निदेशक और अंतरिम समिति के सदस्य, कर्नल अरुण (सेवानिवृत्त) ने कहा कि 'सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता ही वह जगह है जहां से भारत की मुक्केबाजी यात्रा वास्तव में शुरू होती है।

# बेंगलुरु एफसी ने पहली टीम के वेतन पर रोक लगाई

**● क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन के बारे में चल रही स्पष्टता की कमी को कठोर कदम बताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर बढ़ती चिताओं को रेखांकित करते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने अपनी पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की घोषणा की है। क्लब द्वारा जारी एक आधिका. रिक विज्ञप्ति में, बेंगलुरु एफसी ने कहा कि इंडियन सुपर लीग सीजन के भविष्य को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए, बेंगलुरु फुटबॉल क्लब ने पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने का एक बहुत ही कठिन निर्णय लिया है।

क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन के बारे में चल रही स्पष्टता की कमी को इस कठोर कदम का कारण बताया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत में एक फुटबॉल क्लब को चलाना और उसे बनाए रखना हमेशा से एक कठिन काम रहा है, जिसे हमने हर सीजन में एक तरफ रखकर पूरा किया है। हालांकि, लीग के भविष्य को लेकर स्पष्टता की कमी के कारण हमारे पास यह कदम उठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस फैसले से खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर काफी असर पड़ने की उम्मीद है। बेंगलुरु एफसी ने उनकी भलाई के लिए अपनी चिता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों का भविष्य और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और हम समाधान की प्रतीक्षा में उनके संपर्क में हैं। हालांकि, क्लब ने पुष्टि की है कि उसके जमीनी स्तर और युवा विकास कार्यक्रम निर्बाध रूप से जारी रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्लब खेल और हमारे संच. ालन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें हमारी युवा टीमें पुरुष और महिलाएं- शामिल हैं, और बीएफसी सॉकर स्कूल इस निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। क्लब ने फुटबॉल अधिका. रियों से एआईएफएफ और एफएसडीएल से इस गतिरोध को शीघ्र समाप्त करने का आग्रह करते हुए एक कड़ा आग्रह किया।

# क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स आज से, 19 ग्रैंडमास्टर्स उतरेंगे

**● क्लासिकल इवेंट माने जाने वाले इस टूर्नामें ट में विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** भारत का प्रमुख क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट, क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स, 6 से 15 अगस्त तक अपने तीसरे संस्करण के लिए वापसी कर रहा है। देश के सबसे मजबूत क्लासिकल इवेंट माने जाने वाले इस टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें 19 शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे, जो सभी एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और महत्वपूर्ण फिडे सर्किट पॉइंट्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस टूर्नामेंट की एक महत्वपूर्ण विरासत है। 2023 का पहला संस्करण ग्रैंडमास्टर गुकेश डी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। उनकी जीत ने फिडे सर्किट पॉइंट्स प्रदान किए जिससे उन्हें कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिली, जिसे उन्होंने अंततः विश्व चैंपियन बनने की राह पर जीत लिया। 2024 मास्टर्स का खिताब अरविंद चितंबरम ने जीता, जिन्होंने एक रोमांचक टाईब्रेक में जीत हासिल की। जिन खिलाड़ियों के साथ उन्होंने बराबरी की, उनमें से एक, अर्जुन एरिगैसी, इस साल शीर्ष दावेदार के रूप में वापसी कर रहे हैं क्योंकि वह पहले भी एलीट 2800 फिडे रेटिंग क्लब में जगह बना चुके हैं, जो शतरंज की दुनिया में एक दुर्लभ उपलब्धि है। इस साल, दांव पहले से कहीं ज्यादा ऊंचे हैं, क्योंकि यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण फिडे सर्किट पॉइंट प्रदान करता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की करने के लिए जरूरी हैं, जिससे हर मैच महत्वपूर्ण हो जाता है। 2025 का संस्करण एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है।

# सर्जरी के बाद सूर्या ने किया अभ्यास





**● बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे है सूर्यकुमार यादव**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बाद बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहली बार बल्लेबाजी अभ्यास किया। यह सत्र पिछले हफ्ते के अंत में हुआ और अभी वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

सर्जरी जर्मनी में हुई थी और उसके बाद से सूर्यकुमार की रिकवरी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। अगले कुछ हफ्तों में उनका वर्कलोड बढ़ाया जाएगा ताकि वे मैच फिटनेस की ओर लौट सकें। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार नौ सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए समय पर वापसी कर लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुता. बिक, शुरुआती योजना उन्हें अगस्त के अंत में बांग्लादेश दौरे पर होने वाली टी-20 सीरीज के लिए फिट करने की थी, लेकिन वह सीरीज बाद में रद्द कर दी गई। सूर्यकुमार की आखिरी पेश. ेवर क्रिकेट भागीदारी जून में मुंबई टी-20 लीग में ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्टर्न के लिए थी, जहां उन्होंने चार पारियों में 122 रन बनाए।

उन्हें वेस्ट जोन की दलीप ट्रॉफी टीम में भी शामिल किए जाने की चर्चा थी, लेकिन संभावना है कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। वेस्ट जोन को सीधे सेमीफ़ाइनल में एंट्री मिली है, जो 4 सितंबर से शुरू होंगे, जबकि भारतीय टीम के पहले हफ्ते में यूएई रवाना होने की उम्मीद है।

सूर्यकुमार के लिए अंतिम रिहैब चरण में कुछ प्रैक्टिस मैच और सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किए जा सकते हैं ताकि उन्हें टूर्नामेंट से पहले मैच अभ्यास मिल सके। एशिया कप भारत के लिए 2026 टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का शुरुआती चरण होगा, जिसे भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं।

# एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप क्वालीफायर में भारत का सामना इंडोनेशिया से

**● भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा**

**म्यांमार, वार्ता।** भारत 6 अगस्त को थुवुन्ना स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे इंडोनेशिया के खिलाफ ग्रुप डी में अपने एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 क्वालीफायर अभियान की शुरुआत करेगा। भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा, जो फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप का भी क्वालीफायर है।

स्वीडिश मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में, यंग टाइग्रेसेस प्रतियोगिता से 20 साल की अनुपस्थिति को समाप्त कर सकती है, जिसने आखिरी बार 2006 में क्वालीफाई किया था। 2024 के क्वालीफायर में, भारत पहले दौर में वियतनाम से गोल अंतर के आधार पर सबसे कम अंतर से बाहर हो गया था। संयोग से, भारत ने उन क्वालीफायर में इंडोनेशिया से भी मुकाबला किया था, और 6-0 से शानदार जीत दर्ज की थी।

से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, एलेक्जेंडरसन ने प्रतिस्पर्धी ग्रुप में भारत के क्वालीफाई करने की संभावनाओं के बारे में अपनी सकारात्मकता व्यक्त की। स्वीडिश खिलाड़ी ने कहा कि हमने इन क्वालीफायर के लिए बेंगलुरु में अच्छी सुविधाओं और एक अच्छे प्रशिक्षण मैदान में दो महीने से अधिक के शिविर के साथ तैयारी की। हमारी उम्मीदें निश्चित रूप से क्वालीफाई करने की हैं।

# जैकब्स को इंग्लैंड में एसए20 अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तीसरे प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया



**जैकब्स, हैरिस और लुबाबालों दोनों के नक्शेकदम पर चलेंगे, जिन्हें 'द हंड्रैड' में अंपायरिंग का अवसर मिला है**

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अर्नो जैकब्स को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के द हंड्रेड के साथ एसए20 और क्रिकेट एसए (सीएसए) अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तीसरे दक्षिण अफ्रीकी प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया है।

जैकब्स, स्टीफन हैरिस और लुबाबालो 'बैब्स' गकुमा, दोनों के नक्शेकदम पर चलेंगे, जिन्हें द हंड्रेड में अंपायरिंग का अवसर मिला है। इस पारस्परिक समझौते के तहत इंग्लैंड के रसेल वॉरेन एसए20 सीजन 2 में और जेम्स मिडलब्रुक सीजन 3 में अंपायरिंग करेंगे। जैकब्स 11 अगस्त को यूनाइटेड किंगडम के लिए रवाना होंगे, जहां वे दो पुरुष मैचों और एक महिला मैच में अंपायरिंग करेंगे और लॉर्ड्स, द ओवल और एजबेस्टन जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक स्थलों पर चौथे अंपायर के रूप में अंपायरिंग करेंगे। एसए20 के क्रिकेट संचालन प्रमुख स्टीफन कुक ने कहा कि 'एसए20 को अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम पर बहुत गर्व है। यह एक ऐसा तत्व बन गया है जिसकी हमारे सभी मैच अधिकारी आकांक्षा रखते हैं। इससे न केवल लीग में, बल्कि दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट में भी मैच अधिकारियों की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम एक बार फिर ईसीबी के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं, जो इस कार्यक्रम के हमारे लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। हम अर्नो को द हंड्रेड में उनके समय के लिए शुभकामनाएं देते हैं और हमें विश्वास है कि वह समृद्ध होकर लौटेंगे। जैकब्स ने 16 साल के एक प्रतिष्ठित खेल करियर का आनंद लिया, जिसमें उन्होंने अंपायरिंग में आने से पहले 300 से ज्यादा प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी-20 मैचों में हिस्सा लिया। यह जैकब्स के लिए अपने साथी पेशेवरों के नेटवर्क को बढ़ाने, विभिन्न पिचों और खेल परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने और वैश्विक अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर होगा। जैकब्स का मानना है कि यह जीवन भर का करियर का अवसर होगा कि यह अनुभव मुझे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा और साथ ही मैं यूके में अपने सहयोगियों से मिलूंगा और उनके साथ अनुभव साझा करूंगा। मैं इस अद्भुत अवसर के लिए एसए20 प्रबंधन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदानों पर मैदान पर कदम रखने के लिए उत्साहित हूं। मैं सम्मानित और आभारी हूं। यह एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। 48 वर्षीय यह खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीकी घरेलू क्रिकेट के सबसे सम्मानित अधिकारियों में से एक बन गया है, जिन्हें हाल ही में क्रिकेट एसए अवार्ड्स में अंपायरों के सर्वश्रेष्ठ अंपायर और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर दोनों के लिए नामांकित किया गया।

# सीडब्ल्यूएबी के चुनाव 4 सितम्बर को निर्धारित

**● सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिट्ठु की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने घोषणा की है कि उसके चुनाव 4 सितम्बर को होंगे, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जैसा कि क्रिकबज ने सबसे पहले बताया था, सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिट्ठू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय कप्तान हबीबुल बशर और पूर्व विकेटकीपर नासिर अहमद नासू सदस्य होंगे।

यह आयोग सीडब्ल्यूएबी के नियमों के अनुसार पूरी प्रक्रिया की देखरेख करेगा। यह घोषणा शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद की गई, जिसमें कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों के निकाय को पुनर्जीवित और पुनर्गठित करना था। सीडब्ल्यूएबी की तदर्थ समिति के सदस्य सलीम शाहेद ने कहा कि 'हमने सीडब्ल्यूएबी की एक बैठक की है और तय किया है कि चुनाव 4 सितम्बर को होंगे। उन्होंने आगे कहा कि बैठक में सदस्यता नामांकन से लेकर नामांकन पत्र एकत्र करने और जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। सभी चुनाव कार्य जल्द ही शुरू हो जाएंगे। सेलिम ने आगे कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए अब सीडब्ल्यूएबी का एसबीएनएस में एक स्थायी कार्यालय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थान एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था, न कि सीधे बीसीबी द्वारा। यह नया स्थान सभी परिचालन और पंजीकरण संबंधी कार्यों के लिए सीडब्ल्यूएबी के आधिकारिक पते के रूप में काम करेगा। उन्होंने युवा एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय खेल परिषद और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमने एसबीएनएस के अंदर सीडब्ल्यूएबी के लिए एक स्थायी स्थान सुनिश्चित कर लिया है, जो वर्षों से गायब था। यह कार्यालय युवा एवं खेल मंत्रालय के अधीन एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था। सीडब्ल्यूएबी स्वतंत्र रूप से काम करना जारी रखेगा। इसके अलावा, सीडब्ल्यूएबी कोई ट्रेड यूनियन नहीं है - यह क्रिकेटरों के लिए एक कल्याणकारी संघ है। सेलिम ने पुष्टि की कि 1975 से ढाका मेट्रोपो. लिस क्रिकेट समिति (सीसीडीएम) में पंजीकृत सभी खिलाड़ी मतदान के अधिकार के साथ आजीवन सदस्य बनने के पात्र होंगे। इसके अलावा, स्थायी सीडब्ल्यूएबी सदस्यों के रूप में सूचीबद्ध वर्तमान और पूर्व राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी के खिलाड़ी भी मतदान कर सकेंगे। हालांकि, हितों के टकराव से बचने के लिए, बीसीबी में औपचारिक पद धारण करने वाले किसी भी सीडब्ल्यूएबी सदस्य को मतदान से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। सेलिम ने कहा कि बीसीबी के निदेशक या कर्मचारी मतदान नहीं कर सकते। यदि कोई सीडब्ल्यूएबी सदस्य बाद में बीसीबी में शामिल होता है, तो उसे दोनों में से किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा।

# मंगलौर में नव विवाहिता की हत्या से फैली सनसनी

## फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस अधिकारी पहुंचे मौके पर, शव का पंचनामा भर पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर के मोहल्ला पठानपुरा में सोमवार की शाम नवविवाहिता महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला का शव बंद पड़े मकान में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतक के परिजनों का आरोप है की पति ने ही उसकी हत्या की है।

मृतक की बहन तरन्नुम के अनुसार 30 वर्षीय जेबा खानम निवासी जिला रामपुर उत्तर प्रदेश का निकाह मुजफ्फरनगर निवासी समीर उर्फ राजा के साथ 27 जनवरी वर्ष 2025 को हुआ था। तभी से दोनों मोहल्ला पठानपुरा स्थित नवी कॉलोनी मंगलौर में रह रहे थे। मृतक की बहन तरन्नुम का कहना है दो अगस्त को जेबा खानम ने फोन कर बताया कि उसके साथ पति द्वारा मारपीट की जा रही हैं और उसकी हत्या भी की जा सकती है। तरन्नुम ने बताया कि वह तभी से बहन जेबा और जीजा समीर से फोन पर संपर्क कर रही थी। लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद सोमवार की देर शाम को वह मंगलौर पहुंची और घर का दरवाजा बंद मिला। जिसके बाद तरन्नुम ने दरवाजे को खूब खटखटाया। लेकिन काफी



देर तक दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद तरन्नुम ने अपनी बहन के पड़ोसियों से जानकारी ली तो पड़ोसियों द्वारा पता चला पिछले दो दिनों से मकान का दरवाजा नहीं खुला है और मकान से भयंकर दुर्गंध आ रही है। जिसके बाद तरन्नुम द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना

❖जेबा खानम निवासी जिला रामपुर उत्तर प्रदेश का निकाह मुजफ्फरनगर निवासी समीर उर्फ राजा के साथ 27 जनवरी वर्ष 2025 को हुआ था

मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मकान का हजमी ताला लगने की वजह से पुलिस टीम मकान की छत से समीर के मकान में प्रवेश हुई जहां पर जेबा खानम का शव बेहद दयनीय हालत में पड़ा मिला। जिसे देख पुलिस हैरान रह गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। वही पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी रही। वही भारी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। एसपी देहात शिखर चंद सुयाल का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मृतक की बहन का आरोप है की पति ने ही उसकी हत्या की है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार 16 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से पानी को तरसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा तथा ग्रामीण क्षेत्र में लगातार 16 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से कस्बा सहित लगभग 50000 लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ।कस्बे वासियों के सामने पानी की समस्या भी खड़ी हो गई पानी की टंकी से पानी सप्लाई न होने के कारण कस्बे वासियों के आवश्यक काम भी नहीं हो पाए, । कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम भक्तों वाली खड़खड़ी डेलना खजूरी मानकपुर आदमपुर शाबत वाली ग्राम लोधी वाला ग्राम कुशालीपुर ग्राम शीतलपुर आदि गांव के लगभग 50000 लोगों को विद्युत आपूर्ति नहीं होने से उसकी मार झेलनी पड़ी। कस्बा व क्षेत्रीय लोगों बिट्टू चौधरी चौधरी बिरम सिंह आजाद सिंह अरविंद कुमार राम कुमार जमशेद अली आदि का कहना है कि सोमवार रात्रि 12:00 बजे विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी जो मंगलवार को दोपहर बाद 4:00 बजे के बाद ही विद्युत आपूर्ति हो पाई। लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी मनमानी पर उतारू है। विद्युत आपूर्ति किस कारण से नहीं हो पा रही है विभागीय अधिकारी बताने के लिए फोन तक रिसीव करने की जहमत तक नहीं करते। कस्बे में पानी की आपूर्ति भी विद्युत आपूर्ति पर ही निर्भर रहती है। लगातार 16 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहने से कस्बे में पानी की सप्लाई भी नहीं हो पाई जिससे कस्बे वासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कस्बे वासियों के आवश्यक काम भी पानी के बिना नहीं हो पाए। कस्बे वासी पानी के लिए इधर-उधर हैंड पंप से पानी लाने के लिए भटकते देखे गए। अवर अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि विद्युत मशीन खराब हो जाने के कारण विद्युत सप्लाई नहीं हो पाई।

# फायरिंग मामले के मुख्य आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार जिले के लक्सर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मतलुपुर जैनपुर में मामूली बच्चों के झगड़े ने देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। परिजनों की आपसी कहासुनी के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि बात गाली-गलौच और मारपीट से होते हुए खुलेआम फायरिंग तक पहुंच गई। इस सनसनीखेज घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद हरिद्वार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गुलशेर को गिरफ्तार कर लिया। वादी अजरम पुत्र कय्यूम निवासी जैनपुर खुर्द ने कोतवाली लक्सर में दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी गुलशेर व उसके साथियों ने उनके घर में घुसकर पहले गाली-गलौच की, फिर मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरिद्वार ने तत्काल दबिश देकर गुलशेर को धर दबोचा। उसकी गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, लेकिन पुलिस की सख्त कार्यवाही से लोगों में सुरक्षा की भावना भी देखी जा रही है।

# गोवर्धनपुर अस्पताल पर लटका ताला कुछ तो है गड़बड़झाला

## कहीं स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से पहले ही छुट्टी पर जाने का कर दिया नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गोवर्धनपुर स्थित एक अस्पताल स्वामी ने स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से पहले ही अपने हॉस्पिटल के बाहर छुट्टी पर जाने का नोटिस लगा दिया है। जबकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डॉक्टर द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों को निरस्त कर दिया गया है, और डॉक्टर द्वारा हॉस्पिटल पर ताला डालकर चाबी स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है।

गौरतलब है कि खानपुर थाना क्षेत्र के धर्मोपुर गांव निवासी चरणजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह ने पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग को शिकायत कर बताया था कि गोवर्धनपुर में एक प्राईवेट अस्पताल में न तो फार्मासिस्ट है और न ही डिग्री वाले डॉक्टर मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ हरिद्वार राजेश सिंह सोमवंशी ने 25 जुलाई को खानपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम को अस्पताल भेजा था। निरीक्षण के दौरान टीम को अस्पताल में कई खामियां मिली थी। अस्पताल में न तो कोई डिग्री धारक डॉक्टर थाक्षऔर न हीं फार्मासिस्ट था। इसके अलावा डिलीवरी संबंधित इंस्ट्रूमेंट भी टीम को मिले थे। छापेमारी के समय अस्पताल का प्रबंधक भी टीम को मौके पर नहीं मिल था। इसके अलावा टीम को कोई भी अस्पताल संचालित करने संबंधित दस्तावेज नहीं मिले थे। खानपुर के चिकित्सा अधीक्षक कुंदन कुमार ने मामले की रिपोर्ट सीएमओ हरिद्वार को भेज दी थी। सीएमओ हरिद्वार राजेश कुमार सोमवंशी ने अस्पताल




स्वामी को तीन दिन के भीतर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया था। दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर अस्पताल को सील करने की चेतावनी दी गई थी। मजेदार बात तो यह है कि अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के कार्रवाई से पहले ही डॉक्टर ने मंगलवार को अस्पताल के बाहर ताला डालकर नोटिस चस्पा कर दिया। जिस पर लिखा गया है कि डॉक्टर 24 जुलाई से 15 अगस्त तक बाहर हैं। इसलिए ओपीडी बंद रहेगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डॉक्टर द्वारा जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे। वह सही नहीं थे। जिसके चलते उन्हें निरस्त कर दिया गया है, और डॉक्टर द्वारा अपना हॉस्पिटल बंद कर उसकी चाबी स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है, जबकि इस बाबत डॉक्टर का कहना था कि वह बाहर हैं उन्हें स्वास्थ्य विभाग का जो नोटिस प्राप्त हुआ था। उसमें उन्हें जवाब देने की मोहलत नहीं दी गई थी। इसलिए अभी उन्होंने ओपीडी बंद की हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल सील नहीं किया गया है। उधर शिकायतकर्ता चरणजीत सिंह का कहना था कि उनके द्वारा 2 अगस्त को डीएम से भी हॉस्पिटल के संबंध में शिकायत की गई थी स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल को आकर सील नहीं किया गया है। उनकी समझ नहीं आ रहा कि यह किस तरह की करवाई है।

क्या कहते हैं अधिकारी-गोवर्धनपुर में स्थित एक प्राईवेट अस्पताल की बाबत एक ग्रामीण द्वारा शिकायत की गई थी। शिकायत पर अस्पताल का निरीक्षण किया गया था, कोई डिग्री वाला डॉक्टर मौजूद नहीं मिला था। इसके अलावा भी कई कमियां थी। हॉस्पिटल के मालिक ने जो दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। उनको निरस्त कर दिया गया है-राजेश सिंह सोमवंशी सीएमओ हरिद्वार।

25 जुलाई को सीएमओ हरिद्वार के निर्देश पर खानपुर के चिकित्सा अधीक्षक ने गोवर्धनपुर में एक हॉस्पिटल में जाकर जांच पड़ताल की थी। इस दौरान काफी गड़बड़ी मिली थी। डॉक्टर ने जो दस्तावेज जिला मुख्यालय पर प्रस्तुत किए हैं। उनको सीएमओ द्वारा निरस्त कर दिया गया है। डॉक्टर द्वारा अपने हॉस्पिटल पर ताला लगाकर चाबी स्वास्थ्य विभाग को दे दी गई है-डॉ अनिल वर्मा एसीएमओ हरिद्वार।

# युवक की मौत पर कार चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने हरियाणा नंबर के एचआर 05 कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रुड़की कोतवाली को जितेंद्र कुमार निवासी दामला जिला यमुनानगर हरियाणा ने तहरीर देकर बताया कि भाई सोहनलाल के साथ वह 14 जुलाई को हरिद्वार से कांवड़ लेकर घर जा रहा था। तभी सोलानी पुल के पास हरियाणा नंबर की कार ने भाई की बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। यमुनानगर के अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद 29 जुलाई को हायर सेंटर चंडीगढ़ ले जाते वक्त भाई की मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार नंबर के आधार पर चालक के नाम पते की जानकारी जुटाई जाएगी।

# लक्सर में भारी बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** भारी बरसात ने लक्सर क्षेत्र में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। सोमवार को निदान हॉस्पिटल के सामने और तहसील रायसी की ओर दो भारी-भरकम पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। पेड़ों के गिरने से सड़क के दोनों ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया, और बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, तुरंत वन विभाग, विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही, तीनों विभागों के कर्मचारी भारी बरसात के बीच मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए एकजुट होकर पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया।जहां एक ओर सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी थीं, वहीं दूसरी ओर तीनों विभागों के कर्मचारियों ने मोर्चा संभाल रखा था। उन्होंने पहले दोनों तरफ से रास्ता रोककर सुरक्षा सुनिश्चित की। इसके बाद, कड़ी मेहनत और टीम वर्क के साथ, उन्होंने विशाल पेड़ों को टुकड़ों में काटा और सड़क से हटाया। इस दौरान, विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जमीन पर गिरे बिजली के तारों को भी कसकर ठीक किया, जिससे बिजली की आपूर्ति बहाल हो सकी।

# एआरटीओ ने डग्गावर वाहनों के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियांन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के लकसर बाला वाली रोड पर एआरटीओ मुकेश भारती के नेतृत्व में चेकिंग अभियांन चलाया है जिससे अवैध रूप से वाहन चलाने वालों में खलबली मच गई है। एआरटीओ हरिद्वार मुकेश भारती ने बताया की आज हम तहसील दिवस में आए थे उसके बाद बालावाली लकसर रोड पर चेकिंग कर रहे हैं उन्होंने कहा हमने अभी छह चालान किए हैं और अभी शाम तक हमारी चेकिंग अभियान जारी रहेगा। ओवरलोड बगैर ड्राइवर लाइसेंस व अपने नाबालिक बच्चों से जो गाड़ी चलवायेगा उनके खिलाफ शक्त कारवाई अमल में लाई जायेगी।

# प्रेमी ने सोशल मीडिया पर वायरल की प्रेमिका की अश्लील वीडियो

**रुड़की।** प्रेम विवाह करने की बात से नाराज होकर प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि शाहबाज से काफी समय से प्रेम प्रसंग था। इसके बाद प्रेमी से विवाह करने की बात कही थी। प्रेमी ने अश्लील वीडियो वायरल कर दी।

## दैनिक शाह टाइम्स की रूडकी की खबर का असर

# अंडरपास में भरे पानी को निकालने पहुंची जल विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा से आगे लखनौता मार्ग पर रेलवे अंडरपास में भरा बरसात का पानी की दैनिक शाह टाइम्स में खबर छपते ही अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पानी भरने की समस्या के समाधान के लिए जायजा लिया।

मंगलवार को विभाग द्वारा अंडरपास में भरा पानी निकालने के लिए आई टीम द्वारा पानी निकलना शुरू किया गया। पानी निकालने आई टीम को किसानों के गुस्से का भी सामना करना पडा। कस्बे से कुछ आगे लखनौता मार्ग पर रेलवे अंडरपास में लगातार हो रही बारिश का पानी भरने से लोगों को हो रही परेशानी के समाचार पत्रो में लगातार कई इस मुद्दे को उठाया गया। सोमवार को दैनिक शाह टाइम्स ने भी अंडरपास में पानी भरने की समस्या को प्रमुखता से उठाया उसका असर मंगलवार को देखने को मिला। अंडरपास का पानी निकालने के लिए रेलवे विभाग की ओर से एक टीम भेजी गई। पानी निकालने के लिए आई टीम द्वारा पाइप डालकर ट्रैक्टर से पानी किसानों के खेत में निकलना शुरू कर दिया। किसानों को पता लगते ही काफी संख्या में किसान वहां पर पहुंच गए तथा अंडरपास का पानी अपने खेतों में जो पहले से ही बारिश के पानी से लबालब भरे हुए हैं उन में पानी निकालने का विरोध किया गया तथा पानी निकालना बंद करवा दिया गया। वहां आईटीएम को किसानों के गुस्से का भी सामना करना पड़ा।



बाद में अंडरपास का पानी निकालने के लिए रेलवे लाइन के दूसरी ओर पानी निकालने की सहमति टीम व किसानों में हो पाई तब जाकर अंडरपास में भरा पानी निकलना शुरू किया गया। मौके पर उपस्थित किसानो व अन्य लोगों राजपाल सिंह सुभाष कुमार गुड्डू चौधरी यशवीर सिंह कार्तिक चौधरी असलम तौफीक कुलदीप अनवर आदि का कहना है कि रेलवे अंडरपास तथा यहां बनी रेलवे लाइन भी कस्बे के किसानों तथा क्षेत्रीय हजारों लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।

अवगत करा दें कि इस अंडरपास में सोमवार को बरसात का पानी लगभग 4 फीट तक बहुत गया था अधिक पानी भरने से अंडरपास के दोनों ओर से लोगों की आवाजाही बंद हो गई थी। अंडरपास में भरे पानी से बचने के लिए लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दो पहिया वाहन हो या चार पहिया कार मजबूर होकर दूसरे वैकल्पिक मार्ग से होते हुए लगभग 12 किलोमीटर की अतिरिक्त मंजिल नापनी पड़ी। पानी निकालने आई टीम में विभागीय अधिकारी अवर अभियंता राजकुमार सिंह व अभय सिंह का कहना है कि उन्हें अंडरपास में भरा पानी को निकालने की व्यवस्था करने के लिए भेजा गया है अभी पानी निकालने की वैकल्पिक व्यवस्था ही की जा रही है।

# छात्रावृत्ति की रकम हड़पने पर मदरसा संचालक पर धोखाधड़ी का केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के भुक्कनपुर गांव में मदरसा संचालक द्वारा छात्रवृत्ति की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी विपिन सिंह कंडारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भुक्कनपुर गांव स्थित मदरसा प्रबंधक के खिलाफ गांव के ही इस्तकार द्वारा छात्रवृत्ति में अनियमितता की शिकायत की गई थी। आरोप है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में जांच गठित टीम ने मदरसे में अध्यनरत् छात्र/छात्राओं को वितरित की जाने वाली 56400 रुपए की छात्रवृत्ति की शासकीय धनराशि में वित्तीय अनियमितता कर धोखाधड़ी पाई गई हालांकि मदरसा प्रबंधक द्वारा धनराशि को वापस कर दिया गया। मामले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा मदरसा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेश दिए गए हैं। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मदरसा इस्लामिया मिस्बाउल इस्लाम के प्रबंधक आजाद पुत्र इकबाल निवासी भुक्कनपुर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है

# विश्वास की आड़ में महीनों तक दुष्कर्म

## अश्लील वीडियो से धमका कर कराया गर्भपात, दो सगे भाइयों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/मंगलौर।** एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने पहले एक तलाकशुदा महिला की आर्थिक सहायता कर उसका विश्वास जीता और फिर महीनों तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने पर न केवल उसका गर्भपात कराया गया, बल्कि महिला को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर मंगलौर निवासी दो सगे भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

ढंडेरा निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी पहले शादी लंढौरा निवासी सुभान से हुई थी, जिससे उसके तीन बच्चे हुए। लेकिन पति ने न केवल उसे तलाक दे दिया, बल्कि बच्चे भी अपने साथ रख लिए। इसके बाद वह अकेली रहने लगी थी। करीब पांच महीने पहले उसकी मुलाकात मंगलौर के मालनपुरा निवासी फहीम से हुई। फहीम ने इलाज कराने के बहाने उसके करीबियां बढ़ाई, आर्थिक सहायता दी, मोबाइल व सिम उपलब्ध कराया और धीरे-धीरे महिला का विश्वास जीत लिया। पीड़िता के अनुसार, चार महीने पहले फहीम ने उसे फोन कर रुड़की बुलाया और स्कूटी पर बैठाकर टांडा रोड स्थित अपनी मुंहबोली बहन के घर ले गया। बहन बहाना बनाकर बाहर चली गई और इसी दौरान फहीम ने कमरे में बंद कर

❖लंढौरा से तलाक होने पर मंगलौर के युवक ने इलाज के नाम पर नजदीकी बढ़ाई आर्थिक सहायता की फिर चला खेल

उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना ली। जब महिला ने विरोध किया, तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिससे वह भयभीत होकर चुप रही। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग स्थानों कलियर, मंगलौर व रुड़की में उसे ले जाकर कई बार दुष्कर्म किया। 1 जुलाई 2025 को जब महिला ने बताया कि वह गर्भवती हो चुकी है और शादी की बात की, तो आरोपी ने फिर स्कूटी पर बैठाकर उसे मंगलौर ले जाकर दुष्कर्म किया और कहा कि उसके परिवार वाले शादी के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए गर्भपात कराना पड़ेगा। महिला ने आरोप लगाया कि इसी दौरान आरोपी का भाई इलियास भी वहां पहुंच गया। उसने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि जबरन महिला के मुंह में कोई दवा डाल दी, जिससे उसका गर्भपात हो गया। इस घटना के बाद पीड़िता की तबीयत भी गंभीर रूप से बिगड़ गई। आरोपी मोबाइल भी छीन ले गया और वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर फहीम और उसके भाई इलियास, दोनों निवासी मालनपुरा, मंगलौर के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। यह मामला न केवल महिला के साथ क्रूरता का है, बल्कि समाज में भरोसे के नाम पर किए जा रहे अपराधों की वीभत्स तस्वीर भी दिखाता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और तेज न्यायिक प्रक्रिया ही पीड़ितों को न्याय दिला सकती है।

# लगातार बारिश बनी मुसीबत, मुकर्रबपुर में मकान गिरा, महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** नगर पंचायत क्षेत्र में दो दिनों से जारी लगातार बारिश ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। मंगलवार सुबह मुकर्रबपुर वार्ड-9 में एक जर्जर मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय मकान में पूरा परिवार सो रहा था। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, हालांकि मकान मालिक की पत्नी घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए भेजा गया। घटना सुबह लगभग 5 बजे की है, जब मुकर्रबपुर निवासी इकराम का कच्चा मकान भारी बारिश के चलते अचानक गिर पड़ा। उस समय इकराम की पत्नी मीना और बच्चे मकान में सो रहे थे। अचानक तेज आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर



पहुंचे और अंदर फंसे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला।इस हादसे में मीना घायल हो गई, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि जावेद साबरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को मामले की जानकारी दी और निरीक्षण के लिए प्रशासनिक टीम को बुलाने की बात कही। सभासद प्रतिनिधि जावेद साबरी ने बताया कि बारिश के कारण क्षेत्र में कई मकान कमजोर हो चुके हैं। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे जर्जर मकानों की समय रहते जांच कराए, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# सम्पादकीय

**बुधवार , 6 अगस्त 2025**

## टिप्पणी पर राजनीति

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह आरोप बराबर लगाते रहते हैं कि चीन ने बड़े पैमाने पर हमारी भूमि पर कब्जा किया हुआ है। वह यह भी कहते हैं कि चीन ने हमारी दो हजार वर्गकिमी की जमीन चुरा ली है। उनकी इन विवादित बातों का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज पर भी पहुंच गया है। सोमवार को इस तरह की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने उनको इस बात को लेकर आड़े हाथों लिया कि आपकी बातें गैर जिम्मेदाराना हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने तो खुलकर राहुल गांधी को गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए फटकार भी लगाई और कहा कि विपक्ष का एक जिम्मेदार नेता होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था। उनका कहना था कि आप को कैसे पता चला कि दो हजार वर्गकिमी जमीन पर चीन ने कब्जा कर लिया। क्या आप वहां थे, क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है।

पीठ ने उनसे यह भी पूछा कि बिना किसी सबूत के आप ऐसा बयान क्यों दे रहे हैं और बड़ी बात जो कही वह यह है कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहिए। इस पर हालांकि राहुल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। वहीं सत्ता पक्ष गदगद दिखाई दे रहा है और सुप्रीम कोर्ट की इस फटकार को जो उसने राहुल गांधी को दी है बेहद खुश नजर आ रहा है। संसद की कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा भी कि सर्वोच्च अदालत की ओर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल के बारे में जो टिप्पणी की गई वह सबके लिए सबक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्रीय जनजांत्रिक गठबंधन की बैठक में सदस्यों से कहा कि गलत बात बोलने पर न्यायालय भी चुप नहीं बैठेगा। पीएम का भी यह कहना था कि सबके लिए यह एक सबक है कि आप एक जिम्मेदार नागरिक हैं और कुछ भी अनाप-शनाप बोलकर बच नहीं सकते।

वहीं मंगलवार को विपक्षी दलों की बैठक में भी यह मुद्दा उठा। राहुल गांधी ने खुद इसकी जानकारी दी। इस बैठक में जहां यह सहमति बनी कि सभी जनता के मुद्दों को मिलकर उठाएंगे, वहीं एक न्यायाधीश की टिप्पणी जो राहुल गांधी पर की गई, चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता इस पर बात पर सहमत हुए कि वर्तमान न्यायीधीश ने एक ऐसी टिप्पणी की है जो राजनीतिक दलों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है। कांग्रेस मानती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर टिप्पणी करना राजनीतिक दलों विशेषकर विपक्ष के नेताओं की जिम्मेदारी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी टिप्पणी पर नाराजगी यह कहकर जताई कि वह माननीय जजों का पूरा सम्मान करती हैं, लेकिन साथ ही वह कहना चाहती हैं कि वह यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बातों का गलत मतलब निकाला गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि राजनेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं और व्यवहारिक मुद्दों के सबूतों को जुटाना तुरंत संभव भी नहीं होता। इससे उन्हें बचना चाहिए।

### जज तय नहीं करेंगे, कौन सच्चा भारतीय



सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है, सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है, मेरा भाई राहुल गांधी कभी भी भारतीय सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है, भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया, राहुल गांधी के एक सच्चे भारतीय और राष्ट्रवादी नेता हैं। सुप्रीम कोर्ट के माननीय जज इस तरह के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करें कि सरकार से सवाल उठाना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है।

**-प्रियंका गांधी**
**कांग्रेस महासचिव**

## अपनी स्पष्टवादिता के लिए याद रहेंगे सत्यपाल मलिक



वीरेश तरार



भारतीय राजनीति में आज एक युग का पटाक्षेप हो गया। विचारधारा, ईमानदारी और जनसंवेदनशीलता की प्रतीक छवि बन चुके सत्यपाल मलिक अब हमारे बीच नहीं रहे। आज दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर दिल्ली के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लगभग छह महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे, और लंबे समय से जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे थे। एक दौर ऐसा भी आया जब उनके निधन की अफवाहों ने जोर पकड़ा, लेकिन तब वे जीवन की लौ बचाए रहे। आज वह लौ बुझ गई . और साथ ही भारतीय लोकतंत्र का एक मुखर, निर्भीक और नैतिक स्वर ओझल हो गया।

सत्यपाल मलिक का जीवन केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के भीतर जनता की आवाज को पहुंचाने का जीवंत प्रयास था। छात्र राजनीति से उन्होंने अपना आरंभ किया और मेरठ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अपने साहस, तर्क और संगठन क्षमता का परिचय दिया। उनके जीवन का निर्णायक मोड़ तब आया जब वे चौधरी चरण सिंह के सानिध्य में आए। उन्होंने आपातकाल के काले दौर में न केवल विरोध का स्वर उठाया, बल्कि जमीनी संगठन को उस अंधकार में नई रोशनी देने का कार्य किया।

साल 1977 का जनादेश केवल चुनावी परिवर्तन नहीं था, वह एक क्रांति थी और उस क्रांति को गांव-गांव, गली-गली पहुंचाने वालों में सत्यपाल मलिक का नाम अग्रणी था। जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब मलिक ने अपने संगठन कौशल से लोगों को जोड़ा। जनता पार्टी को मजबूती देने में, न केवल युवाओं को साथ लाने में बल्कि उन लोगों को भी जो उस समय तक सत्ता से असहमत होकर किनारे बैठ गए थे, उन्होंने जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह उनकी सांगठनिक दृष्टि का ही परिणाम था कि उन्होंने अलग-अलग धाराओं को एक मंच पर लाने में भूमिका निभाई। स्वयं चौधरी चरण सिंह ने उन्हें राजनीतिक पुत्र की उपाधि दे रखी थी, लेकिन बाद में परिस्थितियां बदली और मलिक को विरासत ही नहीं पार्टी से भी बाहर होना पड़ा। यहां तमाम दावे और प्रतिदावे उन हालात को लेकर सियासी गलियारों मे किए जाते रहे, लेकिन सत्यपाल मलिक स्वयं इस मुद्दे पर खामोश ही रहे। जीवन भर चौ चरणसिंह को वे अपना आदर्श मानते रहे।

सत्यपाल मलिक का चौधरी चरण सिंह से जुड़ाव केवल अवसरवादी नहीं था। वह वैचारिक था, जीवनपर्यंत बना रहा। वे जब भारतीय जनता पार्टी में रहे तब भी 'किसान', 'गांव' और 'गांधी-लोहिया-चरण' के मूल्यों को अपने वक्तव्यों और आचरण में प्रमुखता देते रहे। वे जब समाजवादी पार्टी से राज्यसभा पहुंचे, तब भी उन्होंने चरण सिंह के नाम और विचारों को कभी पीछे नहीं छोड़ा।

बाद के वर्षों में जब राजनीति ने विचारों की जगह सत्ता समीकरणों को वरीयता देनी शुरू की, तब भी मलिक अलग दिखते थे। वे कभी मीडिया में 'फ्लैश' नेता नहीं रहे, लेकिन संसद और सार्वजनिक मंचों पर उनकी बात गूंजती थी। उनके भीतर का छात्र नेता, वक्ता और सिद्धांतवादी। इन तीनों का समन्वय उन्हें विशिष्ट बनाता रहा।

संवैधानिक पद पर पहुंचने के बाद भी वे सत्ता से प्रश्न पूछते रहे। जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल रहते हुए जब पीडीपी-भाजपा सरकार टूटी, तब उन्होंने विधानसभा भंग की। बाद में यह खुलासा किया कि उन्होंने ऐसा राजनीतिक खरीद-फरोख्त को रोकने के लिए किया था। पुलवामा हमले के संदर्भ में उन्होंने वह बात कही जो कोई अन्य नहीं कह सका कि अगर वायुसेना ने सुरक्षा के लिए मांगे गए विमान दे दिए होते, तो हमारे चालीस जवान शहीद न होते। यह केवल साहस नहीं था, बल्कि संवैधानिक ईमानदारी की पराकाष्ठा थी।

जब केंद्र सरकार ने कृषि कानून लाए और देशभर के किसान आंदोलित हुए, तब वे उस समय मेघालय के राज्यपाल थे। इसके बावजूद उन्होंने किसानों के पक्ष में खड़ा होना चुना। कहा कि यह सरकार किसान नहीं, पूंजीपतियों की है। अडानी-अंबानी के कहने पर फैसले हो रहे हैं। सत्ता में रहते हुए सत्ता से टकराने वाला यह साहस आज के दौर में दुर्लभ है। वह जीवन के अंतिम वर्षों में किसी दल विशेष से नहीं जुड़े रहे, लेकिन विचारों की राजनीति में उनका स्थान ऊपर रहा। वे सार्वजनिक मंचों पर, विश्वविद्यालयों में, किसान सम्मेलनों में लगातार सक्रिय रहे। पत्रकारों से बात करते हुए या जनसभाओं में, वे वैचारिक गिरावट और जनविरोधी राजनीति के खिलाफ अपने स्वर को कभी मंद नहीं होने देते थे। उनकी सबसे बड़ी खासियत थी स्पष्टवादिता। वे न तटस्थ रहते थे, न मौन। उन्हें सत्ता की चुप्पी से चिढ़ थी और जनता की चुप्पी से डर। इसीलिए वे हमेशा बोले कभी किसान के लिए, कभी सैनिक के लिए, कभी विश्वविद्यालय के छात्र के लिए। आज जब वे नहीं रहे, तो केवल एक राजनेता का जाना नहीं हुआ। यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना में एक सच्चे प्रहरी का वियोग है। वह जो सत्ता में रहकर भी सत्ता की आलोचना करता था, जो राज्यपाल होकर भी किसानों के साथ खड़ा होता था, जो पद से नहीं विचार से बड़ा था।

सत्यपाल मलिक का जीवन हम सबके लिए एक प्रश्न है। क्या राजनीति अब भी विचारों के लिए बची है? क्या हम ऐसे लोगों की बात सुनना चाहते हैं जो बोलने का जोखिम उठाते हैं? शायद उनके निधन के बाद हम यह प्रश्न खुद से ज्यादा ईमानदारी से पूछ सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## स्मार्टफोन बना बैक्टीरिया का घर

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**

अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं । सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

## एक उम्मीदः टूटते हुए रिश्ते में भी बन सकती है बात

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।



**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## ट्रम्प ने कहा, भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं

# रूस से तेल खरीदने का मतलब युद्ध मशीन को ईंधन देना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे भारत पर 24 घंटे के भीतर और ज्यादा टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को बिजनेस चैनल सीएनबीसी को दिए टेलीफोनिक इंटरव्यू में कहा कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुता. बिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं।

ट्रम्प का कहना है कि भारत अमेरिका से बहुत ज्यादा व्यापार करता है, लेकिन अमे. रिका को भारत से उतना फायदा नहीं मिलता। इसीलिए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, यह 7 अगस्त 2025 से लागू हो जाएगा, लेकिन वे इस टैरिफ को अगले 24 घंटों के भीतर और बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार संतुलन नहीं है और भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की



जरूरत है। ट्रम्प ने कहा कि भारत के टैरिफ किसी भी देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा था कि भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रम्प ने कहा भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमे. रिका का व्यापार घाटा है। उन्होंने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए 1977 के एक कानून का हवाला दिया, जिसके जरिए उन्होंने अपने व्यापक आयात करों को उचित ठहराया।

## अमेरिका में ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला खेलों के लिए नहीं मिलेगा वीजा, ट्रम्प का बड़ा फैसला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार रूप से अमेरिकी वीजा को लेकर नए और सख्त कानून लाने की प्रक्रिया तेज कर चुके है। जहां अब वीजा ओवरस्टे के बाद ट्रम्प प्रशासन ने खेल वीजा को लेकर भी एक नया नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत बताया गया है अब ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिलाओं के खेलों में हिस्सा लेने के लिए वीजा नहीं मिलेगा। प्रशासन के अनुसार इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं के खेलों में केवल महिला खिलाड़ी ही भाग लें। इस नए नियम को अमेरिकी की नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईसी) ने जारी किया है। बता दें कि यह नया नियम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश कीप मेन आउट वूमेन स्पोर्ट्स (पुरुषों को महिलाओं के खेलों से बाहर रखें) के अनुसार बनाया गया है।



नई दिल्ली। हैदराबाद में बैठक से पहले फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## फिलीपींस को पहलगाम हमले की निंदा के लिए मोदी ने दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारत और फिलीपींस ने अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने इस साझेदारी से अधिक से अधिक परिणाम हासिल करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही राष्ट्रपति की यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनयिक संबंध भले ही नए हैं, लेकिन हमारी सभ्यताओं के संपर्क बहुत प्राचीन काल से

**भारत-फिलीपींस संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देंगे**

हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति मार्कोस के साथ आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को सामरिक भागीदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि आज हमने अपने संबंधों को साम. रिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। इस साझेदारी से पैदा होने वाले अवसरों को परिणामों में परिवर्तित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी बनाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदीप आर्य भूटान में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** संदीप आर्य को भूटान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। आर्य भारतीय विदेश सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। वह अभी वियतनाम में भारत के राजदूत हैं। उन्हें वर्ष 2022 में वियतनाम का राजदूत नियुक्त किया गया था। आर्य को सुधाकर दलेला की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार आर्य के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

### अफगानिस्तान में ड्रग्स तस्करी में सात लोग गिरफ्तार

**काबुल।** पुलिस ने पूर्वी अफगानिस्तान के लघमान प्रांत में मादक पदार्थों की तस्करी और स्थानीय लोगों को मादक पदार्थ बेचने के जुर्म में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रांतीय पुलिस की और से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कि आरोपी तस्कर कई प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी बिक्री में लिप्त थे। इनमें मैथमफेटामाइन, स्टीमुलेंट टैबलेट जैसे मादक पदार्थ शामिल हैं।

### जापान के गुनमा में रिकॉर्ड-तोड़ गर्मी, पारा 41.6 डिग्री हुआ

**टोक्यो।** जापान में इसेसाकी शहर के गुनमा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर 41.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो अब तक का एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, आधिकारिक आंकडों में ये देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

## ब्राजील देगा अमेरिकी आयात शुल्क को चुनौती

**ब्रासीलिया।** ब्राजील विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नए लगाए गए अमेरिकी आयात शुल्क को औपचारिक रूप से चुनौती देने की तैयारी कर रहा है, साथ ही बातचीत के रास्ते भी खुले रखे हुए है।

ब्राजील के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बुधवार से लागू होने वाले कॉफी, बीफ और पेट्रोकेमिकल्स सहित ब्राजील के कई वस्तुओं के निर्यातों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आया है। यह ब्राजील के अमे. रिका को होने वाले लगभग 35 प्रतिशत निर्यात को प्रभावित करता है, हालांकि ऊर्जा उत्पादों और कुछ खनिजों जैसे प्रमुख उत्पादों को इससे बाहर रखा गया है। ब्राजील के विदेश व्यापार चैंबर ने कल डब्ल्यूटीओ के साथ

**सरकार प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत भी जारी रखेगी**

औपचारिक परामर्श शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जो विवाद निपटान प्रक्रिया का पहला कदम है। चैंबर की मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा को भेज दिया है, जो यह तय करेंगे कि व्यापार निकाय के समक्ष शिकायत 'कैसे और कब' प्रस्तुत की जाएं। उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने कहा कि उनका देश नए आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रहा है और रणनीतियों के समन्वय के लिए कृषि व्यवसाय प्रतिनिधियों से पहले ही मिल चुका है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत भी जारी रखेगी।

## अमेरिका में कच्चे दूध में जीवाणु संक्रमण से 21 लोग बीमार

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में फ्लोरिडा के एक फार्म से प्राप्त कच्चे दूध में जीवाणु संक्रमण से कम से कम 21 लोगों के बीमार पड़ने के बाद राज्य प्रशासन ने स्वास्थ्य चेता. वनी जारी की है। अमेरिकी मीडिया ने सोमवार को बताया कि दक्षिण-पूर्वी राज्य फ्लोरिडा के इस फार्म से प्राप्त कच्चे दूध में ई- कोलाई और कैम्पिलोबैक्टर बैक्टीरिया से संक्रमित 21 लोगों की पुष्टि हुई है, जिनमें 10 साल से कम उम्र के छह बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपाश्चुरीकृत दूध नहीं पीने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार बैक्टीरिया संक्रमित सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर हैं। फ्लोरिडा के स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को कच्चा दूध नहीं पीने की सलाह दी है।

# अमेरिका भी तो रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा

## ट्रम्प की टैरिफ बढ़ाने की धमकी पर भारत बोला, जयशंकर ने कहा: एक देश का दबदबा नहीं चलेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को भारत पर 'और ज्यादा टैरिफ' लगाने की धमकी दी जिसके बाद भारत ने पहली बार अमेरिका का नाम लेकर खुलकर जवाब दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को परवाह नहीं है कि रूस के हमले में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इसलिए, मैं भारत पर टैरिफ को बढ़ाने जा रहा हूं।

इसके जवाब में भारत ने रूस से अमेरिका और यूरोपीय यूनियन (ईयू) को होने वाले निर्यात का आंकड़ा जारी कर कहा कि अमे. रिका अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। यही हाल ईयू का है। ऐसे में भारत को निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत को निशाना बनाना गलत है। हम अपने राष्ट्रीय हितों के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की व्यवस्था में



**भारत के आयात का मकसद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा मुहैया कराना**

अब किसी एक का दबदबा नहीं चलेगा। भारत ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद अमे. रिका ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट की स्थिरता को मजबूत करने के लिए रूस से भारत के तेल आयात को प्रोत्साहित किया था। भारत के आयात का मकसद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा मुहैया कराना है। भारत की आलोचना करने वाले वही देश खुद रूस के साथ व्यापार में कर रहे हैं। 2024 में यूरा. पीय संघ का रूस के साथ वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 67.5 बिलियन यूरो था। यह रूस के साथ भारत के कुल व्यापार से काफी अधिक है। यूरोप-रूस व्यापार में न केवल ऊर्जा, बल्कि उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा और इस्पात, मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है वो खुद अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात कर रहा है। इस लिहाज से भारत को निशाना बनाना गलत है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा।

## बांग्लादेश सरकार हसीना के घर को बनाएगी म्यूजियम

### 15 साल से इस घर में रहीं पूर्व पीएम, पिछले साल यहां तोड़फोड़-लूटमार हुई थी

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुराने आधिकारिक घर 'गणभवन' को म्यूजियम में बदलने का फैसला किया है। इसे 'जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय' कहा जाएगा। शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान ने इस घर को फिर से बनवाया था।

इससे पहले इस जगह को एस्टेट राजबाड़ी के नाम से जाना जाता था। गणभवन राजधानी ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर में है, जो संसद भवन के पास है। बांग्लादेश सरकार इसे देश के नेता के आधिकारिक घर के तौर पर इस्तेमाल करती थी। शेख हसीना 2010 में यहां रहने आई थीं और 5 अगस्त 2024 तक यानी 15 साल यही उनका घर रहा। पिछले साल उनके तख्तापलट के कुछ देर बाद ही यहां तोड़फोड़ और लूटमार शुरू हो गई थी। प्रदर्शनकारी शेख हसीना के घर पर चढ़



**शेख हसीना 2010 में यहा रहने आई थी और पांच अगस्त 2024 तक रही**

गए थे। भीड़ ने यहां से साड़ियां, सजावटी सामान, घड़ियां, सोफे, लग्जरी हैंडबैग, टेलीविजन, मछलियां और यहां तक कि महिलाओं के कपड़े तक लूट लिए थे। सोशल मीडिया पर लूट की तस्वीरें वायरल हो गईं थीं। बाद में अधिकारियों ने दावा किया कि लूटा गया सामान वापस कर दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली अंतरिम सरकार ने गणभवन को शेख हसीना के कुशासन की निशानी बताते हुए इसे म्यूजियम बनाने की घोषणा की। यह म्यूजियम पिछले साल की हिंसा में मारे गए प्रदर्शनकारियों की याद में बनाया जा रहा है। बांग्लादेश के संस्कृति मंत्रालय ने इस म्यूजियम के मैनेजमेंट के लिए 200 पदों का प्रस्ताव दिया है। बांग्लादेश में बीते एक साल से लगातार शेख हसीना और उनके पिता से जुड़ी कई निशानियों पर हमला किया जा रहा है। बीते 12 महीने में शेख मुजीब की मूर्ति को तोड़ा गया और कई सार्वजनिक स्थानों पर लगी नेमप्लेट को भी हटा दिया गया। इसके अलावा स्कूल की किताबों में उनसे जुड़े कई चैप्टर को बदला गया और नोट पर लगी तस्वीरों को भी हटा दिया गया। अंतरिम सरकार ने आजादी और संस्थापक से जुड़े दिनों की 8 सरकारी छुट्टियां भी कैंसिल कर दी थी।

## ट्रम्प से गाजा युद्ध समाप्त करने को मांगी मदद

**यरूशलम।** इजरायल के लगभग 600 सेवानिवृत्त सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह ने अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर इज़रायल गाज़ा युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा कि 'हमारा पेशेवर दृष्टिकोण है कि हमास अब इज़रायल के लिए कोई रणनीतिक खतरा नहीं है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि अधिकांश इज़रायलियों के बीच आपकी विश्वसनीयता पीएम नेतन्याहू और उनकी सरकार को सही दिशा में ले जाने की आपकी क्षमता को बढ़ाती है: युद्ध समाप्त करें, बंधकों को वापस करें और पीड़ा को रोकें। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष पूर्व इज़रायली अधिका. रियों की यह अपील हमास और

**इजरायल के लगभग 600 सेवानिवृत सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह ने लिखा पत्र**

इस्लामिक जिहाद के उग्रवादियों द्वारा दो इज़रायली बंधकों के वीडियो जारी किए जाने के बाद आई है। इज़रायल और पश्चिमी नेताओं ने इन वीडियो की व्यापक निंदा की। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायल में हमास के हमले के बाद इज़रायल ने गाज़ा में युद्ध छेड़ दिया। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 लोगों को बंधक बनाकर गाज़ा ले जाया गया। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि तब से गाज़ा में इज़रायल के सैन्य अभियान के कारण 60,000 से जयादा लोग मारे गए हैं।

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
Betamethasone, Clindamycin & Nicotinamide Cream
ROOP RAKSHAK
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
ROOP RAKSHAK
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

# कोई भी टैरिफ युद्ध इतिहास नहीं बदल सकता

## 'जो होना है वो होगा', अमेरिकी धमकी पर रूस का बयान

**मॉस्को।** रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया है। अब सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ की दर बढ़ाने की धमकी दी।

अब इस पर रूस की सरकार का बयान भी आ गया है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने अमेरिका द्वारा रूस के सहयोगी देशों पर लगाए जा रहे टैरिफ और प्रतिबंधों की तीखी आलोचना की। रूसी विदेश मंत्रालय ने इसे नव-उपनि. वेशवादी एजेंडा करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के चलते आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। जब मारिया जाखारोवा से पूछा गया कि अमेरिका ने वैश्विक दक्षिण के रूस के सहयोगी देशों पर टैरिफ दर बढ़ा दी है तो अमेरिका की इस नीति को आप कैसे देखते हैं? इस पर मारिया



**लैटिन अमेरिका में हमारे रणनीतिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है**

जाखारोवा ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रतिबंध आज के समय की हकीकत है, जिसका असर पूरी दुनिया के देशों पर पड़ा है। अमे. रिका अपने घटते प्रभुत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहा है और अब दुनिया में बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था उभर रही है, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका नव-उपनिवेशवाद एजेंडा चला रहा है। राजनीति से प्रेरित होकर उन देशों पर आर्थिक दबाव बना रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्वतंत्र होकर फैसले ले रहे हैं।श्रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि श्यह कदम मुक्त व्यापार के उन सिद्धांतों का ही उल्लंघन है, जिसकी वकालत पश्चिमी देश ही करते थे। अब संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है और मनमाने तरीके से टैरिफ और प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लैटिन अमेरिका में हमारे रणनी. तिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है। अमेरिका की यह कार्रवाई दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल की कोशिश है। इन चिंताओं के अलावा वैश्विक आर्थिक विकास के भी धीमा होने, आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने का भी खतरा है। रूस ने कहा कि हमारा विश्वास है कि कोई भी टैरिफ युद्ध या प्रतिबंध इतिहास के प्राकृतिक घटनाक्रम को नहीं रोक सकता।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108